

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 मैच खेलने से बेहतर अभ्यास कुछ भी नहीं....हेजलवुड

शांति मिशनों में भारत सबसे आगे..यूएन शांति प्रमुख बोले 12



वर्ष : 16 | अंक : 26 | नई दिल्ली,शनिवार, 31 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# जो वादा करके यहां से गया था उसे पूरा करके लौटा हूं पीएम मोदी बिहार के काराकाट में गरजे

**प्रातः किरण /एजेंसी**

काराकाट(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के काराकाट में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ जो संकल्प बिहार की धरती से लिया था, उसे निभाकर ही आज फिर यहां आया हूं। दो दिवसीय बिहार दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी ने जनसभा में हजारों लोगों की उपस्थिति के बीच केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और विपक्ष पर निशाना साधा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि बिहार के प्यार को मैं हमेशा सर-आंखों पर रखता हूं। आज मुझे इस पवित्र भूमि पर विकास की नई गति देने का सौभाग्य मिला है। करीब 48,520 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। यह सिर्फ आंकड़े नहीं, बिहार की आकांक्षाओं की पूर्ति का संकल्प है।

इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार की धरती से उन्होंने देश को वादा किया था कि आतंकवादियों को उनकी सोच से भी बड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा, कि आज जब फिर बिहार आया हूं, तो अपना वादा निभाने के बाद आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में भारत की जो ताकत दुश्मन ने देखी है, वो सिर्फ एक शुरूआत है। अगर आतंक का फन फिर उठेगा, तो भारत उसे बिल से खींचकर कुचलेगा।



**नक्सलवाद पर भी बोला हमला**

प्रधानमंत्री मोदी ने काराकाट, सासाराम, कैमूर जैसे इलाकों में पहले नक्सलवाद के भय का जिक्र करते हुए कहा कि अब हालात बदल चुके हैं। कभी इस क्षेत्र में नक्सली खौफ के प्रतीक थे। आज वही गांव अस्पताल, सड़क, बिजली और मोबाइल टावर की सुविधा से जुड़ चुके हैं। हमने हिंसा के नेटवर्क को ध्वस्त किया है और विकास का नया रास्ता खोला है। उन्होंने कहा, कि स्कूल जलाए जाते थे, सड़क बनाने वालों की हत्या होती थी। लेकिन आज हम संविधान और लोकतंत्र के रास्ते विकास की दिशा में आगे बढ़े हैं।

पीएम मोदी ने मंच से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी सराहना की और कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी राज्य के विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास किए। सभा के अंत में प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें निभाने का माद्दा भी रखती है। बिहार की धरती पर जो कहता हूं, उसे निभाकर लौटता हूं। देश को झुकने नहीं देंगे, और दुश्मनों को चैन से बैठने नहीं देंगे।

## पीएम मोदी ने बिहार को दी हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

रोहतास। पीएम नरेंद्र मोदी दो दिन के बिहार के दौरे पर हैं। दौरे के पहले दिन उन्होंने पटना में नए एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन किया। साथ ही बिहटा में नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की शुरूआत की। उन्होंने पटना में रोड शो भी किया। बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के सांसदों, विधायकों और अन्य सदस्यों के साथ बैठक की। शुक्रवार को दौरे के दूसरे दिन वे काराकाट लोकसभा क्षेत्र के बिक्रमगंज में एक रैली को संबोधित कर रहे हैं। यहां पीएम मोदी ने बिहार को 48 हजार 520 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी।इससे पहले पीएम मोदी हेलीकॉप्टर से बिक्रमगंज पहुंचेंगे। रैली के लिए बिक्रमगंज के दुगार्डीह में 444 एकड़ में पंडाल बनाया गया। पीएम मोदी की रैली को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। बीजेपी को उम्मीद है कि इस रैली से पार्टी को चुनाव में फायदा होगा। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहता हूं।इस रैली से पीएम मोदी ने शाहाबाद क्षेत्र की 22 विधानसभा सीटों पर ध्यान केंद्रित किया। इन सीटों में कैमूर, रोहतास, बक्सर और भोजपुर जिले शामिल हैं। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बीजेपी और एनडीए को इन सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। पीएम मोदी ने नेताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाएं और सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि हमें जनता का विश्वास जीतना है। साथ ही बिहार में विकास की गति को और तेज करना है।पीएम मोदी ने बिहार को तोहफा दिया है। उन्होंने 48520 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं में हाईवे, रेलवे और बिजली से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर इन परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने बिहार के लोगों को प्रणाम करते हुए अपना भाषण शुरू किया। पीएम मोदी ने कहा कि सासाराम के नाम में ही राम हैं। उन्होंने श्रीराम के वचन निभाने के महत्व पर जोर दिया।पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने आतंकियों के आकाओं को मिट्टी में मिलाने का वादा किया था और अब वे अपना वचन पूरा करके बिहार वापस आए हैं।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा

# आतंकवादी हमले के 96 घंटों के भीतर नौसेना ने कर ली थी पूरी तैयारी

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली। हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान भारत की तीनों सेनाओं ने अपने पराक्रम को दिखाया। जहां भारतीय वायुसेना ने हवा से पाकिस्तान पर कहर बरपाया। वहीं भारतीय नौसेना ने पानी के जरिए शिकंजा कस रखा था। भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बार-बार कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

इस बीच रक्षा मंत्री सिंह की एक तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में रक्षा मंत्री सिंह भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल युद्धपोत आईएनएस विक्रांत पर सवार दिख रहे हैं और फोटो में नौसेना के अधिकारी और जवान भी दिख रहे हैं।

उन्होंने कहा, समुद्र में तैनात हमारे वेस्टर्न फ्लीट शिप ने आतंकवादी हमले के 96 घंटों के भीतर, वेस्टर्न और ईस्टर्न कोस्ट पर सरफेस टू सरफेस और सरफेस टू एअर मिसाइलें और टारपीडो से कई सफल फायरिंग की।



इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, आईएएनएस विक्रांत पर अपने जाबांज नेवी के जवानों के बीच आकर मुझे खुशी हो रही है। मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव है, कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता।उन्होंने कहा, आज मैं यहां केवल रक्षा मंत्री के नाते नहीं आया हूं, बल्कि मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं। मैं आपके समर्पण को नमन करने, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं।

**पाकिस्तान दुनिया के सामने गिड़गिड़ाया**

केंद्रीय रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, मात्र कुछ ही समय में हमारी सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लगा।

# पुंछ पहुंचे गृह मंत्री शाह ने कहा

## आतंकवाद का जवाब सटीक और कठोर दिया जाएगा

➤ **प्रभावितों से मिल कर बंधाया ढांढस**

**प्रातः किरण /एजेंसी**

पुंछ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुंछ में गोलाबारी से प्रभावित नागरिकों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और पाकिस्तान के कायराना हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत की नीति स्पष्ट है, आतंकवाद का जवाब सटीक और कठोर तरीके से दिया जाएगा।

पुंछ में लोगों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा, कि पाकिस्तान ने निर्दोष नागरिकों और धार्मिक स्थलों पर हमला किया। इस हमले में कई लोग हताहत हुए हैं, और यह भारत की आत्मा पर प्रहार था। मगर भारत ने पहली बार पीओके और पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त कर करारा जवाब दिया। गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारत ने केवल आतंकियों पर हमला किया, लेकिन पाकिस्तान ने इसे अपने ऊपर हमला माना और दुनिया के सामने खुद को आतंकियों का संरक्षक साबित कर दिया। भारतीय सेना ने सटीकता से हमला कर पाकिस्तान के नौ हवाई अड्डों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे पाकिस्तान को पीछे हटना पड़ा।



केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने पुंछ में क्षतिग्रस्त घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों का जिक्र करते हुए कहा, कि भारत सरकार जल्द ही प्रभावित व्यवसायों के लिए राहत पैकेज लाएगी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का विकास न थमेगा, न रुकेगा। 2014 के बाद जिस गति से विकास हुआ है, वही रफ्तार आगे भी कायम रहेगी।सेना को सलाम करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा, कि भारत की सेनाएं हर प्रकार की चुनौती से निपटने में सक्षम हैं। यदि दुश्मन फिर से आतंक का फन उठाने की कोशिश करेगा, तो भारत उसे कुचलने में देर नहीं करेगा। देश की जनता, सरकार और सेना चट्टान की तरह एकजुट हैं।

गृह मंत्री शाह के दौरे और वक्तव्य से साफ है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है। पुंछ के लोगों के जज्बे और धैर्य की तारीफ करते हुए शाह ने भरोसा दिलाया कि सरकार उनके पुनर्वास और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## छात्रों के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला, नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में होगी

नई दिल्ली। नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित होगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इसका आदेश दिया। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। याचिका दाखिल करने वाले छात्रों का कहना था कि 2 शिफ्ट में परीक्षा से मुख्य पेपर के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए नंबर्स में भी फर्क आ जाता है। दरअसल नीट पीजी एग्जाम 15 जून को होना है जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होने है। इसकारण सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है। बेंच ने कहा कि ये तर्क माना नहीं जा सकता कि एग्जाम कराने के लिए एनबीई (नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन) को पर्याप्त सेंटर नहीं मिले। 2 शिफ्ट में परीक्षा कराना ठीक नहीं है। दो पेपर्स का डिफिकल्टी लेवल कभी एक जैसा नहीं हो सकता। नॉर्मलाइजेशन का इस्तेमाल एक्सेप्शनल केसेज में होना चाहिए, न कि रूटीन परीक्षाओं में। इस साल का एग्जाम 15 जून को होना है। अभी भी एग्जामिनेशन बॉडी तय करने और सेंटर्स चुनने के लिए 2 सप्ताह से ज्यादा का समय बाकी

# आतंकियों की मौत पर आंसू बहाने वाले कोलंबिया को शशि थरूर ने खूब सुनाई खरी-खरी

**प्रातः किरण /एजेंसी**

बोगोटा(ईएमएस)। पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त करने वाला भारत का ऑपरेशन सिंदूर आज पूरी दुनिया में चर्चित है। इस ऑपरेशन में करीब 100 आतंकी ढेर हुए थे। इस पर कोलंबिया ने आंसू बहाते हुए दुख जताया था। भारत सरकार और कांग्रेस सांसद शशि थरूर को यह बात नागवार गुजरी। शुक्रवार को जब थरूर भारती सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए कोलंबिया में अपनी बात रख रहे थे तो उन्होंने आतंकियों के लिए शोक जताने को लेकर नाराजगी जताई और खरी-खरी सुना दी। थरूर इस समय पांच देशों के दौरे पर एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे हैं।



कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में मीडिया को संबोधित करते हुए थरूर ने कहा, हम कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया से थोड़े निराश हैं। उन्होंने पाकिस्तान में मारे गए आतंकवादियों को लेकर शोक जताया था। लेकिन आतंकवाद से पीड़ित लोगों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई। उन्होंने जोर देकर कहा, जो आतंकियों को भेजते हैं और जो उनका मुकाबला करते हैं, उनके बीच कोई नैतिक समानता नहीं हो सकती। हम केवल आत्मरक्षा का अधिकार निभा रहे हैं। अगर यहां इस मुद्दे पर कोई गलतफहमी है, तो हम उसे दूर करने आए हैं। थरूर ने आगे कहा कि भारत की कार्रवाई पूरी तरह रक्षात्मक और वैध थी। उन्होंने कहा, हम अपने कोलंबियाई मित्रों से विस्तार में बात करना चाहते हैं और भारत की स्थिति स्पष्ट करना चाहते हैं।

कोलंबिया में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कोलंबिया में भारत के राजदूत वनलालहुमा ने प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को व्यक्त करने के लिए एक सार्थक जुड़ाव की शुरूआत हुई। बोगोटा में अपने प्रवास के दौरान प्रतिनिधिमंडल कोलंबिया की कांग्रेस के सदस्यों, मंत्रियों और थिंक टैंक तथा मीडिया में अन्य प्रमुख वार्ताकारों के साथ बातचीत करेगा।

# सुप्रीम कोर्ट को मिले तीन नए जज

## चीफ जस्टिस गवई ने दिलाई शपथ

■ **कॉलेजियम ने की थी सिफारिश, अब न्यायाधीशों की संख्या 34 हुई**

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एन वी अंजनिया, जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गई है। बता दें 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने इन तीनों जजों की नियुक्ति की सिफारिश की थी, जिसे बाद में केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी थी। इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से अधिसूचना भी जारी की गई थी।

न्यायमूर्ति एन वी अंजनिया पूर्व में कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई पूर्व में गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर पूर्व में बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे। जस्टिस अंजनिया का कार्यकाल 23 मार्च 2030 तक रहेगा जस्टिस बिश्नोई का कार्यकाल 25 मार्च 2029 तक और जस्टिस चंदुरकर का कार्यकाल 7 अप्रैल, 2030 तक रहेगा।न्यायमूर्ति अंजनिया का जन्म 23 मार्च, 1965 को अहमदाबाद में हुआ। उन्होंने 1989 में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, अहमदाबाद से कानून में मास्टर डिग्री हासिल की थी। उन्होंने 1988 में गुजरात हाईकोर्ट में अपने वकालत के करियर की शुरूआत की। न्यायमूर्ति अंजनिया ने 25 फरवरी, 2024 को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। इससे पहले उन्हें 21 नवंबर, 2011 को गुजरात हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद छह सितंबर 2012 को उन्हें स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया।26 मार्च, 1964 को जोधपुर में जन्मे न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई ने 1989 में वकालत शुरू की थी। बिश्नोई ने 5 फरवरी 2024 को गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उन्हें 8 जनवरी, 2013 को राजस्थान हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया।

# पीएम ने वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से की मुलाकात

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में अपनी धाक जमाई है। इस 14 वर्षीय बल्लेबाज ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से 7 आईपीएल मुकाबलों में 36 की औसत के साथ 252 रन बनाए हैं। इस दौरान सूर्यवंशी ने एक शतक और एक अर्धशतक जड़ा।

राजस्थान रॉयल्स खिताबी रेस से बाहर है। टीम का अभियान 20 मई को ही समाप्त हो चुका है। इसलिए वैभव फिलहाल एक ब्रेक पर हैं। वैभव सूर्यवंशी हाल ही में पटना एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। खुद पीएम के एक्स हैंडल पर मुलाकात की जानकारी दी गई है। पीएम मोदी बिहार के दो दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने इस युवा खिलाड़ी के क्रिकेट कौशल की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा गया, पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है!

उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। वैभव जब अपने माता-पिता के साथ पीएम मोदी से मिले तो उनके पैर भी छुए।

# केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु में भारी बारिश

## जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित, कर्नाटक में 125 साल का रिकॉर्ड टूटा

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली । मानसून की एंट्री के साथ ही दक्षिण भारत में भारी बारिश हो रही है। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु में भारी बारिश से जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। लोगों को जान-माल का भी भारी नुकसान हुआ है। कर्नाटक में 125 साल के इतिहास में पहली बार मई में इतनी अधिक बारिश हुई है।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 125 वर्षों में पहली बार राज्य में मई महीने में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है और 28 जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। सिद्धरमैया ने सभी जिलों के उपायुक्तों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि वे बारिश से जिन क्षेत्रों में क्षति पहुंची है, उनका तुरंत दौरा करें और प्रभावितों को आवश्यक मुआवजा प्रदान करें। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण तीन लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि यहां मोंटेपदावु कोडी में हुए भूस्खलन की चपेट में आने से एक घर के 5 लोग मलबे में दब गए थे। केरल के भी भारी बारिश से व्यापक क्षति की जानकारी सामने आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने केरल के 8 जिलों के लिए ह्यरेड अलर्ट जारी किया है। जिसमें पथनमथिट्टा, अलप्पुझा, कोट्टयम, एनार्कुलम, इडुक्की, त्रिशूर, कन्नूर और कासरगोड शामिल हैं। इसके अलावा राज्य के शेष छह जिलों के लिए ह्यऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



# कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद बोले

## आर्टिकल 370 हटने से खुशहाली आई

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के फैसले की सराहना की। उन्होंने गुरुवार को कहा, कश्मीर में आर्टिकल 370 एक बड़ी समस्या थी। इससे यह धारणा बन गई थी कि कश्मीर देश के बाकी हिस्से से अलग है। यह सरकार की सोच में भी झलकता था।खुर्शीद ने कहा, 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद यह धारणा खत्म हो गई। इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने मतदान लिया। अब कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग कश्मीर में आर्टिकल 370 फिर से बहाल करवाना चाहते हैं। वे कश्मीर में आई खुशहाली नहीं देखना चाहते।



## संक्षिप्त समाचार

### मां के साथ दंडवत यात्रा पर निकले सुंदरपुर के जयदेव साना

**गदरपुर, एजेंसी।** सुंदरपुर निवासी 25 वर्षीय जयदेव साना ने 26 मई को रामबाग मंदिर से केदारनाथ धाम की दंडवत यात्रा की शुरूआत की। यात्रा में उसकी 60 वर्षीय मां आशा भी साथ चल रही हैं। जयदेव साना ने



बताया कि गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा और उनकी बेहतर देखरेख की कामना के साथ उन्होंने केदारनाथ धाम की दंडवत यात्रा शुरू की है। कहा बाबा केदारनाथ के आशीर्वाद से उनकी यात्रा करीब पांच माह में पूरी होने की संभावना है। गदरपुर पहुंचने पर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर ने सभासदों और व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने पदाधिकारियों के साथ मां-बेटे का स्वागत किया। वहां महामंत्री संदीप चावला, राहुल अनेजा, संजीव अरोरा, राकेश गुंबर, मनोज पांडेय, आकाश कोचर आदि थे।

### एसएसबी परिसर में लगा आपातकालीन बचाव व परामर्श शिविर

**सितारगंज, एजेंसी।** 57 वीं वाहिनी मुख्यालय परिसर में कमांडेंट मनोहर लाल के नेतृत्व में हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल के सहयोग से एसएसबी परिसर में आपातकालीन बचाव एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. मुनिब ने जवानों को इमरजेंसी



इवेक्यूएशन की प्रक्रिया और कार्डियक अरेस्ट जैसी गंभीर स्थिति में मरीजों को दिए जाने वाले त्वरित उपायों से अवगत कराया। उन्होंने जवानों को सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया। डॉ. निकहत ने महिलाओं की प्रसूति स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं व दैनिक स्वास्थ्य देखभाल के विषय में सुझाव और परामर्श दिया। कृति शर्मा ने मोटापे से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से अवगत कराते हुए संतुलित आहार के महत्व को समझाया। वहां द्वितीय कमान अधिकारी मनोज कुमार, डॉ. बीबी सिंह, उप कमांडेंट दीपक तोमर, अनिल यादव आदि थे।

### दस दिनी गुरमत ज्ञान सिखलाई शिविर शुरू

केलाखेड़ा, एजेंसी। गुरुद्वारा साहिब में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और उत्तराखंड सिख मिशन धर्म प्रचार कमेटी की ओर से दस दिनी गुरमत ज्ञान सिखलाई शिविर शुरू हो गया है। बुधवार को पहले दिन शिक्षकों ने बच्चों को पंजाबी के 35 अक्षरों और मात्राओं का ज्ञान कराया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के उत्तराखंड प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने बताया कि छह जून तक शिविर शाम चार बजे से छह बजे तक जारी रहेगा। सात को प्रतिभागियों की परीक्षा होगी। शिविर में 50 बच्चों को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पंजाबी साहित्य की निशुल्क धार्मिक पुस्तकें वितरित की गईं। वहां अमरजीत कौर, हरदीप कौर आदि रहे।

### शादी में शामिल होने जा रहे थे, पेड़ से टकराई बाइक; रिसार्ट के शेफ समेत दो की मौत

**हल्द्वानी, एजेंसी।** नैनीताल रोड पर पालीशीट के पास मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार रिसार्ट के शेफ समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एसटीएच पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिए हैं।

ग्राम रामपुर, पाटकोट निवासी 25 वर्षीय रोहित कुमार व अल्मोड़ा के ग्राम रतखाल निवासी 19 वर्षीय विवेक आर्या छोई गांव के एक रिसार्ट में नौकरी करते थे। रोहित रिसार्ट में सेफ बताया जा रहा और विवेक इसी रिसार्ट का कर्मचारी। पुलिस के अनुसार दोनों युवक मंगलवार रात काठगोदाम में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे।

# पंचायत चुनाव को लेकर असमंजस बरकरार, ग्राम के बाद क्षेत्र पंचायतों के प्रशासकों का कार्यकाल समाप्त

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड राज्य में पंचायत चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है. दरअसल, नैनीताल हाईकोर्ट में पंचायत चुनाव को लेकर हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने 15 जुलाई तक चुनाव संपन्न कराए जाने की बात कही थी. जिस दिशा में राज्य सरकार ने तैयारी भी तेज कर दी थी. लेकिन वर्तमान समय में पंचायत चुनाव की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है. इसके इतर प्रदेश के पंचायतों में बिठाए प्रशासकों का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है. ग्राम पंचायत में बिठाए गए प्रशासकों का कार्यकाल 27 मई को समाप्त हो चुका है. क्षेत्र पंचायत के प्रशंसकों का कार्यकाल भी आज 29 मई की रात 12 बजे समाप्त होने जा रहा है.




राज्यपाल की मंजूरी- दरअसल, राज्य में हरिद्वार जिला छोड़ बाकी प्रदेश के 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल पिछले साल नवंबर महीने में समाप्त हो चुका है. लेकिन चुनाव की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण उत्तराखंड सरकार ने पंचायतों को प्रशासकों के हवाले कर दिया था. प्रशासकों का 6 महीने का कार्यकाल बीतने जा रहा है. लेकिन अभी तक पंचायत चुनाव की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है. हालांकि, राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पंचायती राज संशोधन अध्यादेश और एकल सदस्य आरक्षण को राज्यपाल की मंजूरी के लिए राजभवन भेजा था. जिस पर मंजूरी पहले ही मिल चुकी है.

राज्यपाल को भेजा कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव- पंचायती राज संशोधन अध्यादेश और ओबीसी आरक्षण को राजभवन से मंजूरी मिलने के बाद संभावना जताई जा रही थी कि 15 जुलाई तक चुनाव संपन्न कर लिए जाएंगे. क्योंकि पंचायती राज विभाग की ओर से ओबीसी आरक्षण तय किए जाने की कसरत भी शुरू हो गई थी. लेकिन इसी बीच त्रिस्तरीय पंचायत में बैठाए गए प्रशासकों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है. जिसको देखते हुए पंचायती राज विभाग की ओर से 26 मई को प्रशासकों के कार्यकाल को अगले 6 महीने तक बढ़ाई जाने संबंधित प्रस्ताव पर राज्यपाल की मंजूरी के लिए राजभवन भेजा गया. लेकिन अभी तक उस पर मंजूरी नहीं मिल पाई है.

प्रदेश के ग्राम पंचायतों में तैनात प्रशासकों का कार्यकाल 27 मई को समाप्त हो चुका है. क्षेत्र पंचायतों में तैनात प्रशासकों का कार्यकाल 29 मई और जिला पंचायतों में तैनात प्रशासकों का कार्यकाल 31 मई को समाप्त हो रहा है. पंचायतों में प्रशासकों का कार्यकाल ना बढ़ाई जाने और चुनाव की स्थिति स्पष्ट न होने के चलते मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी सवाल उठाती नजर आ रही है.

## नई जेल बनने से बंदी क्षमता में एक हजार की होगी वृद्धि, उच्च न्यायालय के निर्देश पर गृह विभाग ने उठाया यह कदम

**देहरादून, एजेंसी।** राज्य की जिला जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत गृह विभाग इस समय छह स्थानों पर नई जेल निर्माण अथवा जेलों का विस्तार कर रहा है। इनके बनने से जेलों में 978 अन्य कैदियों को रखने की क्षमता बढ़ जाएगी।

राज्य में इस समय नौ जिला व दो उप जेल हैं। इन सभी जेलों में कुल 3741 कैदियों को रखने की क्षमता है। यद्यपि, इन जेलों में हमेशा से ही क्षमता से अधिक कैदी रखे जाते हैं। इनमें सिद्ध दोष व विचाराधीन दोनों तरह के कैदी शामिल होते हैं। इस समय राज्य की जेलों में 5200 से अधिक कैदी हैं। यानी, अभी जेलों में तय क्षमता से लगभग 1500 अधिक कैदी बंद हैं।



कुछ माह पहले यह संख्या सात हजार पार कर गई थी। जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखने से कई प्रकार की परेशानी सामने आ रही हैं। हाईकोर्ट भी इस संबंध में राज्य सरकार को कैदियों को रखने के लिए उचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दे चुका है। इस क्रम में गृह विभाग इस समय जेलों का विस्तार कर रहा है। इस कड़ी में जिला कारागार पिथौरागढ़ का निर्माण पूरा हो चुका है। इसे जल्द क्रियाशील कर दिया जाएगा। यहां 80 कैदी रखे जा सकेंगे। चंपावत में भी नई जेल का निर्माण किया जाना है। यहां 208 कैदियों को रखा जा सकेगा। उत्तरकाशी में भी जेल निर्माण को जमीन चिह्नित की जा चुकी है। हरिद्वार जिला जेल में 50 बंदियों को रखने की क्षमता वाले हाई सिक्यूरिटी बैरक का निर्माण कार्य चल रहा है। जिला जेल देहरादून में 160 कैदियों क्षमता वाली नई जेल का कार्य चल रहा है। ऊधम सिंह नगर में 2000 कैदियों की क्षमता का जिला कारागार प्रस्तावित है। इसके पहले चरण में 480 बंदी क्षमता वाली जेल के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रक्रिया चल रही है। इन सभी पर कार्य होने से मौजूदा जेलों में कैदियों का भार कुछ कम होगा। सचिव गृह शैलेश बगौली का कहना है कि जिला जेलों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। इनके बनने से जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखने की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

## असिस्टेंट प्रोफेसर की पदोन्नति में नहीं जुड़ेंगी संविदा सेवा, शिक्षकों को लगा झटका

**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश में राजकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की पदोन्नति में उनकी संविदा के रूप में पहले की गई सेवा को नहीं जोड़ा जाएगा। ऐसे शिक्षकों को झटका लगा है। नैनीताल हाईकोर्ट ने इस संबंध में राज्य सरकार के पक्ष को सही ठहराते हुए इस संबंध में दायर याचिका निरस्त कर दी।



उच्च शिक्षा विभाग में गणित विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर बिपिन भट्ट ने प्रदेश सरकार के विरुद्ध हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी पूर्व की संविदा सेवा को पदोन्नति में जोड़ने की पैरवी की थी। भट्ट संविदा शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं विभाग को दे चुके हैं। 30 अप्रैल, 2025 को हाईकोर्ट ने इस याचिका पर निर्णय सुनाया। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि याचिकाकर्ता यूजीसी विनियमों के अधीन सभी शर्तों को पूरा नहीं करता है तो उनकी संविदा के रूप में पूर्व में की गई सेवा को पदोन्नति के लिए जोड़ा नहीं जा सकता। यूजीसी रेगुलेशंस, 2018 में कैरियर एडवांसमेंट स्कीम को लेकर इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस संबंध में विभाग ने हाईकोर्ट में पक्ष रखते हुए कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर की पदोन्नति यूजीसी के नियमों के अंतर्गत होती हैं। पूर्व में संविदा शिक्षक के रूप में कार्यरत बिपिन भट्ट पदोन्नति के संबंध में यूजीसी की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने इस याचिका को खारिज करते हुए राज्य सरकार के पक्ष में निर्णय सुनाया।

उधर, हाईकोर्ट की खंडपीठ ने प्रोफेसर पदनाम 11 मई, 2019 के स्थान पर वर्ष 2015 से देने के संबंध में दायर याचिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए दो प्रोफेसर हरि ओम प्रकाश सिंह और विजय प्रकाश श्रीवास्तव पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया। प्रो हरि ओम प्रकाश सिंह बागेश्वर जिले के राजकीय महाविद्यालय दुगनाकुरी में प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। प्रो विजय प्रकाश श्रीवास्तव वाणिज्य विषय में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के ऋषिकेश परिसर में कार्यरत हैं। दोनों प्रोफेसर की ओर से दायर याचिकाओं पर शासन ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा। शासन ने बताया कि वर्ष 2018 में प्रोफेसर पद पर पदोन्नति के लिए दोनों प्रोफेसर ने आवेदन किया था।

तत्कालीन चयन समिति ने उन्हें प्रोफेसर पद के लिए पात्र नहीं पाया। इस कारण वर्ष 2018 में उनका प्रोफेसर पद के लिए चयन नहीं हो पाया। शासन ने यह भी बताया कि यूजीसी नियमों के अंतर्गत पदोन्नति में असफल होने पर एक वर्ष बाद ही पदोन्नति की जा सकती है।

इस नियम के अंतर्गत ही उन्हें वर्ष 2019 में प्रोफेसर पदनाम दिया गया। 14 मई, 2025 को हाईकोर्ट ने निर्णय सुनाते हुए याचिकाओं को खारिज करने के साथ ही दोनों प्रोफेसर पर जुर्माना भी लगाया।

## पत्नी और बच्चों को ससुराल लेने पहुंचे युवक को सालों ने पीटा

**रूड़की, एजेंसी।** दंपती के मनमुटाव में पत्नी और बच्चों को ससुराल लेने गए युवक को सालों ने पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद पीड़ित ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। मौके पर चेतककर्मियों को भेजा गया है।

गंगनहर कोतवाली को पुहाना थाना भगवानपुर निवासी इकखाक ने बताया कि उसकी शादी इस्लामनगर में हुई है। दस दिन पूर्व पत्नी से पारिवारिक विवाद को लेकर मनमुटाव हो गया था। इसके बाद बच्चे और पत्नी ससुराल से मायके आ गए थे। मंगलवार को मनमुटाव कम होने पर वह अपनी पत्नी और बच्चों को ससुराल लेने गया था। तभी सालों ने पीटकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ित ने परिजनों को मारपीट की सूचना दी। इसके बाद पीड़ित पक्ष के लोग भी इस्लामनगर पहुंचे और वहां से घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि दंपती में मनमुटाव चल आ रहा है। मंगलवार को पति अपनी पत्नी और दो बच्चों को ससुराल लेने पहुंचा था। यहां ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद होने पर मारपीट हुई है। तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

## दीपा लोशाली ने नौकरी छोड़ शुरू किया खुद का बिजनेस, आर्थिकी मजबूत कर दूसरों को भी दे रही रोजगार

**हल्द्वानी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत, कई बेरोजगार यूनिट लगाकर आत्मनिर्भर बनकर दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं. इसी क्रम में नैनीताल जिले के हल्द्वानी के फत्ताबंगर की रहने वाली दीपा लोशाली ने लघु उद्योग स्थापित किया है. जिसमें तेल, मसाला और मोटे अनाज के साथ-साथ पहाड़ी उत्पाद की यूनिट लगाई गई है. दीपा लोशाली आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ कई स्थानीय महिलाओं को भी रोजगार दे रही हैं.




दीपा लोशाली लघु उद्योग के माध्यम से हर साल लाखों रुपए कमा रही हैं और वो महिला उद्यमी के रूप में पहचान बना चुकी हैं. दीपा लोशाली ने बताया कि पहले वो एक निजी विद्यालय में पढ़ाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री सृजन रोजगार योजना के तहत उन्होंने 25 लाख रुपए का 25त्न सब्सिडी पर लोन लेकर लघुउद्योग की स्थापना की. जिससे वो आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं. यह नहीं वो अपने यूनिट में मुख्य रूप से पहाड़ के उत्पादित अनाज की पैकेजिंग करती हैं. उन्होंने अपना एक समूह भी तैयार किया है, जिसके माध्यम से महिलाएं उत्पाद को तैयार कर मार्केट में बेचती हैं. दीपा लोशाली ने बताया कि उनके यूनिट में सरसों का तेल, मसाले और सभी प्रकार का आटा तैयार किया जाता है.

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लघु उद्योग की स्थापना के माध्यम से रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है. योजना के तहत लघु उद्योग के लिए अधिकतम 25 लाख रुपए का लोन दिया जाता है. 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति योजना का लाभ उठा सकता है. लाभार्थी अपना आवेदन पर ऑनलाइन कर सकता है या अपने नजदीकी जिला उद्योग केंद्र में जाकर आवेदन कर सकता है. योजना के तहत लाभार्थी को 15त्न से लेकर 35त्न तक की छूट मिलती है. इस योजना से लाभार्थी कम बोझ वाले बैंक ऋण प्राप्त कर अपना रोजगार खोल सकता है.

## 10 हुई नैनीताल हाईकोर्ट के जजों की संख्या, सुभाष उपाध्याय ने पदभार किया ग्रहण

**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष उपाध्याय ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के एडिशनल न्यायधीश के रूप में शपथ ग्रहण की. उन्हें मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. अब उत्तराखंड हाईकोर्ट में अब कुल जजों की संख्या 10 हो गई है. मुख्य न्यायधीश कोर्ट में हुए शपथ ग्रहण समारोह के शुरू में रजिस्ट्रार जनरल कहकशा खान ने राष्ट्रपति की ओर से जारी नियुक्ति पत्र की अधिसूचना पढ़ी. जिसके बाद सुभाष उपाध्याय ने विधिवत एडिशनल जज के पद की शपथ ली. सुभाष उपाध्याय को हाईकोर्ट का जज बनाये जाने की संस्तुति उत्तराखंड के हाईकोर्ट की कॉलिजियम ने सितम्बर 2022 में की थी. जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने 12 अप्रैल 2023 को सुभाष उपाध्याय को उत्तराखंड हाईकोर्ट का जज बनाये जाने की संस्तुति की. 2 साल के लंबे इंतजार के बाद अब उन्हें जज बनाया गया है. बता दें सुभाष उपाध्याय हाईकोर्ट में मुख्य स्थायी अधिवक्ता सहित कई पदों में भी रह चुके हैं. उनकी शिक्षा दीक्षा लखनऊ में हुई. उन्हें हाईकोर्ट का जज बनाये जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल है. शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा, महाधिवक्ता एस एन बाबुलकर, वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत,वी बी एस नेगी, डॉ. महेंद्र पाल,बी डी उपाध्याय,के पी उपाध्याय, टी ए खान, पुष्पा भट्ट,पुष्पा जोशी,जानकी सूर्या, डी सी एस रावत, बी डी कांडपाल, सेवानिवृत्त न्यायधीश सर्वेश गुप्ता, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पन्त, प्रमुख सचिव संसदीय के धनन्जय चतुर्वेदी, राज्यपाल के विधि सलाहकार, सालसा जे सदस्य सचिव प्रदीप मणि, उजाला के निदेशक गोयल, जिला जज नैनीताल सुबीर कुमार,आई जी कुमाऊं रिधिम अग्रवाल, एस एस पी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा,अपर जिलाधिकारी विवेक राय सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, हाईकोर्ट के न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## पीएम मोदी के स्वदेशी उत्पादों के आह्वान का बाबा रामदेव ने किया समर्थन, कही ये बात

**हरिद्वार, एजेंसी।** स्वामी रामदेव ने कहा कि पीएम मोदी देश को आर्थिक और आध्यात्मिक महाशक्ति बनाना चाहते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए हमें चीन, अमेरिका और यूरोप के उत्पादों का बहिष्कार करना होगा।



स्वामी रामदेव ने पीएम मोदी के स्वदेशी उत्पादों के आह्वान का समर्थन किया है। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी उत्पादों के आह्वान का समर्थन करना चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं और देश को आर्थिक और आध्यात्मिक महाशक्ति बनाना चाहते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए हमें चीन, अमेरिका और यूरोप के उत्पादों का बहिष्कार करना होगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में हमें आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाना चाहिए।

### सहकारिता सम्मेलन का आयोजन, मंत्री धन सिंह बोले-

## जिले में 25 हजार लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य

**टिहरी, एजेंसी।** मंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक सोसायटी का गठन किया जाएगा। जहां पर स्थानीय लोगों को दवाइयां, जैविक उत्पाद जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर सभी तरह की सुविधा मिलेगी।

नई टिहरी जिला मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष में सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि टिहरी जिले में इस वर्ष 25 हजार लखपति दीदियां बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रोजगार के अभाव में गांव से कोई भी महिला और युवा पलायन न करें। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक सोसायटी का गठन किया जाएगा। जहां पर स्थानीय लोगों को दवाइयां, जैविक उत्पाद जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर सभी तरह की सुविधा मिलेगी।



आगामी 15 दिनों के अंतर्गत टिहरी जिले में 20 नए डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं गांव में मिले इसके लिए जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जहां पर लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को 0त्न ब्याज पर ऋण चेक भी वितरित किए गए हैं। इस मौके पर विधायक किशोर उपाध्याय ,पूर्व विधायक डॉक्टर धन सिंह नेगी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सुभाष रमोला आदि मौजूद रहे।

# सौरभ भारद्वाज ने जारी किया दिल्ली सरकार के 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड, लगाए कई आरोप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सरकार के 100 दिनों को असफलताओं से भरा हुआ काल करार देते हुए एक वैकल्पिक रिपोर्ट कार्ड जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने खुद का झूठा रिपोर्ट कार्ड तैयार किया है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने एक असली रिपोर्ट कार्ड पेश किया है। सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से दिल्लीवासियों की तरफ से पांच महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं। जिनमें दिल्ली की महिलाओं को वादा किए गए 2500 प्रतिमाह कब मिलेंगे? 10,000 से ज्यादा बस मार्शलों को नौकरी से हटाया गया था, और उन्हें 60 दिन में पुनः बहाल करने का वादा किया गया था – अब तक नौकरी क्यों नहीं मिली? निजी स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई फीस को वापस लेने का आदेश कब जारी किया जाएगा? डीपीएस द्वारका में बच्चों को प्रताड़ित करने की शिकायत पर अब तक एफआईआर क्यों नहीं दर्ज हुई? क्या डीपीएस द्वारका को सरकार अपने नियंत्रण में ले रही है? अगर हां, तो कार्रवाई कब शुरू होगी? उन्होंने भाजपा सरकार पर जनहित की योजनाओं को बंद करने का आरोप भी लगाया। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने फरिश्ते स्कीम को बंद कर दिया, जिसके कारण हाल ही में एक 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। इसके अलावा, भाजपा ने होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन न केवल यह वादा अधूरा रहा, बल्कि सिलेंडर की कीमत 50 और बढ़ा दी गई। झुग्गी-झोपड़ी वालों से किए गए वादों को लेकर भी आम आदमी पार्टी ने भाजपा को घेरा। सौरभ भारद्वाज ने कहा, जहां झुग्गी, वहां मकान का वादा करके अब उन्हीं झुग्गियों पर बुलडोजर चलवाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार चोरी-छिपे फैसले ले रही है और अभिभावकों से अहम जानकारियां छुपा रही है, जबकि प्राइवेट स्कूलों को हर जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एक नया एक्ट ला रही है, लेकिन उसे विधानसभा में प्रस्तुत करने की बजाय अध्यादेश के जरिए लागू करना चाहती है, ताकि जनता के बीच चर्चा न हो सके।

# सीबीआई ने रिश्वत के आरोप में ईडी के उप निदेशक को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने ओडिशा में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के उप निदेशक चिंतन रघुवंशी को भुवनेश्वर के एक व्यवसायी से 20 लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिंतन रघुवंशी ने ढेंकानाल में पत्थर खनन का कारोबार करने वाले व्यवसायी रतिकांत राउत के खिलाफ दर्ज ईडी के एक मामले में उन्हें ह्यराहतह्ण दिलाने के एवज में कथित तौर पर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को सूचना मिली थी कि अधिकारी राउत से कथित रिश्वत की पहली खेप लेने वाले हैं, जिसके बाद एजेंसी ने बृहस्पतिवार को एक जाल बिछाया। सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार राउत ने एजेंसी से संपर्क किया था और शिकायत की थी कि उन्हें इस साल मार्च में भुवनेश्वर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। प्राथमिकी में कहा गया है कि रघुवंशी ने उन्हें अपने कक्ष में बुलाया और मामले में ह्यराहतह्ण पाने के लिए भगती नामक व्यक्ति से मिलने को कहा। राउत ने जब इतनी बड़ी रकम जुटाने में अपनी असमर्थता जताई तो भगती ने उनकी बात रघुवंशी से कराई, जिन्होंने मांग घटाकर दो करोड़ रुपये कर दी। उन्होंने बताया कि 2013 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी रघुवंशी को कथित तौर पर अभियान के दौरान पकड़ा गया और बाद में पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कश्मीर में बड़ी समस्या थी, अनुच्छेद 370 के हटने से खत्म हो गई: सलमान खुर्शीद

नई दिल्ली,। ऑपरेशन सिंदूर आउटरीच मिशन पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने से जम्मू-कश्मीर में लंबे समय से चली आ रही अलगाववाद की समस्या खत्म हो गई है। सलमान खुर्शीद ने यह बात इंडोनेशियाई थिंक टैंक और शिक्षाविदों के सदस्यों के साथ बातचीत में कही। सलमान खुर्शीद ने कहा, ह्वकश्मीर में लंबे समय से बड़ी समस्या थी। इसका एक बड़ा हिस्सा संविधान के अनुच्छेद 370 में सरकार की सोच में झलकता था, जिससे किसी तरह यह आभास होता था कि यह देश के बाकी हिस्सों से अलग है। लेकिन, अनुच्छेद 370 को आखिरकार हटा दिया गया ह्व संविधान के अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था, जिसे 5 अगस्त, 2019 को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने निरस्त कर दिया। निरस्तीकरण के बाद, राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया। अब ये केंद्र शासित प्रदेश हैं।

### ग्रेटर नोएडा में बड़े स्तर पर औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की स्कीम लाई योगी सरकार

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा,। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाकर प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनने का सपना पूरा करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई स्कीम लेकर आई है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कीम के अंतर्गत गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित इकोटेक, उद्योग केंद्र और उद्योग विहार समेत विभिन्न सेक्टर्स में कुल मिलाकर 40 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। इस स्कीम के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूखंड तलाश रहे आवेदनकताओं के लिए 450 से लेकर 8,000 स्क्वायर मीटर के प्लॉट उपलब्ध होंगे। इनका रिजर्व प्राइस प्रति स्क्वायर मीटर 28,600 से 33,950 के बीच निर्धारित है।

### महिला को ब्लैकमेल करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, ।सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति से मेलजोल के बाद उसे अपनी निजी तस्वीरें साझा करना एक महिला के लिए भारी पड़ गया। इसके बाद आरोपित उसे ब्लैकमेल करने लगा और उससे बात न करने पर तेजाब से हमला करने की धमकी देने लगा। शाहदरा जिले की साइबर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान हिमांशु अरोड़ा के रूप में हुई है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि महिला की अरोड़ा से 2021 में इंस्टाग्राम पर मुलाकात हुई और वे दोस्त बन गए। समय गुजरने पर भावनात्मक रूप से नजदीकी बनाने के बहाने आरोपी ने पीड़िता को निजी तस्वीरे साझा करने के लिए मजबूर किया। तस्वीरें मिलने के बाद आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। इसके बाद आरोपी ने उसकी तस्वीरों का उपयोग करके कई फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल बनाए और इन पहचानों का उपयोग करके उसका यौन उत्पीड़न किया और जबरन वसूली की। जब परेशान महिला ने अरोड़ा से इस बारे में पूछा तो उसने दावा किया कि लैपटॉप तकनीशियन ने उसकी मशीन की मरम्मत करते समय उसका डाटा चुरा लिया होगा। हालांकि उसने उत्पीड़न करना जारी रखा। उससे पैसे की मांग की गई, जिसमें एक लाख रुपये की जबरन वसूली का प्रयास किया। वीडियो कॉल में शामिल होने के लिए मजबूर करना तथा तेजाब से हमले एवं अपहरण से लेकर फर्जी प्राथमिकी नोटिस और हत्या के मामले के दावों सहित मनगढ़ंत कानूनी आरोप लगाने की धमकियां शामिल थीं।

# महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रोजेक्ट हुआ लॉन्च



नई दिल्ली : श्री एंड सैम, भारत के अग्रणी प्रीमियम किचनवेयर ब्रांड के चेयरमैन डॉ. पवन कंसल के दूरदर्शी नेतृत्व में जगदंबा कटलरी फैक्ट्री में अपनी प्रमुख पहल ह्वप्रोजेक्ट माँह्व महिलाओं को सशक्त बनाना, जीवन बदलना को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा और दिल्ली व एनसीआर से 50 से अधिक महिला प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। जिनमें से प्रत्येक ने घर से काम करते हुए सेल्स डायरेक्टर बनकर प्रति माह 5 लाख तक कमाने का एक नया रास्ता खोला। इस कार्यक्रम में श्री एंड सैम के अगली पीढ़ी के डायरेक्टर समर्थ कंसल और श्री कंसल, कंपनी के अन्य डायरेक्टरों के साथ-साथ ब्रांड हेड चेतन सुल्तानिया व कंपनी के ब्रांडिंग कंसल्टेंट प्रदीप द्विवेदी व हीलिंग टच फाउंडेशन से अनीसा शर्मा व सुनीता अत्रे उपस्थित रहीं। जो इस पहल का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रोजेक्ट ह्वमाँह्ण सिर्फ.एक बिक्री कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है जिसका उद्देश्य 5,00000 से ज्यादा आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिला लीडर तैयार करना है जो अपने ग्रुपों में श्री एंड सैम का प्रतिनिधित्व करेंगी, उन्हें प्रशिक्षण, मार्केटिंग और संचालन में पूरा समर्थन मिलेगा।

# गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर सिक्का ग्रुप ने लगाई छबील और लंगर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली- सिख धर्म के पांचवें गुरु, श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सिक्का ग्रुप की ओर से शुक्रवार को प्रीत विहार स्थित कंपनी के मुख्य कार्यालय परिसर में छबील और लंगर सेवा का आयोजन किया गया। गर्मी के इस मौसम में राहगीरों के लिए ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई, जिससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए। साथ ही सभी के लिए स्वादिष्ट और शुद्ध लंगर की व्यवस्था भी की गई। इस आयोजन में सिक्का ग्रुप के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सेवा भाव के साथ आयोजन को सफल बनाया। कंपनी के सदस्यों ने न केवल छबील और लंगर बांटा, बल्कि आने-जाने वाले लोगों का स्वागत भी विनम्रता से किया। सिक्का ग्रुप के चेयरमैन, गुरिंदर सिंह सिक्का ने कहा, गुरु अर्जन देव जी ने अपने बलिदान से हमें सत्य, सहनशीलता और सेवा का मार्ग दिखाया। ऐसे आयोजनों से समाज में समर्पण, एकता और प्रेम का संदेश फैलता है। सिक्का ग्रुप हमेशा से सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देता आया है और आगे भी ऐसे कार्यों में अपनी भूमिका निभाता रहेगा। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी हिस्सा लिया और सिक्का ग्रुप की इस पहल की सराहना की। लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल धर्म और संस्कृति से जुड़ाव बढ़ता है, बल्कि सेवा की भावना भी समाज में मजबूत होती है।

# उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा एक ही पाली में कराने का निर्देश दिया



नई दिल्ली,। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि 15 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2025 दो पालियों के बजाय एक ही पाली में आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित प्राधिकारियों को एक पाली में परीक्षा आयोजित कराने की व्यवस्था करने और पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने से मनमानी होती है। न्यायालय ने कहा, किसी भी दो प्रश्नपत्रों के कठिनाई या सरलता का स्तर एक समान नहीं कहा जा सकता। पीठ ने यह आदेश नीट-पीजी 2025 परीक्षा दो पालियों में आयोजित कराने की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवसः श्री वेंकटेश्वरा मे काव्य संगोष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन

## लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ मीडिया की निष्पक्ष, निर्भीक एवं लोकहित की खबरों से आज भी पत्रकारो का सम्मान शिखर परः सुधीर गिरि




अमरोहा/गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर साहित्यिक संस्था मधुरम के संयुक्त तत्वाँधान में भव्य काव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे दो दर्जन से अधिक कवियो/कवियत्रियों, शायरो ने देश में लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ मीडिया के सम्मान में एक से बढ़कर एक रचनाऐ पेश करते हुए मीडिया को सरकार एवं आमजनमानस के बीच का सेतु करार दिया। इस अवसर पर संस्थान प्रबन्धन की ओर से देश के विभिन्न हिस्सो से पधारे कवियो एवं साहित्यकारों को शॉल, स्मृति चिन्ह, तुलसी माला, पटका एवं पगड़ी भेट कर सम्मानित किया गया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के टैगोर सभागार में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित काव्यसंगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का शुभारम्भ संस्थापक अध्यश श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, मधुरम की अध्यशा एवं महाकवियत्री डॉ0 मधु चतुवेर्दी, डॉ0 चेतन आनन्द, रेडियो आर जे डॉ0 नीरजा चतुवेर्दी, कुलपति प्रो0 कृष्णकान्त दवे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। गाजियाबाद से पधारे विख्यात शायर गोविन्द गुलशन ने कहा-यकीन कीजिए किस पर, यकीन मैं क्या है ! मुझे पता है मेरी, आस्तीन में क्या है ! प्रख्यात महा कवियत्री डॉ0 मधु चतुवेर्दी ने कहा-न दुनिया को जीत पाये जो, सिकन्दर हो नहीं सकता ! बिना अभ्यास के कोई धुरन्धर हो नहीं सकता ! जरा सी बाढ़ आते ही, लगे जो तोड़ने सीमा ! को कोई ताल है उथला, समन्दर हो नहीं सकता !पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। हापुड़ से पधारे कवि डॉ0 अनिल बाजयेयी ने पढ़ा- सितारा एक टूटे तो, गगन खाली नहीं होता ! झड़े गर फूल कोई तो, चमन खाली नहीं होता ! हमारी माँ के दामन में है, लाखो लाल राणा से ! सपूतों से कभी मेरा, वतन खाली नहीं होता ! सुनकर देशभक्ति की ज्वाला भर दी ।पिलखुवा से पधारे कवि डॉ0 सतीश वर्द्धन ने बेटियों को समर्पित रचना पढ़ी- लौंग, तुलसी जावित्री होती है बेटियां ! सीता और सावित्री होती है, बेटियां ! देवियों से बेटियों को कैसे कमतर आँक लूँ ! गंगा, गीता, गायत्री होती है बेटियां !ओज के कवि डॉ0 चेतन आनन्द ने कहा कि- खामोश हम रहे तो, पहल कौन करेगा ! उजड़े चमन में फेरबदल कौन करेगा ! प्रश्नों के पक्ष में अगर चले गए जो हम, उत्तर की समस्याओं को हल कौन करेगा ! दिल्ली से पधारे विख्यात आर0जे0, मशहूर पत्रकार एवं कवियत्री डॉ0 नीरजा चतुवेर्दी ने पढ़ा कि- अपने ही साये में डर रहा हूँ मै ! ना चाहकर भी सबकुछ कर रहा हूँ मै ! ऐ जिन्दगी तूने ये कैसी शर्त लगा दी ! कि मौत किसी ओर की और मर रहा हूँ मै !सुनाकर पत्रकारो की पीड़ा व्यक्त की। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो0 पीयूष पाण्डेय, डीन ऐकेडमिक डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 आर0एस0 शर्मा, डॉ0 सुमन कुमारी, डॉ0 स्नेहलता गोस्वामी, डॉ0 अंजलि भारद्वाज, डॉ0 योगेश्वर सिंह, डॉ0 अनिल जयसवाल, डॉ0 आशुतोष, डॉ0 एस0एन0 साहू, डॉ0 धीरज दुबे, डॉ0 ओमप्रकाश गोसाई, डॉ0 अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ0 तेजपाल सिंह, डॉ0 राजवर्द्धन, डॉ0 ऐना ऐरिक ब्राउन, अरूण गोस्वामी, मारूफ चौधरी, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शानदार काम किया है : आशीष सूद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली की भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मंत्री आशीष सूद ने सरकार की पीठ थपथपाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली की भाजपा सरकार ने शानदार काम किया है। हम सभी को साथ लेकर चल रहे हैं और विकास के कार्यों में तेजी लाई जा रही है। मंत्री आशीष सूद ने मीडिया से कहा कि विपक्ष का काम आरोप लगाना है। हमें पता है कि हमारी जनता के प्रति जवाबदेही है और जहां तक दिल्ली की कानून व्यवस्था की बात है तो दिल्ली में कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने और तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए सभी आवश्यक अधिसूचनाएं और सरकारी आदेश जारी करने थे, साथ ही पुलिस थानों का डिजिटलीकरण भी किया जाना था। इन सभी पर व्यापक काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि 100 दिन में आप देखेंगे कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने स्वच्छता को लेकर एक अभियान छेड़ रखा है। दिल्ली की सफाई व्यवस्था को ठीक किया गया है। शिक्षा पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में आपने देखा होगा कि निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीट जो ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षित होती थी, उन सीटों पर गरीब के बच्चों का दाखिला नहीं होता था। स्कूल गरीब के बच्चों को भटकाते थे। लेकिन, भाजपा सरकार में पहली बार बिना किसी शिकायत के दिल्ली के स्कूलों में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत दाखिले हुए हैं। बिजली के क्षेत्र में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। 100 दिन में दिल्ली की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शानदार काम किया है। हम छोटे-छोटे कदमों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आशीष सूद ने कहा कि विपक्ष हमारी तारीफ नहीं कर सकता है, जो सेना के शौर्य पर सवाल उठाते हैं तो वह अगर हम पर सवाल खड़े करें तो इसमें आशंका नहीं जतानी चाहिए। दूसरी ओर सीएम रेवंत रेड्डी के राफेल वाले बयान पर दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि कुछ लोगों का रोना राष्ट्र के लिए शगुन होता है। जब जिहादी मरते हैं तो आंसू सिर्फ पाकिस्तान में ही नहीं बहते हैं, कुछ चूड़ियां यहां भी टूटती हैं। यह भारत माता के लिए शगुन के समान है।

# एनसीआर में मौसम ने बदला मिजाज, अगले तीन दिन बारिश के आसार

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गुरुवार रात को तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया। हालांकि तापमान में ज्यादा गिरावट न होने के कारण रात भर उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती रही। शुक्रवार सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं और मौसम में नमी बनी हुई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए एनसीआर में करीब 4 मिलीमीटर बारिश की संभावना जताई है। भारतीय मौसम विभाग की वेबसाइट पर जारी जानकारी के अनुसार, अगले तीन दिनों तक यानी 30 मई से 4 जून तक एनसीआर और इसके आसपास के इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी। 30 मई को आईएमडी ने गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की चेतावनी दी थी। 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई थी। हालांकि 31 मई और 1 जून को ह्यनो वार्निंगह्ण रही, लेकिन मौसम में अस्थिरता बने रहने की संभावना है। 1 जून को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री रहने का अनुमान है। 2 जून को गरज-चमक के साथ बारिश का पूवार्नुमान है, वहीं 3 जून को भी मध्यम बारिश के साथ बादलों की मौजूदगी बनी रहेगी। 4 जून को बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिलेगी, लेकिन मिडिटी अधिक रह सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस समय पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के कारण एनसीआर में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। हालांकि मानसून के आगमन में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन इससे पहले की यह प्री-मानसूनी गतिविधियां लोगों को थोड़ी राहत जरूर दे सकती हैं। अगले 3 दिनों के मौसम पूवार्नुमान के मुताबिक 2 जून को गरज के साथ बारिश, अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहने की संभावना है। ऐसे ही 3 जून को मध्यम बारिश के साथ आसमान में बादल छाए रहेंगे और अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री बने रहने की संभावना है। 4 जून को भी गरज या बारिश की संभावना जताई गई है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे मौसम विभाग की अपडेट पर नजर रखें और अनावश्यक रूप से खुले में न निकलें, विशेषकर तेज हवाओं और बिजली गिरने की चेतावनी के दौरान।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सरकार के 100 दिन पूरे होने पर उपलब्धि पुस्तिका जारी की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के शुक्रवार को 100 दिन पूरे होने पर उसकी उपलब्धियों के संबंध में एक ह्यकार्य- पुस्तिकाह्ण जारी की। गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार चौबीसों घंटे लोगों की सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने अपनी टीम के सभी मंत्रियों और कर्मियों को उनके काम के लिए बधाई दी। भाजपा नीत सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उसकी उपलब्धियों को पेश करने वाली कार्य पुस्तिका जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,यह कोई रिपोर्ट कार्ड नहीं, बल्कि कार्यपुस्तिका है। सरकार द्वारा किए गए सभी काम इसमें जोड़े जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 100 दिन की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार के मंत्री अन्य मंत्रियों और पार्षदों के साथ 70 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक का दौरा करेंगे। गुप्ता ने कहा,हम न केवल अपनी उपलब्धियों का ब्यौरा देंगे, बल्कि लोगों से उन कामों पर भी राय मांगेंगे, जिन्हें आने वाले दिनों में किए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक कार्यक्रम में लोगों को पिछले 100 दिन की सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जाएगी। गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा,वह ऐसी सरकार थी जिसने भ्रष्टाचार का फल भोगा जबकि यह भाजपा सरकार लोगों की सेवा करने के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार को एक लाख करोड़ रुपये का बजट दिया गया है और सरकार इसे ईमानदारी से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा,चाहे महंगाई से निपटना हो या जीएसटी (माल एवं सेवा कर) से अधिक राजस्व उत्पन्न करनाह्णहर विभाग प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने दिल्ली के लोगों के लिए ईमानदारी से काम किया है। उन्होंने कहा, हमने लोगों के लिए चौबीसों घंटे काम किया है। ऐसी सरकार जो दिल्ली के लोगों के लिए पूरी तरह से समर्पित है, वह अपने आप में एक नया मॉडल है और यही हमारी सबसे बड़ी सफलता है।

# आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया ने उच्च गुणवत्ता वाले पेटेंटेड रंगीन इस्पात उत्पाद ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल लॉन्च किए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया (ए एम / एन एस इंडिया) ने आज ऑप्टिगल~ प्राइम और ऑप्टिगल~ पिन्नाकल नामक दो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद लॉन्च किए, जो इसके प्रीमियम रंगीन लेपित इस्पात पोर्टफोलियो ऑप्टिगल~ का हिस्सा हैं। इस लॉन्च के साथ, ए एम / एन एस इंडिया ने पहली बार भारतीय बाजार में यूरोपीय मानकों वाले अत्यधिक जंग प्रतिरोधी इस्पात को पेश किया है, जिसका उपयोग आधुनिक हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, राजमार्गों और बड़े भवन परियोजनाओं जैसे उच्च स्तरीय निर्माण कार्यों में किया जा सकता है। कंपनी ने उ4 ग्रेड के उच्च गुणवत्ता वाले विशेष इस्पात के क्षेत्र में एक नई श्रेणी की शुरूआत की है, जो अब तक भारत में उपलब्ध नहीं थी, और जिसमें ए एम / एन एस इंडिया देश की एकमात्र घरेलू उत्पादक कंपनी के रूप में उभर कर सामने आई है। यह उत्पाद प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए ह्वविकसित भारतह्व के आह्वान को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का लक्ष्य इस विशेष इस्पात क्षेत्र में प्रमुख हिस्सेदारी प्राप्त करना और आने वाले 2-3 वर्षों में संपूर्ण कलर-कोटेड इस्पात क्षेत्र में 25% बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। भारत में रंगीन लेपित इस्पात का बाजार वर्तमान में लगभग 3.4 मिलियन टन का है और यह प्रतिवर्ष लगभग 10% की दर से बढ़ रहा है। ऑप्टिगल~ के दो नए विशेष वेरिएंट के जुड़ने से आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया अपने लक्ष्यों की ओर तेजी से अग्रसर होगा। ऑप्टिगल~ प्राइम, जो शहरी और मध्यम स्तर के जंग-प्रवण वातावरण के लिए उपयुक्त है, 15 वर्षों की वारंटी के साथ आता है। यह सिलिकॉन मॉडिफाइड पॉलिएस्टर (एस एम पी), सुपर ड्यूरेबल पॉलिएस्टर (एस डी पी) और पी वी डी एफ जैसी उन्नत फिनिश में उपलब्ध है, और छत, दीवार परत (क्लैडिंग) एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आदर्श विकल्प है।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

पत्र संख्या :– CPM-DLI-NIT-22-2025-26 दिनांक 30.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक / गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाए आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | N.I.T. No. | CPM-DLI-NIT-22-2025-26 |
| 2 | कार्य का नाम | दिल्ली शाहदरा और सब्जी मंडी पर 03 रिले हटों का निर्माण, साथ ही सब्जी मंडी, दिल्ली शाहदरा और शकूरबस्ती रेलवे स्टेशनों पर अन्य विविध हेतु कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 1,41,06,868.33 / – |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 2,20,500 / – |
| 5 | समापन अवधि | 06 महीने |
| 6 | बिडिंग प्रणाली | एक पैकेट प्रणाली |
| 7 | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 23.06.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 23.06.2025 को 15:00 बजे |
| 8 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

1618/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 15 हजार का इनामी डीडी गुर्जर गिरफ्तार, आरोपी के खिलाफ कई मुकदमे हैं दर्ज



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भिवाड़ी (रेवाड़ी)। रेवाड़ी में खैरथल पुलिस ने 15 हजार रुपये के इनामी हार्डकोर अपराधी दुलीचंद उर्फ डीडी गुर्जर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट और आर्म्स एक्ट जैसे नौ गंभीर मामले दर्ज हैं। खैरथल थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि 10 जुलाई 2024 को आशीष कुमार ने शिकायत में बताया था कि बल्लभग्राम फाटक खैरथल पर राजेंद्र सिंह, कमल उर्फ मोण्टी, मोनू कबाडी, दुलीचन्द उर्फ डीडी गुर्जर, अमन उर्फ अम्मू गुर्जर और उसके अन्य साथियों ने उस पर व जसवंत पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग की थी। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी थी। घटना के बाद से ही डीडी गुर्जर फरार चल रहा था। आरोपित को पकड़ने के लिए साइबर सेल प्रभारी एसआई दिनेश कुमार को विशेष निर्देश दिए थे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, शनिवार, 31 मई, 2025

# जहां झुग्गी वहीं मकान का वादा किया था, परंतु बीजेपी बिना मकान दिए झुग्गियों पर बुलडोजर चला रही : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली की भाजपा शासित सरकार के पिछले 100 दिन के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि हमने सुना है भाजपा शासित दिल्ली सरकार खुद अपने 100 दिन के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड बनाकर दिल्ली की जनता के सामने प्रस्तुत करने वाली है। उन्होंने कहा कि बचपन में हम सुना करते थे, कि शरारती बच्चे जब इम्तिहान में फेल हो जाते थे, तो वह अपना फर्जी रिपोर्ट कार्ड खुद ही बनकर परिवार के लोगों के सामने रख देते थे। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में भी ऐसे ही कुछ शरारती बच्चों की सरकार स्थापित है, जो अपने 100 दिन के इम्तिहान का फर्जी रिपोर्ट कार्ड खुद ही बनकर जनता के सामने प्रस्तुत कर जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा कैसे संभव है, कि जिस बच्चे ने इम्तिहान दिया है वही बच्चा अपना रिपोर्ट कार्ड खुद बनाएगा। सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि भाजपा अपने 100 दिन के विफलताओं को इस झूठे रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से छुपाने की कोशिश कर रही है और दिल्ली की जनता को बहकने की कोशिश कर रही है, यही कारण है कि हमने भाजपा के पिछले 100 दिन के कार्यकाल की विफलताओं का यह असली रिपोर्ट कार्ड तैयार किया है और हम इसे दिल्ली और देश की जनता के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं, ताकि जनता को सच्चाई का पता चल सके। सौरभ




भारद्वाज ने कहा कि हमने सुना है आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी भाजपा सरकार के 100 दिन के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने प्रस्तुत करने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में हमारे कुछ सवाल हैं और हम उम्मीद करते हैं, कि जब वह प्रेस वार्ता के माध्यम से अपना रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करेंगी तो इन सवालों के जवाब भी जनता को जरूर देंगी। सवाल निम्न प्रकार से हैं. 1) दिल्ली की महिलाओं से भाजपा ने जो 2500 रुपए महीना देने का वादा किया है, वह कब मिलेंगे? 2) भाजपा शासित केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए उपराज्यपाल महोदय ने 10000 से अधिक बस मार्शलों को नौकरी से निकाल दिया। भाजपा ने वादा किया था कि सरकार बनने के बाद 60 दिनों के भीतर इनको पक्की नौकरी दी जाएगी। बस मार्शलों को पक्की नौकरी कब मिलेगी? 3) भाजपा शासित दिल्ली सरकार ने कहा है, कि सभी प्राइवेट स्कूलों का ऑडिट कर लिया गया है तो रेखा गुप्ता जी बताएं की प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से बढ़ाई गई फीस वापस कब की जाएगी? 4) डीपीएस स्कूल द्वारका में बच्चों को प्रताड़ित किया गया, यह बात साबित हो चुकी है। रेखा गुप्ता जी बताएं डीपीएस स्कूल के खिलाफ ऋक्ककब होगी? 5) बच्चों के अभिभावक लिखित में अर्जी दे चुके हैं, कि दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल महोदय कार्यवाही कर, डीपीएस स्कूल द्वारका को टेकओवर करें। रेखा गुप्ता जी बताएं कि यह कार्यवाही कब शुरू की जाएगी? सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों को बताया, कि भाजपा शासित दिल्ली सरकार के 100 दिन के कार्यकाल के इस रिपोर्ट कार्ड में हमने बताया है, कि भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली सरकार ने दिल्ली की जनता के साथ पिछले 100 दिनों में क्या-क्या धोखा किया है? क्या फरेब किया है और कौन-कौन सी सुविधा जो आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान दिल्ली की जनता को मिल रही थी वह बंद की गई है, जिसकी वजह से एक बड़ा नुकसान दिल्ली की जनता को हो रहा है। सौरभ भारद्वाज ने उदाहरण देते हुए कहा, कि भाजपा की सरकार ने दिल्ली में फरिश्ते योजना को बंद कर दिया, जिसकी वजह से रोजाना दर्जनों दुर्घटनाग्रस्त लोगों को समय पर इलाज न मिलने से मृत्यु का खतरा बना हुआ है।

## अहिल्याबाई का जीवन प्राचीनता एवं आधुनिकता का संगम, प्रमोद सैनी




मंडी धनौरा। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष में त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत एक सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसके मुख्यातिथि सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग प्रमोद सैनी अटटा रहे। जिनका पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल व नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद मुख्यातिथि प्रमोद सैनी व नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की सम्मेलन के दौरान बोलते हुए मुख्यातिथि प्रमोद सैनी ने कहा कि नगर विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार यह रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती वर्ष हैं। इस दौरान उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन की कई कहानियों का वर्णन करते हुए कहा कि अहिल्याबाई का जीवन प्राचीनता एवं आधुनिकता का संगम है जिसे आज पूरा देश उनके आर्दशों को मानकर आज 300 वीं जयंती को महिला शशक्तिकरण महा अभियान के रूप में मना रहा है। उन्होंने हर भारत की महिला को संदेश देते हुए कहा कि वह अपनी नारी शक्ति को पहचानते हुए देश को और विकसित करते हुए रानी लक्ष्मीबाई जैसा यश व गौरव अपने देश के लिए बनाने में सहयोग करें। और साथ ही माता अहिल्याबाई के आर्दशों को अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं।इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, वरिष्ठ लिपिक उमेश कुमार, लेखा लिपिक सोनू पिवाल, विशाल शर्मा, कुसुम अग्रवाल, सीमा शर्मा, रजनी शर्मा, रेनू शर्मा, बिना भास्कर आदि मौजूद रहे।

## पूर्व प्रेमी बना शिकारी: इंस्टाग्राम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर महिला को तीन वर्षों तक ब्लैकमेल व यौन शोषण

### शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने किया साइबर अपराध का गंभीर मामला उजागर, आरोपी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

प्रात : : किरण मनोज जैन

शाहदरा जिले के साइबर थाना की टीम ने एक महिला को इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर उसकी निजता को हथियार बनाकर तीन वर्षों तक लगातार मानसिक, डिजिटल और यौन उत्पीड़न का शिकार बनाने के मामले का पदार्फाश किया है। वर्ष 2021 में पीड़िता की पहचान इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति से हुई थी, जो बाद में उसके जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप बन गया। आरोपी ने भावनात्मक दबाव व छल से महिला से उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो प्राप्त किए। इसके कुछ समय बाद अज्ञात फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट्स व ईमेल आईडी के माध्यम से पीड़िता को धमकियां, अश्लील संदेश, जबरन वीडियो कॉल पर अनुचित कार्य करने का दबाव, और एक लाख रुपये की उगाही जैसी मांगें की जाने लगीं। उसे




अपहरण, तेजाब हमले और हत्या जैसे गंभीर झूठे मुकदमों में फंसाने की भी धमकियां मिलीं। आरोपी ने खुद यह कहकर बचने की कोशिश की कि उसका लैपटॉप खराब हो गया था और किसी दुकानदार ने निजी डाटा चुरा लिया होगा, परंतु महिला को लगातार तीन वर्षों तक यह उत्पीड़न झेलना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना शाहदरा में एक विशेष तकनीकी टीम गठित की गई, जिसने डिजिटल साक्ष्यों, सोशल मीडिया कंपनियों से प्राप्त जानकारियों और जांच से यह पता लगाया कि नौ फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल और एक जीमेल आईडी एक ही मोबाइल नंबर से बनाई गई थीं। यह नंबर आरोपी हिमांशु अरोड़ा की मां के नाम पर पंजीकृत था, लेकिन उपयोग स्वयं आरोपी द्वारा किया जा रहा था। तकनीकी प्रमाणों के आधार पर आरोपी को 29 मई 2025 को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वही फर्जी प्रोफाइल बनाकर महिला को ब्लैकमेल करता रहा, उसकी निजी सामग्री का दुरुपयोग किया और मानसिक व यौन शोषण किया। पुलिस ने उसके पास से दो मोबाइल फोन, जिनमें पीड़िता की नग्न व अर्धनग्न तस्वीरें, एक फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल का पासवर्ड, और एक लैपटॉप बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हिमांशु अरोड़ा, उम्र 37 वर्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक है और शाहदरा स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी औद्योगिक क्षेत्र में ह्लएल्कोस बाथ फिटिंग्सह्व नामक पारिवारिक सेनेटरी व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। वह विवाहित है। दिल्ली पुलिस ने आम जनता से विशेष रूप से युवतियों और किशोरियों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी से भी निजी जानकारी साझा करने से पहले गंभीरता से सोचें और सतर्क रहें। साथ ही, अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें। दिल्ली पुलिस की साइबर यूनिट ऐसे अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## खाकी बनाम नगर निगम: शाहदरा जोन में अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई जारी

### डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार के नेतृत्व में मैदान में सक्रियता

- कृष्णा नगर से लेकर गीता कॉलोनी तक प्रशासन का जोरदार अभियान
- आम जनता के लिए खुल रही सड़कें, लेकिन चुनौती अभी बनी हुई

प्रात : किरण मनोज जैन

शाहदरा जोन के डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार और असिस्टेंट कमिश्नर अश्विनी कुमार के सख्त निदेर्शों में लाइसेंस इंस्पेक्टर पंकज कुमार की टीम गीता कॉलोनी, शास्त्री नगर, रानी गार्डन और कृष्णा नगर सहित पूरे क्षेत्र में दिन-रात अतिक्रमण हटाने के लिए जुटी हुई है। नगर निगम की गाड़ियां और कर्मचारी चाय के ठेले, पकौड़ी वालों, रेडी पटरी पर बैठने वालों, फल-फूल बेचने वालों और अन्य अवैध अतिक्रमणकारियों का सारा सामान जब्त कर सड़कें मुक्त करने का काम कर रहे हैं। हालाँकि, ये अतिक्रमण कुछ घंटों बाद पुनः सड़क पर वापस आ जाते हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि निगम की मेहनत अकेले इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं बना सकती। लेकिन यह भी सत्य है कि निगम की टीम ने कई बार अतिक्रमण हटाकर लोगों की राहें आसान करने में सफलता हासिल की है। कृष्णा नगर की लाल क्वार्टर



मार्केट की घटना इस बात का जीवंत प्रमाण है कि यदि पुलिस प्रशासन गंभीरता और तत्परता दिखाए तो अतिक्रमण को पूरी तरह से जड़ से खत्म किया जा सकता है। वहां कुछ चुस्त पुलिसकर्मियों ने सड़क से अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह साफ कर दिया, जो साबित करता है कि पुलिस प्रशासन की भागीदारी के बिना नगर निगम के प्रयास अधूरे रह जाते हैं। जब खाकी वर्दी की सक्रियता और निगम के अथक प्रयास एक साथ होते हैं, तभी वास्तविक बदलाव संभव हो पाता है। यह घटनाक्रम इस बात को रेखांकित करता है कि सड़कें खुली और सुरक्षित बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें पुलिस की भूमिका निर्णायक होती है। डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार ने इस लड़ाई को जनसेवा का मिशन बना रखा है। वे न केवल कार्यालय तक सीमित रहकर, बल्कि खुद मैदान में उतरकर कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी दृढ़ संकल्प शक्ति और लगातार कड़ी मेहनत से टीम को मजबूती मिली है, जो हर दिन सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए जमीनी स्तर पर कड़ा संघर्ष कर रही है। वे बार-बार अधिकारियों को स्पष्ट कर चुके हैं कि इस लड़ाई में कोई नरमी बर्दाश्त नहीं होगी। बादल कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन और नगर निगम के कर्मचारी पूरी एकजुटता से अतिक्रमण को जड़ से खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। हालांकि, सवाल यह भी है कि क्या यह कार्रवाई कुछ दिनों की ही होगी? या फिर कुछ घंटों बाद फिर से अतिक्रमण की समस्या सड़क पर वापस लौट आएगी? प्रशासन को इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि केवल जुमार्ना या सामान जब्त कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके पीछे स्थायी समाधान के लिए ठोस नीति बनानी होगी। फिलहाल, यह स्पष्ट है कि अतिक्रमण हटाने की इस जंग में पुलिस प्रशासन की भूमिका निर्णायक होगी। अगर पुलिस सक्रिय और प्रतिबद्ध रहेगी तो ही सड़कें पूरी तरह साफ हो पाएंगी, अन्यथा यह समस्या फिर से सिर उठाएगी। शाहदरा जोन में पार्किंग की कमी और सड़क को अवैध पार्किंग स्थल बनाने के कारण ट्रैफिक जाम के साथ ही दमकल और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं की गाड़ियों की आवाजाही बाधित होती है। इस समस्या से निपटने के लिए भी प्रशासन को ठोस और दीर्घकालिक योजना बनानी होगी। फिलहाल, निगम की टीम और पुलिस प्रशासन के बीच तालमेल मजबूत हो रहा है, जिससे उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले दिनों में शाहदरा की सड़कें आमजन के लिए पूरी तरह से मुक्त और सुरक्षित होंगी। नगर निगम की गाड़ियों द्वारा जब्त किए गए माल में कई बार छोटे व्यापारी और मजदूर वर्ग के लोग भी होते हैं, जो अपनी रोजी-रोटी के लिए सड़क किनारे काम करते हैं। प्रशासन की चुनौती है कि वह अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ इनके सामाजिक और आर्थिक पक्ष को भी ध्यान में रखे। डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार के नेतृत्व में चल रही यह जंग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल अवैध कब्जे को हटाने की नहीं, बल्कि शाहदरा जोन को व्यवस्थित और सुगम बनाने की है। प्रशासन के दृढ़ निश्चय और जनता के सहयोग से उम्मीद है कि यह लड़ाई जल्द ही सफल होगी और शाहदरा की सड़कें फिर से खुलकर दमकेंगी।

## जोया नगर पंचायत में मनाईं गई अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वी जयंती



जोया। माता अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वी जयंती के मौके पर नगर पंचायत जोया में कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक विपिन कुमार सिंह सेंगर अधिशासी अधिकारी, जुबेर अहमद अध्यक्ष नगर पंचायत जोया, कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा मुख्य अतिथि सुधीर कुमार चौहान जिला मंत्री, जीत सिंह मंडल अध्यक्ष जोया, अब्दुल कलाम, अंकित दयाल, सुश्री सीमा चौधरी, वार्ड सभासद मोहम्मद नसीम, मोहम्मद दानिश, अतौर रहमान व सभासद पति बब्बू अहमद समस्त भाजपा कार्यकर्ता वह समस्त कार्यालय की महिला सफाई कर्मचारी व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## जोया मे चला अतिक्रमण हटाओं अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

जोया। नगर पंचायत जोया द्वारा मुख्य मार्ग जोया-मुरादाबाद सर्विस रोड पर एवं जोया- गजरौला सर्विस रोड पर हाईवे के किनारे मार्गों को पुलिस ट्रैफिक पुलिस व नगर पंचायत जोया के कर्मचारियों की टीम के साथ अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इस मौके पर नगर पंचायत जोया के अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सिंह सेंगर, ट्रैफिक पुलिस प्रभारी अनुज कुमार मलिक, मो० नोमान प्रभारी लिपिक व कार्यालय स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार ने ली टिकाकरण अभियान की तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की मीटिंग



स्योहारा/धामपुर। राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान की टीटी एफ/तहसील स्तरीय टास्क फोर्स मीटिंग विजय कुमार नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि टीकाकरण अभियान में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। धामपुर में शुक्रवार को तहसील कार्यालय में एसडीएम रीतू रानी द्वारा नामित नायब तहसीलदार विजय कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के लिए तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई ।नियमित टीकाकरण में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विकास विभाग,शिक्षा विभाग,बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। सभी विभागों के अधिकारियों से इसे गंभीरता से लेने और शत प्रतिशत टीकाकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । बैठक के दौरान पता चला की बहुत सारे परिवार तहसील में ऐसे हैं जो अज्ञानता के अभाव में टीकाकरण से इनकार कर देते हैं।उन्होंने बीडीओ,चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि ऐसे अवरोधी परिवारों को जागरूक करें। स्वयं भी जाकर मिले ,संबंधित गांव में मंदिर अथवा मस्जिद के धार्मिक गुरुओ से मिले उनसे ऐसे परिवारों को जागरूक करने में सहयोग मांगे जरूरत पड़े तो मंदिर और मस्जिद के लाउडस्पीकर से अलाउंस करवाए। टीकाकरण संपूर्णता अभियान पंजिकरन ,प्रथम तिमाही में सत प्रतिशत करने ,संपूर्ण प्रतिरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। 30 साल के ऊपर के लोगों की शुगर व बीपी की स्क्रीनिंग के लिए आशा बहू से सूची शामिल करने ओर सी बेक फॉर्म भरने को कहें। इस दौरान डबल्यू एचओ और यूनिसेफ ने टीकाकरण के लिए मासिक फीडबैक प्रस्तुत किया ।बाल विकास द्वारा टीकाकरण सत्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कुपोषित बच्चों के चिन्हीकरण और ई- कवच पर फीडिंग,खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों परआयोजित होने वाले सत्र की व्यवस्था ,प्रतिरोधी परिवारों को प्रतिरक्षण हेतु जागृत करने का प्रयास करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करने के लिये प्रोत्साहित किया ।इस दौरान बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही ने बताया कि सहसपुर कस्बे में आशा आंगनबाड़ी न होने के कारण राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहां पर ए एन एम की टीम वर्क द्वारा कार्य कराया जाता है और मोबलाइजर द्वारा लाभार्थी सत्र पर बुलवाए जाते है। यहां पर टीकाकरण अवरोधित परिवार है ,जिन्हें बीआरटी टीम ओर सुपरवाइजर द्वारा प्रोत्साहित कर टीकाकरण कराया जा रहा है।

## कृष्णा नगर में ट्रैफिक पुलिस का डंडा चला: 15 साल पुराने वाहन जब्त, अवैध पार्किंग पर भी उठी सख़्ती की मांग

प्रात : किरण मनोज जैन

कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र, विशेषकर लाल क्वार्टर मार्केट, में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने पुराने वाहनों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को लाल क्वार्टर से एक 15 वर्ष पुरानी कार को जब्त किया गया, जो लंबे समय से सड़क किनारे खड़ी थी। यह कार्यवाही दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष ह्लपुराने वाहन हटाओह्व अभियान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों से अनुपयोगी और प्रदूषणकारी वाहनों को हटाना है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली है, लेकिन इसके साथ ही एक और बड़ी समस्या की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया है





– सड़कों पर अवैध रूप से बनाई गई निजी पार्किंगें। क्षेत्र के कई हिस्सों में लोगों ने सार्वजनिक सड़कों पर स्थायी रूप से गाड़ियां खड़ी कर दी हैं, मानो वह उनकी निजी संपत्ति हो। इससे न केवल पैदल चलने वालों को दिक्कत होती है, बल्कि एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता बंद हो जाता है। व्यापारिक संगठनों ने ट्रैफिक पुलिस से अपील की है कि इस पर भी उतनी ही सख़्ती से कार्रवाई की जाए। विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकताओं का मानना है कि यदि ट्रैफिक पुलिस पूरी सजगता से काम करे, नियमित गश्त बढ़ाए और पुराने एवं अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए, तो क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार संभव है। बाजारों के आसपास जो अवैध अतिक्रमण और पार्किंग बनी हुई हैं, उन्हें हटाने में ट्रैफिक विभाग एक मजबूत सहायक शक्ति साबित हो सकता है। नागरिकों का मानना है कि यह सिर्फ एक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यवस्थित और अनुशासित शहर की ओर उठाया गया सार्थक कदम है।

## माता अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर महिलाओं को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

बछरायूं। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में माता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष में महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और सभी लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह के दौरान महिला सफाई कर्मियों को उनके अथक परिश्रम और समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र, शॉल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव, लेखाकार अमन कुमार, राजन कुमार, जावेद अली, मौ आकिल, मौ आसिफ, मौ फैजान, नाजिम चौधरी, सजय, नौबहार, आस मौहम्म अरशद, सरफराजुद्दीन, निजावत, अकाश, श्री मती जैवा, महावीर, कासिम रजा आदि मौजूद रहें।

## राजेश सैनी ने सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग प्रमोद सैनी का किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

मंडी धनौरा। शुक्रवार को सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग प्रमोद सैनी धनौरा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। जहां पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी ने उनका फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग प्रमोद सैनी ने बोलते हुए कहा कि भारतीय जानता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा से संगठन व समाज के कार्यों में लगा हुआ है। हमारी पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर चलने का काम करती है। और आगे भी समाज के साथ चलने का काम करती रहेगी। हमारा नारा सबका साथ सबका विकास इसी नारे के साथ चलते हुए हम देश हित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस मौके पर ललित सैनी, विनेश सैनी, रामकिशोर सैनी, ओमप्रकाश सैनी, रमित सागर, डा॰सत्यदेव सैनी, सौरभ सैनी, संजीव सैनी, अमित रुद्रा, रजत कुमार, ऋतिक कुमार , सतवीर कुमार, नरेश यादव, जयंत सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

## गंगा में डूबे युवक का शव बरामद परिजनों मे मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

मंडी धनौरा। बीते दिनों थाना क्षेत्र के गांव गादी खेड़ा में नौगांवा थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी पिंकू पुत्र शेरसिंह उम्र 20 वर्ष रील बनाते वक्त रामगंगा पोषक नहर में डूब गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को ढूंढने का काफी प्रयास किया था लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लगा था। युवक की तलाश के लिए एस डी आर एफ की टीम को बुलाया गया था। पिछले तीन दिनों से एस डी आर एफ की टीम डूबे हुए युवक की तलाश में जुटी थी एस डी आर एफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार की देर रात गंगा में डूबे युवक शव बरामद कर लिया। शव मिलने की सूचना से युवक के परिजनों मे कोहराम मच गया। वहीं मामले थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गंगा में डूबे युवक का शव बरामद कर लिया गया है मृतक युवक के परिजनों ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया है। जिस पर युवक का शव उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा।सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला सशक्तिकरण के मद्देनजर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की कार्यशाला हुई। महिलाएं मशरूम की खेती, पशुपालन, सिलाई,कढ़ाई, बुनाई समेत अन्य व्यवसाय के जरिए कैसे अपनी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनें, विचार किया गया। सीडीओ ने कहा कि ऐसा उत्पाद तैयार करें, जिसकी मांग जिले से दूर हर स्तर पर हो। गांवों में रोजमर्रा की वस्तुओं की खासी मांग रहती है। डेयरी उत्पाद के तहत दूध, दही मट्ठा, घी, पनीर बनाकर बेचा जा सकता है। समूह की महिलाएं विभिन्न ब्रांड के लिए काम करें। गुणवत्ता और शुद्धता पर ध्यान देकर अच्छी पैकेजिंग करें। चाय समोसा, पकौड़े हर व्यक्ति, हर क्षेत्र की मांग हैं, इससे संबंधित कार्य समूह की महिलाएं करें। कार्यालय स्तर से सभी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस दौरान पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह, सीवीओ डा. आभा दत्त समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## मुख्यमंत्री से की तिगरीधाम में गंगाघाट बनवाने व सौंदर्यीकरण की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मंडी धनौरा ।विधायक राजीव तरारा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को जल्द करवाए जाने की मांग की। उन्होंने तिगरीधाम में पक्के गंगाघाट बनवाने के साथ ही सौंदर्यीकरण करवाने के अलावा विधानसभा क्षेत्र में ट्रामा सेंटर बनवाने की मांग की। बताया कि क्षेत्र में ट्रामा सेंटर की सबसे ज्यादा जरूरत है। गंभीर मरीजों को मेरठ, दिल्ली आदि दूर स्थानों पर लेकर जाना पड़ रहा है। मंडी धनौरा में रामलीला मैदान का सौंदर्यीकरण कार्य जल्द पूरा करवाने व पपसरा खादर से दरबड़ ठेठ तक बचे तटबंध को जल्द ही पूरा करवाने की मांग भी की।

## न्याय प्रिय शासक थीं अहिल्याबाई

नौगावां सादात ।नगर पंचायत के एक मैरिज हॉल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी 300वीं स्मृति अभियान के तहत सम्मेलन हुआ। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा व संचालन महामंत्री कृष्ण बहादुर ने किया। मुख्य अतिथि दानिश मलिक व भाजपा के पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि वह एक न्याय प्रिय शासक थीं। उनके राज में प्रजा पूरी तरह सुखी थी। इस दौरान ईओ सलील भारद्वाज, वीरेंद्र सैनी, हाजी शहाबुद्दीन अंसारी, नसीम अंसारी, इकराम सैफी, महेश कुमार वाल्मीकि, शमीम अहमद सैफी, शर्मिष्ठा चौहान, भूपेंद्र चौहान, धर्मवीर, पवन कुमार जाटव, पीतम सैनी, सुमित चौहान, सुभाष त्यागी आदि रहे।

## निजीकरण के विरोध में मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

गजरौला। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा कार्यकताओं ने शुक्रवार को बिजली विभाग में निजीकरण को लेकर विरोध जताया। विभागीय मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए निजीकरण नहीं किए जाने की वकालत की। शुक्रवार को संगठन जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू व छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्थानीय बिजली विभाग के कार्यालय पर जमा हुए। राष्ट्रीय सचिव चंद्रपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार स्तर से बिजली विभाग में निजीकरण किया गया तो किसान सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन डीएम अमरोहा के माध्यम से भेज कर आंदोलन की शुरूआत की है।

## संक्षिप्त खबरें

### चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए चुनाव आयोग ने बीते 100 दिनों में शुरू की 21 नई पहलें

सहरसा मतदाता अनुभव को बेहतर बनाने और चुनाव प्रबंधन को अधिक सुगम और दक्ष बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले 100 दिनों के भीतर 21 नई पहलें शुरू की हैं। इन पहलों में प्रक्रियागत सुधार, प्रशिक्षण कार्यक्रम और विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक संवाद शामिल हैं। 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के बाद इन 100 दिनों को उद्देश्यपूर्ण, व्यावहारिक और सक्रिय प्रयासों से चिह्नित किया गया है। मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में इस नवीन दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की गई थी। एक मतदान केंद्र पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1,500 से घटाकर 1,200 कर दी गई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को साक्षी पोर्टल के लिए दिया गया प्रशिक्षण

## एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन का कार्य साक्षी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है

● स्वास्थ्य सेवा को गुणवत्ता के उच्च मानकों तक पहुंचाने में मदद करेगा साक्षी पोर्टल

प्रात: किरण संवाददाता




लखीसराय। स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को उच्च मानक तक पहुंचाने के लिए जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को साक्षी पोर्टल का एक दिवसीय प्रसिक्षण दिया गया। ये प्रशिक्षण सिविल -सर्जन डॉ बीपी सिन्हा की अध्यक्षता में सदर अस्पताल के सभागार में पटना से आये हुए पिरामल के प्रशिक्षक डॉ प्रियंका कुमारी एवं सुनील कुमार के द्वारा दिया गया। इस असवर पर डॉ बीपी सिन्हा ने बताया कि साक्षी पोर्टल एक ऐसा वेबपोर्टल है जिसका उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। इसके माध्यम से सभी हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र के अधिकारी को एनक्यूएएस, लक्ष्य ,कायाकल्प सर्टिफिकेशन के लिए कार्य करना आसान हो जायेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को प्रशिक्षण दे रहे पिरामल के डॉ प्रियंका ने बताया की साक्षी पोर्टल पर एनक्यूएएस संबंधित कार्य करने से संबंधित सारा लिस्ट दिया गया है। संबंधित सामुदायिक अधिकारी को इस पोर्टल पर किये गए कार्य को लिस्ट के अनुसार मार्क करना है। जिस कार्य का परिणाम अंक 2 आये तो उसका मतलब है वो कार्य पूरा हो चूका है। साथ ही जिस कार्य का परिणाम अंक 0 एवं अंक 1 करे रूप में आये तो वो उस दिशा में अभी कार्य करना है। प्रशिक्षक सुनील कुमार ने बताया की स्वास्थ्य संस्थान इस पोर्टल का उपयोग अपनी कार्यक्षमता को बेहतर बनाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कर सकते हैं। जिससे की एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवता आश्वासन मानक ) सर्टिफिकेशन को पाना और भी आसन हो जायेगा . यह पोर्टल स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जैसे कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, बीमारियों, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वस्थ रहने के सुझाव, स्वास्थ्य कार्यक्रमों, बीमा योजनाओं, स्वास्थ्य संबंधी एप्लीकेशन अ ौर विजीट इत्यादि. प्रशिक्षण में डीपीसी सुनील कुमार , प्रभारी जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन गुलशन कुमार के साथ जिले की सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद थी।

## 1 देशी राइफल 2 जिंदा कारतूस और 1 मैग्जीन के साथ 1 अपराधी गिरफ्तार






● अपराधिक घटना को अंजाम देने कबीरा धाप जा रहा था राइफल के साथ अपराधी

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जिला पुलिस टीम को फिर एक बड़ी सफलता मिली। जिसमें बुधवार की देर शाम चिरैया थाना अध्यक्ष और डायल - 112 की टीम को मिली गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में एक हथियारबंद अपराधी गिरफ्तार हुआ। वे सौंथी गांव से कबीरा गांव की ओर किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए जा रहे थे। जिनसे एक देशी राइफल, दो जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुआ। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि मिली गुप्त सूचना के बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर चिरैया थाना अध्यक्ष और डायल - 112 की टीम संयुक्त रूप से कबीरा गांव पहुंची। जहां पुलिस टीम को आते देख एक युवक भागने लगा। जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया। उनकी तलाशी लिए जाने पर उनके पास से एक देशी राइफल, उसके 8 एमएम के दो जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुआ। जिसको लेकर चिरैया थाना कांड संख्या - 25/25 दर्ज की गई थी। गिरफ्तार अपराधी चिरैया थाना क्षेत्र के सौंथी गांव, वार्ड नंबर - 2 निवासी पृथ्वी चौधरी के पुत्र जवाहर चौधरी थे। छापामारी टीम में चिरैया थाना अध्यक्ष इंदल कुमार, चिरैया थाना में नियुक्त डायल - 112 पदाधिकारी दिनेश मंडल और पुलिस बल शामिल थे।

## मिनीगन फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्वेदन, हथियार गोली के साथ ढ़ाई लाख रुपए कैश बरामद, महिला गिरफ्तार



प्रात: किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज ( मधेपुरा ) उदाकिशुनगंज से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहाँ पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का उद्वेदन किया है। पुलिस ने बड़े पैमाने पर हथियार, अर्धनिर्मित हथियार, जिंदा कारतूस सहित ढ़ाई लाख रुपए बरामद किया है। हथियार के साथ पुलिस ने मौके से एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला हथियार तस्करी करने वाले अपराधी मनोज यादव की पत्नी बताई जा रही है। मामले में उदाकिशुनगंज अनुमंडल के एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस वार्ता करते हुए पत्रकारों को बताया की उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के आनंदपुरा में अवैध हथियार फैक्ट्री का उद्वेदन किया गया है। 29 मई को पुलिस को गुप्त सुचना प्राप्त हुई की आनंदपुरा गाँव अंतर्गत मनोज यादव के घर मे अवैध हथियार का निर्माण किया जा रहा है। सुचना के अलोक में पुलिस अधीक्षक मधेपुरा के निर्देशानुसार एक टीम का गठन किया गया। टीम में उदाकिशुनगंज थानाध्यक्ष विनोद सिंह, बिहारीगंज थानाध्यक्ष अमित रंजन सहित अन्य पदाधिकारी पुलिस को शामिल किया गया। गठित टीम के पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पुलिस कर्मी के द्वारा हथियार निर्माण करने वाले मनोज यादव के घर को घेराबंदी कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मनोज यादव के घर से अवैध हथियार देसी मास्केट देसी कट्ठा जिंदा कारतूस अर्ध निर्मित हथियार खोखा सहित 230000 रुपए नकद एवं अवैध हथियार निर्माण से संबंधित उपकरण एवं पाठ पूजा आदि बरामद किया। पुलिस ने हथियार के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान मनोज यादव की पत्नी सुगमा देवी के रूप में की गई है। गिरफ्तार महिला के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार महिला का आपराधिक इतिहास भी खांगाला जा रहा है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया की अपराधी मनोज यादव के घर से एक लोहे का एक लोहे का बना अनलोडेड देशी मास्केट, एक लोहे का बना अनलोडेड देशी कट्टा, एक अर्द्धनिर्मित पीतल एवं लोहे का बना देशी कट्टा, 70 एम०एम० का पीतल एवं प्लास्टिक का बना बारह बोर का जिंदा कारतूस, कारतूस कुल 10 पीस, एक टूटा जिंदा कारतूस, चार खोखा, उन्नीस जिंदा कारतूस, एक छोटा एवं मोटा जिंदा कारतूस, एक खोखा, 11-01 (एक) लोहे का बना खाली मैगजीन, चौदह पीस लोहे का बना अर्द्धनिर्मित कट्टा का बट, पाँच पीस लोहे का बना अर्द्धनिर्मित कट्टा का बट प्लेट, तीन पीस लोहे के बना अर्द्धनिर्मित बैरल, चार पीस लोहे के बना बैरल पाईप, ग्यारह पीस लोहे का बना ट्रिगर, पन्द्रह पीस लोहे का बना ठोकर, दो बड़ी लगा गांडर मशीन, सात पीस ग्राइंडर मशीन का बड़ी, लकड़ी एवं लोहे को दाब कर रगड़ने व काटने वाला मशीन, तीन पीस बट के आकार के लकड़ी, एक छोटा लोहे का डाई, एक लोहे का छेनी, एक प्लास्टिक का बेट लगा हुआ रुखानी, दो पिलास। 25. 02, लोहे का एक छोटा एवं एक बड़ा शुम्भा, एक कील का बना छोटा छेनी, एक लकड़ी का बेट लगा टकुआ, एक लकड़ी का बेट लगा हथौड़ी, एक रड़ का बना सरसी, दो लोहे का वगाकार खोखला पाईप, एक लोहे का टोपन, चार लोहे का मोटा कील, जिसके अग्र भाग पर छेदा हुआ, लोहे के टी आकार का गिरमीट, लोहे के दो एंगल जिसमें छेद बना हुआ।

## एसपी ने संग्रामपुर थाना का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर ( मुंगेर ) । पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने गुरुवार को संग्रामपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण का निर्देश दिया. वहीं थाना के अभिलेखों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान का निर्देश दिया निरीक्षण के दौरान तारापुर डीएसपी सिंधु शेखर सिंह,इंस्पेक्टर विवेक राज,थानाध्यक्ष विनोद कुमार झा सहित थाना में तैनात अन्य पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। संग्रामपुर थाना पहुंचने पर एसपी को पुलिसकर्मियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया. जिसके बाद एसपी ने अभिलेखों का अवलोकन किया और उसे रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. उन्होंने जमानतीय, अजमानतीय, वारंट, सम्मन, कुर्की पंजी, स्पष्टीकरण पंजी, लोक शिकायत पंजी, ग्राम अपराध पंजी का अवलोकन किया और लंबित वारंट, इश्तिहार, कुर्की व लोक शिकायत आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया। सीसीटीएनएस पर जहां रियल टाइम इंट्री की कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं महिला हेल्प डेस्क के कार्यों का जायजा लिया।उन्होंने कहा कि यहां शिकायत लेकर आने वाले आगंतुकों को पावती रसीद समय रियल टाइम दिया जाय। जबकि असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर धारा-126 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजे। उन्होंने शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर करने को कहा. एसपी प्रभावी गश्ती, बैंक, पेट्रोल पंप, होटल, लॉज, किरायेदारों का सत्यापन करने का निर्देश दिया लंबित कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने और भूमि विवाद व लोक शिकायत से संबंधित मामलों का अनुश्रवण व निष्पादन करने का निर्देश दिया।उन्होंने संग्रामपुर थाना में रखरखाव, साफ सफाई और 112 पर तुरंत कार्यवाही करने का रिस्पांस ठीक पाया गया।वही महिला पदाधिकारी के नही रहने पर कहा की सावन के शुरू होने के पहले ही आ जायेगें।

## बेगूसराय से लापता हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष का शव मुंगेर जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र से बरामद किया गया

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर/ बरियारपुर ( मुंगेर ) पिछले पांच दिनों से बेगूसराय से लापता हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष का शव मुंगेर जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है। हत्या के बाद शव को बालू में दबा दिया गया था। परिजनों ने स्थानीय सरपंच पति दबंग डब्लू यादव पर मृतक के किडनैप का आरोप लगाया था,और आज शव बरामद हुआ है। डीएनए के लिए सैंपल को संग्रह किया गया है। दरअसल बेगूसराय जिला अंतर्गत साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के संदलपुर में पंचायत के ही सरपंच पति दबंग डब्लू यादव और उसके साथ अन्य बेखौफ हथियारबंद अपराधियों के द्वारा 24 मई 2025 को सरेशाम ताबड़तोड़ करीब 15-16 राउंड फायरिंग करते हुए फिल्मी अंदाज में संदलपुर निवासी 20 सूत्री सदस्य और जीतन राम मांझी की पार्टी हम के प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ विकास का अपहरण कर लिया। जिसके बाद से अब तक अपहत का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका था । जिसके बाद पुलिस के द्वारा इस मामले को ले काफी खोज बिन की गई ओर अपहत का कहीं कोई पता नहीं चल पाया था। इस बीच मुंगेर जिला के मुफ्फसिल थाना के एक चौकीदार ने मुफस्सिल थाना प्रभारी को सूचना दी कि जाफर नगर दियारा क्षेत्र के फूल मल्लिक मौज में बालू के अंदर से कुछ बदबू आ रहा है। जिसके बाद मुफस्सिल थाना के द्वारा वहां बालू हटवा के दिखवाया गया तो बालू के नीचे एक युवक का शव था। जिसके बाद इस बात की सूचना साहेबपुर कमाल को दी गई। वहां से पुलिस और अपहत के परिजन मुंगेर पहुंचे । और उस शव की पहचान करने में जुटे । पर उसके बाद भी काफी देर तक परिजन भी कंफ्यूजन में पड़े रहे की यह शव उसके अपहत विकास का है कि नहीं । पर अंततः परिजनों ने उस शव की पहचान कर ली की वह अपहत विकास का ही शव है। जिसके बाद परिजनों में हाहाकार मच गया । अस्पताल परिसर पहुंचे परिजनों का रोरो के बुरा हाल था। शव की पहचान के बाद पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया गया । इसके बाद अपहरण के बाद हत्या की वारदात से पूरा इलाका दहशत गया । अब पुलिस मामले की तह तक जा जांच करने में जुट गई है। साथ ही पुलिस के द्वारा अपराधियों को पकड़ने के लिए उनके ठिकानों पर छापामारी कर रहा है । इस मामले में सदर एसडीपीओ अभिषेक आनंद ने बताया कि शव के बरामद होने के बाद साहेबपुर कमाल थाना को सूचना दी गई । जहां से परिजन और थाना पहुंच शव का शिनाख्त किया गया। और डीएनए के लिए भी सैंपल को संग्रह कर लिया गया हैं। वहीं हम पार्टी के प्रदेश सचिव निलेश सिंह ने बताया कि जंगल राज के कुछ अपराधी फिर सर उठाने की कोशिश कर रहे है जिसको कुचल दिया जाएगा। हम के प्रखंड अध्यक्ष के हत्यारे को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा ।

## एसएनएस कॉलेज में बीएड परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न, 587 छात्र छात्रा परीक्षा में हुए सम्मिलित



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय में बीएड प्रथम ईयर की परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया की महाविद्यालय में रमेश झा महिला कॉलेज, आर एम कॉलेज,एम एल टी कॉलेज, ईस्ट एंड वेस्ट ट्रेनिंग कॉलेज, राधेश्याम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के कुल 597 छात्र छात्राओं का परीक्षा का केंद्र इस महाविद्यालय को बनाया गया। जिसमें कुल 587 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 10 छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहे। महाविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय कुमार सिंह एबं ड़ॉ अनिरुद्ध कुमार के साथ सहायक डॉ धर्मव्रत चौधरी ने परीक्षा को सुचारू रूप से कदाचार मुक्त लेने के लिए सभी वीक्षकों का आभार व्यक्त किया। परीक्षा में सहयोग करने वालों में डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ महानंद सदा, मनोज कुमार सिंह, नवीन कुमार, अभिनव कुमार, सुधा कुमारी, बबीता कुमारी, नौसीबा खातून, बिंदु कुमारी, सुनीता कुमारी, सत्यम, पुरूषोतम कुमार सिंह, बसंत प्रसाद सिंह, अभिमन्यु कुमार, प्रांजल सुमन, संजय कुमार सिंह, नितेश्वर निर्भय, प्रधान सहायक ओम प्रकाश सिंह, उदय कुमार, ओमप्रकाश पंडित, बब्बन कुमार सिंह ने सहयोग किया।

## लखीसराय में विश्व तम्बाकू दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, नुक्कड़ नाटक का भी किया गया आयोजन

लखीसराय !सदर अस्पताल में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें एएनएम और जीएनएम की बच्चियों ने भाग लिया और तंबाकू के सेवन से हानिकारक प्रभावों को दशार्या गया। यह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों जैसे कैंसर, दिल की बीमारी और फेफड़ों की गंभीर समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। नाटक में अंजली, कशिश,अंशु,हर्षिता,नेहा,रजनी तथा नीलम का प्रदर्शन लाजबाब रहा जिसे उपस्थित चिकित्सकों ने पुरस्कृत भी किया। जीएनएम और एएनएम ने हाथों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तख्तियों तंबाकू निषेध दिवस के स्लोगन के साथ लोगों को जागरूक किया।इस मौके पर सीएस बीपी सिन्हा,डा अश्वनी कुमार,डा आशिष कुमार समेत कई लोग शामिल रहे।

## मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर पिरामल टीम द्वारा वैजनाथपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा सौर बाजार ब्लॉक के माध्यमिक स्कूल बैजनाथपुर में पिरामल टीम के द्वारा शुक्रवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मासिक धर्म स्वच्छता और एचपीवी टीकाकरण पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों और शिक्षकों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया गया।कार्यक्रम में मासिक धर्म से जुड़े मिथकों और तथ्यों पर चर्चा की गई। छात्रों को बताया गया कि पीरियड्स क्यों होते हैं और इस दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। साथ ही, सेनेटरी पैड्स के उपयोग और घर पर घरेलू उपचार से साफ-सुथरे तरीके से रहने के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा, कार्यक्रम में एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर भी जोर दिया गया। नौ से चौदह साल के बच्चों को एचपीवी का टीका लगाया गया, जो कि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रेड डॉट कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया गया, जिसमें बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। सौर बाजार की सीएचसी के बीएचएम और एमओआईसी, स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यूनिसेफ, यूएनडीपी और डब्लूएचओ के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। पिरामल टीम से पूजा सिंह, विभूति युगल और अखिलेश कुमार ने इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता, एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर जोर, रेड डॉट कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की जागरूकता बढ़ाना, यूनिसेफ, यूएनडीपी और डब्लूएचओ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। छात्रों और शिक्षकों में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता में वृद्धि, एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूकता में वृद्धि,बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना शामिल है।

## मुखिया मोना कुमारी की अध्यक्षता में हुई जीपीपीएफएफटी की बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा सिरवार वीरवार अंतर्गत पंचायत भवन सिरवार वीरवार में मुखिया मोना कुमारी की अध्यक्षता एवं पिरामल फाउंडेशन की उपस्थिति में जीपीपीएफएफटी की मीटिंग की गई, साथ ही साथ फाइलेरिया रोगी को एक एम. एम. डी. पी. किट का वितरण मुखिया जी के द्वारा किया गया। इस किट का प्रयोग करने पर रोगी खुद को पहले से सहज महसूस करेंगे। अगर फाइलेरिया का कोई मरीज है तो वो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर कीट का सुविधा ले सकते है, और वैसे मरीज का सरकार के द्वारा विकलांगता प्रमाण पत्र भी देने का प्रावधान है जो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से मिलेगा। सिरवार वीरवार पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने हेतु चयन किया गया है और पंचायत को कुपोषण मुक्त पंचायत फाइलेरिया मुक्त पंचायत, एनीमिया मुक्त पंचायत बनाने के लिए विशेष रूप से जीपीपीएफटी समिति को मिलकर काम करना है जिससे हमारा पंचायत एक मॉडल पंचायत के रूप में उभर कर आ सके और पंचायत के सभी लाभार्थी स्वस्थ और जागरूक हो सके। इस कार्य में पीरामल फाउंडेशन का विशेष सहयोग लिया जाएगा। इस मीटिंग में मुखिया मोना कुमारी, पंचायत सचिव, पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर आलोक कुमार, भी. बी. डी. एस. संजय कुमार, वार्ड सदस्य, पिरामल फाउंडेशन के पी.ओ. राजेश कुमार, एएनएम, आशा, सेविका और जीविका के सदस्य उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए : जिलापदाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। आगामी 7 से 9 जून तक मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा बकरीद पर्वको शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को संग्रहालय सभागार में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा उससे संबंधित विधि व्यवस्था संधारण पर बिंदुवार चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक सैयद ईमरान मसूद, नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, मेयर कुमकुम देवी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिषेक आनन्द, यातायात डीएसपी प्रभात रंजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ई-उल-अजहा (बकरीद पर्व) 2025 को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है तथा इसके लिए विधि व्यवस्था संधारण पर विशेष ध्यान देने हेतु सभी दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित किया गया है। उन्होंने कहा कि बकरीद के दिन आरडी एंड डीजे कॉलेज स्थित ईदगाह में प्रातः 7 से 8 के बीच बकरीद की विशेष नमाज अता की जाएगी। इसके लिए वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। सफाई एवं पेयजल के लिए नगर निगम की ओर से समुचित व्यवस्था किए जाएंगे। इसके अलावे सुरक्षा के मद्देनजर वहां चारो ओर सीसीटीवी कैमरे भी अधिष्ठापित किए जाएंगे, जिससे हर गतिविधि पर नरज रखी जा सके। इसके अलावे अम्बे चैक से डीजे कॉलेज तथा पांच नंबर गुमटी तक यातायात व्यवस्था को भी सुदृढ़ करने के लिए यातायात डीएसपी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि आपकी सर्तकता एवं सजगता ही पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न करा सकती है। इस लिए आप सभी पूरी तरह सर्तक एवं सजग होकर कार्य करेंगे। इसके अलावे किसी भी अफवाह की बिना जांच किए कार्रवाई नहीं करेंगे। अफवाह यदि प्राप्त होती है तो, उस पर तुरत अमल करेंगे और उसकी सूचना सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ साथ नियंत्रण कक्ष में भी देंगे, ताकि यदि किसी तरह की कोई अव्यवस्था उत्पन्न हो तो उस पर त्वरित कार्रवाई की जा सकी। इसके अलावे कुबार्नी के बाद जो वेस्टेज वस्तुएं होती है, उसके निस्तारण के लिए बंद डब्बे के प्रयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि वेस्टेज के इधर उधर गिरने या खुले में फेकने से विवाद की स्थिति भी बन सकती है, इस लिए उसे निस्तारित करने के लिए बंद डब्बे का ही प्रयोग करेंगे। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों, दण्डाधिकारियों एवं क्यूआरटी की टीम को पर्व के तीनों दिन लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया। साथ ही संवेदनशील अथवा अतिसंवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती एवं लगातार पुलिस गश्ती की बात कही। इसके अलावे पर्व के दिन पूरे क्षेत्र में विद्युत एवं पेयजल की निर्बाध आपूर्ति का भी उन्होंने निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों को 126 के तहत बाउंड डाउन की प्रक्रिया शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सैयद ईमरान मसूद ने सभी पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि आप आज की बैठक के पश्चात अनुमंडल एवं थाना स्तर पर भी बैठक कर सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दें। पर्व के दिन किसी भी तरह की कोई विवाद अथवा समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए पूरी सजगता के साथ कार्य करेंगे।

## पुल की रेलिंग क्षतिग्रस्त, दुर्घघटना को दे रहा है दावत, लोगों ने बताया विभाग की लापरवाही

शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर प्रखंड मुख्यालय से महज सात किलो मीटर दूर सिंहेशवर मुख्य मार्ग से रायभीर जाने वाले एनएच रोड नंबर 18 रायभीर पंचायत के पंचमुखी चौक पर बना पुल निर्माण के कुछ ही दिनों बाद ही रेनिंग टूट गया जिसके चलते गाड़ी चालक के साथ साइकिल चालक सहित पैदल चलते राहगीर को दुर्घघटना का आशंका बना रहता है। गौरतलब हो कि रायभीर पंचायत के भूत पूर्व मुखिया स्वर्गीय सतनारायण प्रसाद यादव के कर कलमों द्वारा पंचमुखी चौक का निर्माण कराया गया था। जहां रविवार ओर बुधवार को साप्ताहिक हाट बाजार भी लगता हैं। वहीं स्थानीय कुछ लोग ओर कुछ दूरदराज से आए लोग पंचमुखी चौक पर दुकान किए हुए हैं। जिससे रोड पर काफी लोगों का आवाजाही होता है। बताते चलें कि कई गांव ओर बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बना पुल की रेनिंग टूटने से राहगीर गाड़ी चालक को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## मुंगेर जिले में सड़क दुर्घटनाओं में विगत दिनों 43 लोगों की मौत हुई

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। यूं तो पूरे बिहार में यातायात सुरक्षित नहीं है यातायात को लेकर परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है वाहन चेकिंग अभियान में सख्ती बनी हुई है बावजूद सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यातायात थाना के अनुसार जनवरी 2025 में जिले भर में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 61 मामले प्रतिवेदित हो चुके हैं। दुर्घटना में 43 लोगों की मौत हुई है जबकि 25 लोग घायल हो चुके हैं। जिले भर में 20 स्थान को ब्लैक स्टॉप के रूप में चिन्हित कर चिन्हित स्थानों पर दुर्घटना को रोकने के लिए साइन आगे संकट के अलावा ब्रेकर और आईसीडी द्वारा लगाया गया है। श्री कृष्णा सेतु पाथ न0 80 पर फड़ा हेरुहीरा बैंक काली स्थान तेलिया तालाब मस्जिद मोड बरियारपुर जमुई मुख्य मार्ग पथ पर बरियारपुर पुलिया के समीप और घंटा तथा संग्रामपुर में सबसे अधिक सड़क दुर्घटना के मामले प्रतिवेदन होती रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सदर अस्पताल जिला स्कूल किलकारी बल भवन के अलावा अन्य ऐसे स्थान है जहां हमेशा लोगों की आवा जाही होती है वैसे स्थान पर ब्रेकर नहीं लगाया गया है जिस कारण दुर्घटनाएं होती हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी एसके अलबेला और ट्रैफिक डीएसपी प्रभात रंजन का मानना है कि यातायात नियमों की अनदेखी और रफ ड्राइविंग सड़क दुर्घटना के बढ़ते मामलों का एक गंभीर कारण है। वर्ष 2000 के 5 महीना में दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं के मामले जनवरी 2025 दुर्घटनाएं 14 प्रतिवेदानित हुई मृतक की संख्या 8 घायलों की संख्या 6 फरवरी 2025 10 दुर्घटना प्रतिवेदित हुई मृतकों की संख्या 7 त्र की संख्या चार मार्च 2025 14 दुर्घटनाएं प्रतिवेदन हुई मृतकों की संख्या 10 घायलों की संख्या 5 अप्रैल 2025 14 दुर्घटनाएं प्रतिवेदन हुई जिसमें 11 की मौत हुई 6 घायल हुए मई2025 में 9 दुर्घटनाएं प्रतिवेदित हुई मृतकों की संख्या 7 घायलों की संख्या चार।मुंगेर के यातायात डीएसपी प्रभात रंजन ने बताया कि यातायात थाना द्वारा लगातार अभियान चलाकर हेलमेट सीट बेल्ट की जांच की जाती है। ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना वसूल किया जाता है। फिर भी रफ ड्राइविंग रोकने के लिए और अभियान के दौरान और शक्ति करने की आवश्यकता है। परिवहन विभाग के अधिकारी चाहे जितना भी हाथ पांव मार लें आज भी सड़कों पर ऐसी सैकड़ो वाहन चलाई जा रही हैं जिन्हें ना तो इंश्योरेंस है और ना ही उन वाहनों का वायु प्रदूषण प्रमाण पत्र है इस तरह के कई वाहन चालकों की आपत्तियां हैं जिसे मुंगेर के जिला परिवहन पदाधिकारी ने नजरअंदाज कर दिया है या फिर विभाग के लोगों के द्वारा प्रतिमा बंदी बधाई रकम विभाग को भेजा जा रहा है जिससे दुर्घटनाएं तो प्रतिवेदन हो ही रही हैं साथ ही वायु प्रदूषण और सरकार को टैक्स का भी चूना लगाया जा रहा है।

# बिहार के स्वाभिमानी अउर मेहनती भाई-बहन आप सबै के प्रणाम



आपका ये स्नेह, बिहार का ये प्यार, मैं इसे हमेशा सर-आँखों पर रखता हूँ। और आज बिहार में इतनी बड़ी तादाद में माताओं-बहनों का आना, ये अपने आप में बिहार के मेरे इतने कार्यक्रमों की ये सबसे बड़ी शानदार घटना है। मैं माताओं-बहनों को विशेष प्रणाम करता हूं। मैं आप सभी जनता-जनार्दन का ह्दय से आभार व्यक्त करता हूं।सासाराम की इस धरती के तो नाम में भी राम है, सासाराम। सासाराम के लोग जानते हैं, भगवान राम और उनके कुल की रीति क्या थी, प्राण जाए पर वचन न जाई। यानी, जो वचन एक बार दे दिया, वो पूरा होकर के ही रहता है। प्रभु श्रीराम की ये रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। अभी पहलगाम में, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमला हुआ था, हमारे कितने निर्दोष नागरिक मारे गए, इस जघन्य आतंकी हमले के बाद, एक दिन के बाद मैं बिहार आया था, और मैंने बिहार की धरती से देश को वादा किया था, वचन दिया था, बिहार की धरती पर, आंख में आंख मिलाकर हमने कह दिया था, आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा, बिहार की इस धरती पर मैंने कहा था, उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा होगी। आज जब मैं बिहार आया हूं, तो अपना वचन पूरा करने के बाद आया हूं। जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। भारत की बेटियों के सिंदूर की शक्ति क्या होती है, ये पाकिस्तान ने भी देखा, और दुनिया ने भी देखा। जिस पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे, हमारी सेनाओं ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पाकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने, हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए, ये नया भारत है, ये नए भारत की ताकत है।ये हमारा बिहार वीर कुंवर सिंह जी की धरती है। यहाँ के हजारों नौजवान देश की सुरक्षा के लिए सेना में, इरत्र्में अपनी जवानी खपा देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में, दुनिया ने हमारी इरत्र्का भी अभूतपूर्व पराक्रम और अदम्य साहस देखा है।हमारी सीमाओं पर तैनात जांबाज सुरक्षा की अभेद्य चट्टान है, मां भारती की रक्षा हमारे इरत्र्के जवानों के लिए सर्वोपरि है। और यही मातृभूमि की सेवा का पवित्र कर्तव्य निभाते हुए, 10 मई को सीमा पर सब इंस्पेक्टर इम्तियाज शहीद हो गए थे। मैं बिहार के इस वीर बेटे को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूँ। और मैं आज बिहार की धरती से फिर दोहराना चाहता हूँ, ऑपरेशन सिंदूर में भारत की जो ताकत दुश्मन ने देखी है, लेकिन दुश्मन समझ लें, ये तो हमारे तरकश का केवल एक ही तीर है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी है, न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो भारत उसे बिल से खींचकर कुचलने का काम करेगा।हमारी लड़ाई देश के हर दुश्मन से है, फिर वो चाहे सीमा पार हो, या देश के भीतर हो। बीते वर्षों में हमने हिंसा और अशांति फैलाने वालों का कैसे खात्मा किया है, बिहार के लोग इसके साक्षी हैं। आप याद करिए, कुछ साल पहले तक सासाराम, कैमूर, और आसपास के इन जिलों में क्या हालात थे? नक्सलवाद कैसे हावी था, मुंह पर नकाब लगाए, हाथों में बंदूक थामे, नक्सली कब-कहाँ सड़कों पर निकल आयें, हर किसी को ये खौफ रहता था। सरकारी योजना आती थी, पर नागरिकों तक पहुंचती ही नहीं थी। नक्सल प्रभावित गांव में न तो अस्पताल होता था, न मोबाइल टावर। कभी स्कूल जलाए जाते थे, कभी सड़क बनाने वालों को मार दिया जाता था। इन लोगों का बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान पर कोई विश्वास नहीं था।

नीतीश जी ने उन परिस्थितियों में भी यहां विकास की पूरी कोशिश की। 2014 के बाद से हमने इस दिशा में और तेजी से काम किया। हमने माओवादियों को उनके किए की सजा देनी शुरू की। हम युवाओं को विकास की मुख्यधारा में भी लेकर आए। 11 सालों की दृढ़ प्रतिज्ञा का फल आज देश को मिलना शुरू हुआ है। 2014 से पहले देश में सवा सौ से ज्यादा ज़िले नक्सल प्रभावित थे, अब सिर्फ, सवा सौ से ज्यादा, अब सिर्फ 18 जिले नक्सल प्रभावित बचे हैं। अब सरकार सड़क भी दे रही है, रोजगार भी दे रही है। वो दिन दूर नहीं जब माओवादी हिंसा का पूरी तरह से खात्मा हो जाएगा, शांति, सुरक्षा, शिक्षा और विकास गाँव-गाँव तक बिना रुकावट के पहुंचेंगे।

## आजादी के इतने दिनो बाद भी राजभाषा हिन्दी राष्ट्र भाषा न बन सकी, क्यो?



रवीन्द्र कुमार रतन

आजादी के इतने वर्षो बाद भी हिन्दी राज भाषा बनी, वाट जोह रही है कि कौन सरकार आयेगी, जो इसे राष्ट्र. भाषा के सिंघासन परआरूढ़करेगी ? सच पूछिये तो अंग्रेजी विचार धारा के लोग इसे राष्ट्रभाषा बनाने के प्रति गम्भीर नही है ।जरुरत है आज हिन्दी को सौतन होने से बचाने की । राष्ट्र की अस्मिता के प्रश्न पर सब एक होकर दिखलाईये ।सोचिये, विचारिये शीघ्र अब हिन्दी को सौतन होने से बचाइए अन्ग्रेज चले गए मगर अंग्रेजियत छोड़ गए । हम आज भी हीन भावना से ग्रस्त हैं। बस में चलें,ट्रेन में चले तो धोती- कुरता पहने कोई विद्वान भी सामने आ जाये तो कोई उसे जगह नहीं देगा,मगर वहीं पर कोई सूट -बूट ,टाई लगाए अन्ग्रेज टाईप का अज्ञानी आदमी भीआजाये तो लोग तुरत उसे अपनी जगह देकर खड़े हो जाते हैं ।इससे लगता है आज की हिन्दी तो अपनो से ही हारी है । हम सभी भाषा को सीखे , जानें समझें मगर हिन्दी को ही अपनाएं और उसे ही राष्ट्र भाषा अब बनाएँ।

राजभाषा हिन्दी को ही राष्ट्रभाषा अब बनाएँ।. औ हिन्दी दिवस को हम सबराष्ट्रीय उत्सव सा मनाएं ।?विवेकानंद ने हिन्दी में बोल कर विदेश में भारत और भारत की भाषा हिन्दी का झन्डा लहरा दिए थे ।अटल बिहारी वाजपेयी जी ने विदेश में हिन्दी में भाषण देकर भारत के भाल पर हिन्दी की विन्दी लगा कर भारत माँ का शृंगार किया। आज हिन्दुस्तान की युवा पीढी आइटी सेक्टर और मेडिकल की पढाई के कारण भी हिन्दी से बिमुख हो रहे हैं। जबकि एसी बात नही है ।अब तो प्राद्योगीकि के पढाई की व्यवस्था भी हिन्दी मे भी हो रही है। 14 सितम्बर 1949 कोभारत की संविधान सभाने हिन्दी को राजभाषा के रुप मे स्वीकार किया। उसी समय से हमलोग इस तिथि को हिन्दी-दिवस के रुप में मनाते आ रहे है। हिन्दी एक जीवन्त भाषा है देश काल और परिस्थिति के अनुसार इसने अपने आप को बदला है,यही कारण है कि आज हिन्दी विश्व व्यापी भाषा के रुप में प्रचारित और प्रसारित हो रही है। हम जानते हैं कि किसी भी भाषा का विकास या उसकी उन्नति उस देश के नेतृत्व की इक्षा शक्ति पर निर्भर करती है ।हिन्दी दिवस को छोड़ कर बकिये दिन सरकार द्वारा हिन्दी के विकास प्रचार और प्रसार से लोग इतना ज्यादा निरास हो चुके प्रतीत होते है ।ऐसे लोगो के कारण यह भाषा राष्ट्र भाषा के पद पर आरूढ़ नही हो पाती देश अपने आजादी का अमृत महोत्सव मना चुकी है इसके बाबजूद भी आज हिन्दी राष्ट्र भाषा के सिंघासन पर बैठ नहीं पाई ।देश है आजाद जब तो क्यों यहां परतंत्र हिन्दी ? राष्ट्र भाषा के सिंघासन क्यों नही आसीन हिन्दी? जब कि आज विश्व में सब से ज्यादा बोली जाने वाली भाषा का गौरव हिन्दी को ही प्रप्त है ।समाज में यह भ्रम फैला है कि रोजगार और प्रतिष्ठा की भाषा अन्ग्रेजी ही है, इसका परिणाम यह हुआ कि भारत में एक भाषाईआभिजात्य वर्ग पैदा हुआ जोअन्ग्रेजी के माध्यम से अपने हितों का दोहनकर शेषभाषा समाज का शोषण करतारहा ।इस प्रवृत्तिने हमारी मानसिक्ता को बीमार बना दिया है। जाने अनजाने में हम इस भावना के शिकार होने से उवर नहीं पा रहे है । हिन्दी हमारीजान-माल,मान सम्मानऔरशानहीनहीअपितु अन्तर्राष्ट्रिय स्तर पर यह हमारी पहचान तथा परिभाषा है। भारत की आत्मा में हिन्दी का निवास है, इसके विकास और विस्तार के बिनाभारत का विकास विस्तार सम्भव नहीं है ।ह्यहिन्दी दिवस मना लेने से,कविता-कहानी पढ़ लेने सेअगर समझते हो गेल हिन्दी तो न होगी माथे की विन्दी ।

# मोदी : दुर्लभ संकल्प-शक्ति के अतुल्य नायक

## अखंड पराक्रम के महायात्री मोदी

**26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी जी के भारत के प्रधानमंत्री बनते ही यह धारणा टूट गई। साल 2016 में उरी में हमारे सैन्य टुकड़ी पर हुए आतंकी हमले का भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब देकर अपने जवानों की मौत का बदला लिया। वहीं, 2019 में पुलवामा अटैक के बाद एयर स्ट्राइक करके भारतीय सैन्य बलों ने डंके की चोट पर पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत किया। इन दोनों कार्रवाई ने पाकिस्तान सहित दुनिया की सभी आतंकी ताकतों को यह संदेश दे दिया था कि यह नया भारत है**





विष्णुदत शर्मा
लेखक

सन 2014 के पहले भारतीय जनमानस ने धीरे-धीरे यह मान लिया था कि आतंकवादी हमले हमारी नियति हैं और इसके बदले में कुछ किया नहीं जा सकता। यह धारणा तब और प्रबल हो गई जब मुंबई में 26/11 का हमला हुआ। पाकिस्तान से आये आतंकियों ने हमारे देश की आर्थिक राजधानी का सरेआम सीना छलनी कर दिया था। सारा देश आक्रोश से भर गया था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री की लाचार चुप्पी ने देश की जनता और सेना दोनों का मनोबल धराशायी कर दिया था। उसके बाद भी आतंकी घटनाएँ होती रहीं, लेकिन केंद्र सरकार ने प्रतिकार नहीं किया और न ही उन निर्मम कुकृत्यों के प्रति भारतीय नेतृत्व में कभी बेचैनी देखी गई। उलटे पाकिस्तान से शांति की गुहार लगाते हुए कश्मीर के अलगाववादी संगठनों और आतंकियों के आकाओं की खुशामद होती रही। फलतः भारतीय जनमानस में यह हीनता पैठ कर गई थी कि आतंक के खिलाफ अब ठोस कार्रवाई एक दिवास्वप्न है। यह धारणा और बलवती होती गई कि आतंकवाद से हमारे निर्दोष नागरिक मारे जाते रहेंगे और दोषियों का कुछ नहीं किया जा सकता।

26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी जी के भारत के प्रधानमंत्री बनते ही यह धारणा टूट गई। साल 2016 में उरी में हमारे सैन्य टुकड़ी पर हुए आतंकी हमले का भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब देकर अपने जवानों की मौत का बदला लिया। वहीं, 2019 में पुलवामा अटैक के बाद एयर स्ट्राइक करके भारतीय सैन्य बलों ने डंके की चोट पर पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत किया। इन दोनों कार्रवाई ने पाकिस्तान सहित दुनिया की सभी आतंकी ताकतों को यह संदेश दे दिया था कि यह नया भारत है, जो सिर्फ बयानबाजी नहीं करता, बल्कि छेड़ने पर बमबारी करने में भी नहीं हिचकता है। पिछले एक दशक से पूरे विश्व। को ज्ञात है कि भारत अब पीड़ितों की तरह मुंह मोड़कर नहीं बैठता, अपितु वह घर में घुसकर जवाब भी देता है। यह अपने हिसाब से आतंकी अड्डों को मिट्टी में मिलाता है। इसकी सेनाएँ कोई सजावटी सामान नहीं हैं, यह साहस, शौर्य, सामर्थ्य की वैश्विक मिसाल हैं।

दुर्भाग्य से 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने एक बार फिर हमारी छाती को छलनी किया, लेकिन वे भूल गए थे कि नया भारत अभी भी नरेंद्र मोदी के हाथों में ही है और दस साल में हमारी सेना का सामर्थ्य भी कई गुना बेहतर हो चुका है। इस कल्पना से ही रूह काँप जाती है कि 22 अप्रैल की नृशंस व बर्बर आतंकी घटना (जिसमें धर्म पूछकर लोगों को मारा गया) के समय यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार होती तो क्या होता? निंदा, विलाप और बयानबाजी के वही पुराने राग गाये जाते जो पिछले कई दशकों तक सुनाए जाते रहे, लेकिन देश की माटी का यह सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नरेंद्र मोदी जी जैसा निर्णायक, निर्भीक एवं निडर नेतृत्व है, जिसने देश को न झुकने देने की सौगन्ध खायी हुई है, जिसने भारत की बेटियों की लाज बचाने का संकल्प लिया है, जिसने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सारा जीवन मां भारती को सौंप दिया है। जिसकी आतंकी देशों से निरर्थक बातचीत में कोई रुचि नहीं है। जिसने पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में लाने का सपना पाला हुआ है। जिसका मत एकदम स्पष्ट है, आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं हो सकती, आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते और पानी व खून भी एक साथ नहीं बह सकता। जिसने देश की सीमाओं को अभेद्य बनाने का बीड़ा उठाया है। सौभाग्य से आज देश के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जिसने समूचे विश्वज के समक्ष भारत का ह्यन्यू नार्मलह्ल रख दिया है, जिसमें आतंकवाद पर घड़ियाली आँसू नहीं बहेगा, बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं का खून बहेगा एवं उनके फन उनकी माँद में घुसकर कुचले जाएँगे।

पहलगाम की बर्बरता से सारा देश आहत हुआ, उसका बदला लेने के लिए संकल्पित प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारतीय सेनाओं को पूरी छूट दी। अपने संकल्प को सिद्ध करते हुए मोदी सरकार ने भारत की ओर आँख उठाने का अंजाम आज हर आतंकी और उनके संगठनों को बता दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने अदम्य साहस दिखाते हुए पाकिस्तान के उन अड्डों का नामो-निशान मिटा

# लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर, वीरता, त्याग, राष्ट्रभक्ति की प्रतीक

**अहिल्याबाई होल्कर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। देश में जब भी किसी महिला का जीवन आदर्श, वीरता, त्याग, राष्ट्रभक्ति के लिए सदा याद किया जाता है, उनमें रानी अहिल्याबाई होल्कर का नाम जेहन में आता है। वे 18वीं शताब्दी की एक ऐसी प्रेरणादायक महिला थी जिनका पूरा जीवन आज समाज के लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत है**





हर्षवर्धन पांडे
लेखक

### लोकमाता की 300वीं जयंती

भारत देश अपनी गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और परंपराओं के लिए दुनिया में जाना जाता है। यहाँ अनेक ऐसे योद्धा, शासक, शासिकाओं ने जन्म लिया है जिनका नाम लोककल्याण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में आज भी गर्व के साथ लिया जाता है। इनमें से अहिल्याबाई होल्कर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। देश में जब भी किसी महिला का जीवन आदर्श, वीरता, त्याग , राष्ट्रभक्ति के लिए सदा याद किया जाता है, उनमें रानी अहिल्याबाई होल्कर का नाम जेहन में आता है। वे 18वीं शताब्दी की एक ऐसी प्रेरणादायक महिला थी जिनका पूरा जीवन आज समाज के लिए बड़ी प्रेरणा का स्रोत है। होल्कर राजवंश का इतिहास जितना समृद्ध रहा है, उतनी ही अहिल्याबाई होल्कर की विरासत लोककल्याण के कार्यों के लिए जानी जाती है। कुशल प्रशासन एवं कर्तव्यपरायणता जैसे अपने अनेक मानवीय गुणों के कारण अहिल्याबाई होल्कर के द्वारा कराये गए अनेक कार्य देश में आज भी याद किये जाते हैं । उन्होंने अपने जीवनकाल में कभी कहीं कोई समझौता नहीं किया। पूरी कर्तव्यनिष्ठा व अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोककल्याण एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति संकल्पबद्ध होकर हर पल का सदुपयोग ही किया शायद यही वजह थी कि समाज के बीच उनकी एक अलग ही विशिष्ट पहचान और प्रतिष्ठा थी। भारतीय संस्कृति एवं लोककल्याण के कार्यों के प्रति उन उनका सम्मान का भाव उनके द्वारा किए गए अनेकानेक कार्यों में देखा जा सकता था। हमारी संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन हेतु जन-जन को प्रेरित व प्रोत्साहित करना उनका स्वाभाविक गुण था। सचमुच उनका जीवन आज समाज के लिए प्रेरणा व प्रोत्साहन का अविरल स्रोत है। अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई, 1725 को अहमदनगर, महाराष्ट्र के गाँव छौंदी में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। एक साधारण से किसान परिवार में जन्मीं अहिल्याबाई होलकर छोटी उम्र से ही अपनी संस्कृति पर गर्व करती थी, साथ ही प्रजा में रह रहे आमजनों की पीड़ा की अनुभूति भी करती थी। इनके पिता मनकोजी राव शिन्दे शिवभक्त थे। पिता के संस्कार बालिका अहिल्या पर भी पड़े। उनके पिता मानकोजी शिंदे खुद धनगर समाज से थे, जो गांव के पाटिल की भूमिका निभाते थे। अहिल्याबाई का जीवन भी बहुत साधारण तरीके से गुजर रहा था लेकिन एकाएक किस्मत ने पलटी खाई और वह 18वीं सदी में मालवा प्रांत की रानी बन गईं। अहिल्याबाई होल्कर ने मालवा प्रांत की महारानी बनकर राजमाता के रूप में बड़ी लकीर खींची। अहिल्याबाई का 30 वर्षों का शासनकाल सुशासन का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। उनकी प्रजा केंद्रित नीतियां, जैसे प्रतिदिन जन-सुनवाई करना और गरीब व्यक्ति के दुःख , दर्द और समस्याओं की शिकायत सुनना उनका निवारण करना एक आदर्श शासन की नीव रखता है। उनकी निष्पक्षता और पारदर्शिता ने उन्हें न्याय की देवी बनाया। अहिल्याबाई का शासन हमें याद दिलाता है कि नेतृत्व में ईमानदारी और जवाबदेही कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने व्यापार और उद्योग को बढ़ावा दिया। विशेष रूप से महेश्वर में हथकरघा उद्योग की स्थापना की जो आज भी महेश्वरी साडिनों के लिए प्रसिद्ध है।

अहिल्याबाई ने 18वीं शताब्दी में विधवा उत्पीडन और जातिगत भेदभाव जैसी कुरीतियों के खिलाफ कदम उठाए। उन्होंने विधवाओं को सम्मानजनक जीवन दिया और महिलाओं को शिक्षा व प्रशासन में शामिल किया। अहिल्याबाई की भक्ति और धार्मिक कार्य आज के भारत के सन्दर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया, सोमनाथ, अयोध्या और अन्य तीर्थस्थानों पर मंदिर और धर्मशालाएं बनवाईं। यह भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के संरक्षण का प्रतीक था। आज जब भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत कर रहा है, अहिल्याबाई के कार्य हमें याद दिलाते हैं कि आस्था और संस्कृति समाज को जोडने का काम करती हैं। उन्होंने नर्मदा नदी के तट पर घाट और कुएं बनवाए, जो पर्यावरण संरक्षण और तीर्थयात्रा को आसान बनाने का प्रतीक थे ।युवा अहिल्यादेवी का चरित्र और सरलता ने मल्हार राव होल्कर को भी प्रभावित किया। वे पेशवा बाजीराव की सेना में एक कमांडर के तौर पर काम करते थे। उन्हें अहिल्या इतनी अच्छी लगी कि उन्होंने उनकी शादी अपने बेटे खांडे राव से करवा दी। इस तरह अहिल्याबाई एक दुल्हन के तौर पर मराठा समुदाय के होल्कर राजघराने में पहुंची। उनके पति की मौत 1754 में कुंभेर की लड़ाई में हो गई थी। ऐसे में अअहिल्याबाई पर जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने अपने ससुर के कहने पर न केवल सैन्य मामलों में बल्कि प्रशासनिक मामलों में भी रुचि दिखाई और प्रभावी तरीके से उन्हें अंजाम दिया। शादी के बाद उनका एक पुत्र और एक पुत्री हुई। वहीं कुछ सालों बाद ही अहिल्याबाई के पति का देहांत हो गया। इसके कुछ समय बाद ही 1766 में उनके ससुर मल्हारराव होल्कर की भी मृत्यु हो गई। जिसके बाद उन्होंने सत्ता को संभालने का भार अपने ऊपर ले लिया। शासन संभालने के कुछ दिनों बाद ही साल 1767 में उनके जवान पुत्र मालेराव की भी मृत्यु हो गई। पति, पुत्र , पुत्री, पुत्रवधू और पिता समान ससुर को खोने के बाद भी उन्होंने जिस तरह साहस और धैर्य से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया से काम किया वो सराहनीय है। इस संकटकाल में एक तपस्विनी की तरह से श्वेत वस्त्र धारण कर राजकाज चलाया और परिवार पर भीषण वज्राघात के बाद भी रानी अविचलित रहते हुए अपने कर्तव्यपथ पर हमेशा डटी रहीं। अहिल्याबाई एक विनम्र एवं उदार वीरांगना थी जिनके अंदर गरीबों और असहाय व्यक्ति के लिए दया और परोपकार की भावना भरी हुई थी। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। मल्हारराव के निधन के बाद उन्होंने पेशवाओं की गद्दी से आग्रह किया कि उन्हें क्षेत्र की प्रशासनिक बागडोर सौंपी जाए। मंजूरी मिलने के बाद 1766 में रानी अहिल्यादेवी मालवा की शासक बन गई।

# भ्रष्टाचार और व्यक्तिगत स्वार्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था पर खड़ा करता है संकट



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारतीय लोकतंत्र की सबसे सशक्त पहचान उसकी विधायिकाएं हैं- संसद और विधानसभाएं। इन्हीं के अंदर जनता की आवाज गूंजती है, जनता की समस्याएं उठती हैं और जवाबदेही तय होती है। लेकिन जब यही मंच भ्रष्टाचार और व्यक्तिगत स्वार्थ के अड्डे में बदलने लगे, तो पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर संकट खड़ा हो जाता है। राजस्थान में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के विधायक जयकृष्ण पटेल की घटना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर संकट खड़ा करता है।

भारतीय विधायिकाओं में प्रश्नकाल को लोकतंत्र की आत्मा कहा जाता है। यह वह समय होता है जब जनप्रतिनिधि सरकार से प्रश्न करते हैं, जनता की परेशानियों को सीधे-सीधे मंत्रियों और अधिकारियों के संज्ञान में लाते हैं। लेकिन अगर यह मंच व्यक्तिगत स्वार्थ में बदल जाए तो इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था का हत्या करना ही कहा जायेगा। चूकि राजस्थान के बीएपी विधायक जयकृष्ण पटेल को, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रंगे हाथ पकड़ा है और आरोप है कि उन्होंने विधानसभा में खान विभाग से जुड़े सवाल को वापस लेने के लिए एक खनन कारोबारी से करोड़ों रुपये की मांग की थी। इससे स्पष्ट होता है कि यह केवल भ्रष्टाचार नहीं है बल्कि सत्ता की ताकत का दुरुपयोग भी है। जबकि विधायिका का दायित्व होता है कि जनता के प्रति जवाबदेही तय करना, लेकिन जब वही विधायक सवाल उठाने या न उठाने के एवज में पैसे मांगे, तो यह सीधा लोकतंत्र पर हमला ही कहा जायेगा। जबकि विधायिका का प्रश्नकाल का उद्देश्य होता है जनता की समस्याओं को सामने लाना। मंत्रियों को जवाब देना होता है, जिससे नीतियों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है। कई बार उठाए गए सवालों के चलते सरकारों को अपनी नीतियों में बदलाव करना पड़ता हैं। प्रश्नकाल से ही पता चलता है कि सरकार जनता के प्रति कितनी संवेदनशील है। लेकिन इन सभी उद्देश्यों पर तब पानी फिर जाता है जब कोई सवाल धन के बदले में बनाया या हटाया जाता है।

देखा जाय तो यह कोई पहला मामला नहीं है। क्योंकि 2005 में संसद में स्टिंग ऑपरेशन हुआ था, जिसमें 11 सांसदों को कैमरे पर पैसे लेकर सवाल पूछने का वादा करते हुए पकड़ा गया था। संसद ने इन्हें निष्कासित कर दिया था। यह भारत के संसदीय इतिहास का पहला बड़ा नैतिक झटका था। उसी प्रकार 2023 में महुआ मोइत्रा प्रकरण हुआ था, जिसमें तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर एक कारोबारी से प्रश्न पूछने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल साझा करने और पैसे लेने के आरोप लगा था। लोकसभा की एथिक्स कमेटी की सिफारिश पर उन्हें संसद से निष्कासित कर दिया गया था। भारतीय संसद और विधानसभाओं में आचरण समिति का गठन इसीलिए किया गया है कि वह माननीय सदस्यों के आचरण पर निगरानी रखे। लेकिन वास्तविकता यह लगता है कि इन समितियों की सक्रियता केवल चचाओं तक सीमित रहती है। जब तक यदि सख्त कार्रवाई और पारदर्शी जांच नहीं होगी, ऐसे कृत्य दोहराए जाते रहेंगे ।जब कोई जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो संबंधित दल का रवैया भी जांच के घेरे में आना चाहिए ।क्योंकि संबंधित दल क्या उस विधायक को तुरंत पार्टी से निलंबित करता है? क्या उससे जवाब मांगता है? अफसोस की बात है कि ज्यादातर दल या तो चुप्पी साध लेता हैं या फिर जांच को राजनीतिक साजिश करार देकर मामले को भटका देता हैं।

जनता को चाहिए कि वह सोच समझकर वोट करें ताकि ईमानदारी, पारदर्शिता और काम करने की इच्छा वाले उम्मीदवार ही चुनाव जीत सके, न कि अपना आदमीह्न या जाति-धर्म वाले। ऐसा करने पर ही जनप्रतिनिधि खुद को राजा नहीं समझेंगे। विधानसभाओं और संसद की कार्यवाही में लगातार गिरावट देखी जा रही है। कभी-कभी तो प्रश्नकाल पूरा ही स्थगित हो जाता है। कई बार माननीय अनुपस्थित रहते हैं या सवाल पूछने के बाद खुद ही मौजूद नहीं होते।

जब कोई विधायक या सांसद पैसे लेकर सवाल पूछे या वापस ले, तो जनता के मन में एक ही सवाल उठता है, क्या हम इन्हें अपना प्रतिनिधि मानें या दलाल? यह सिर्फ सवालों की खरीद-फरोख्त नहीं है, यह भरोसे की हत्या है।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 98 मामलों की हुई सुनवाई

## कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया( घनश्याम )। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 98 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें खेल, राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया उनमें सीमा देवी, रमेश राम, हरिहर हरिजन, चन्दा देवी, जवाहर दास, देवनाथ प्रसाद, उमेश यादव, अर्जुन चौरसिया, अमृता कुमारी, मीना देवी, सुमन देवी, अनिल कुमार आदि के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता रोचना माद्री विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 30 करोड़ की राशि से थरूहट क्षेत्र में होगा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन : जिला पदाधिकारी

### थरूहट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन लगातार कर रही है कार्य



बेतिया( घनश्याम )। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में गुरुवार को समेकित थरूहट विकास अभिकरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित योजनाओं के चयन से संबंधित प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर सांसद सुनील कुमार विधायक राम सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह वीरेन्द्र गुप्ता थारू विकास मंच चम्पारण आदिवासी उरांव संघ के अध्यक्ष/सचिव एवं सदस्य सहित उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समेकित थरूहट विकास अभिकरण के माध्यम से ली जाने वाली योजनाओं के लिए विषयवार बजट प्राप्त हो गया है। कुल-3000.00 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। जिसमें सहायक अनुदान-वेतन के लिए 35 लाख, सहायक अनुदान-परिसंपतियों के निर्माण हेतु 2365 लाख तथा सहायक अनुदान-गैर वेतन के लिए 600 लाख रुपए शामिल हैं। प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक में माननीय जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं यथा-थरूहट क्षेत्र में रोड, पुल-पुलिया का निर्माण, सभी बगहा-02, गौनाहा, रामनगर एवं मैनाटांड़ के थरूहट क्षेत्र में अलग-अलग एंबुलेंस की व्यवस्था, निविदा में थरूहट क्षेत्र के लोगों की सहभागिता, कला संस्कृति भवन का निर्माण, होम स्टे की व्यवस्था, पर्याप्त शिक्षकों एवं समुचित चिकित्सा व्यवस्था आदि पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधण द्वारा थरूहट क्षेत्र के समेकित विकास के लिए अपने-अपने सुझाव व्यक्त किये गये। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन थरूहट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कृतसंकल्पित है तथा इस हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान वितीय वर्ष में 3000 लाख रुपए की राशि से विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वयन किया जाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि थरूहट विकास अंतर्गत योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाना है। योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवता का पूरा ख्याल रखा जाय। चल रही योजनाओं को ससमय पूरा करना है तथा चयन की जाने वाली योजनाओं को भी निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से क्रियान्वित करना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले तथा कार्य के प्रति लापरवाही एवं कोताही बरतने वाले संवेदकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। थरूहट क्षेत्र में विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के निर्माण हेतु जमीन की उपलबधता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। इस हेतु संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

## संक्षिप्त खबरें

### बॉडी वारंट के निष्पादन हेतु 02 से 07 जून तक वारंट सप्ताह

बेतिया( घनश्याम )। अध्यक्ष-सह-सदस्य राजस्व पर्षद बिहार पटना की अध्यक्षता में नीलाम पत्र वाद की समीक्षा के क्रम में नीलाम पत्र वाद के त्वरित निष्पादन में बॉडी वारंट के निष्पादन हेतु 02 जून से आरंभ होने वाले सप्ताह को वारंट सप्ताह के रूप में घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त आलोक में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा जिला नीलाम पत्र पदाधिकारियों को सबंधित बैंक से लॉजिस्टिक्स सपोर्ट आदि प्राप्त कर अपने अधीनस्थ क्षेत्रान्तर्गत जन जागरूगता अभियान, थाना द्वारा कैम्प अथवा अन्य कार्यक्रम आयोजित कर लंबित नीलाम पत्र वाद का निष्पादन सुनिश्चित कराने हेतु निदेश दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि दिनांक 02.06.2025 के शुरू होने वाले सप्ताह को वारंट सप्ताह के रूप में मनाते हुए नीलाम पत्र, वाद का त्वरित निष्पादन कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित मामले में प्राप्त प्रतिवेदन प्रतिदिन अपराह्न 03.00 बजे तक जिला नीलाम पत्र शाखा, बेतिया को निश्चित रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

### ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत पुलिस प्रशासन मौका ए वारदात पर पहुंची

बगहा। बगहा के नौरंगिया थाना अंतर्गत मदनपुर स्थित हनुमानगढ़ी ढाल के समीप पोल संख्या 300/23 के पास ट्रेन से कटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है।सिर धड़ से अलग रेलवे ट्रैक के बीच पीडीए हुआ बरामद किया गया है।नौरंगिया थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि एसआई प्रिया कुमार एएसआई धर्मेंद्र कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। शव के पास से मिले आधार कार्ड से शव की पहचान उत्तरप्रदेश के कुशीनगर पडरौना नुनिया पट्टी निवासी तपेश्वर गुप्ता के रूप में हुई है।परिजनों को इसकी सूचना दिया जा रहा है।

### माधोपुर की बहु प्रियंका के एएनएम पद पर चयनित होने पर दी बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

रसूलपुर।थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव की बहू प्रियंका का चयन बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग में एएनएम के पद पर हुआ है जिनका योगदान सिवान जिले के भगवानपुर हाट प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ है।प्रियंका की इस सफलता पर ग्रामीणों ने बधाई देते हुए कहा है कि इससे उनका गांव गौरवान्वित हुआ है। प्रियंका बताती है कि तीन बच्चो की माँ होने के साथ परिवार की सभी ज़िम्मेदारियों को निभाते हुए परीक्षा की तैयारी कर के सफलता हासिल करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। पर यह सफलता उनके पति अतुल उपाध्याय ,ननद सविता - प्रदीप मिश्रा ,श्वसुर शिक्षक हृदयानंद उपाध्याय , सास सावित्री देवी के सहयोग के बिना संभव नहीं था।परिवार से जुड़े समाजसेवी अवधेश उपाध्याय व प्रकाश -सरोज उपाध्याय ने बताया कि निश्चित रूप से प्रियंका की इस सफलता से हम सभी प्रफुल्लित हैं और आशा है कि प्रतियोगिता की तैयारी कर रहीं क्षेत्र बहु -बेटियां प्रियंका से प्रेरणा लेंगी।

## ये है नए भारत का असली चेहरा नेटवर्क के लिए चिन्हित जगह पर एकत्रित होते हैं ग्रामीण



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नए भारत का असली चेहरा अगर देखना हो तो बिहार का थरुहट बहुलता वाले अतिपिछड़ा क्षेत्र दोन चले जाइए।जी हां आपको नए भारत का बदलता हुआ चेहरा दिख जाएगा। बुनियादी सुविधाओं की बाट जोह रहे दोन क्षेत्र के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं से बहुत दूर अपना जीवन व्यतीत कर रहे है।जब आप दोन के किसी इलाके में चले जाएंगे तो आपको कहीं कहीं कुछ ग्रामीण महिला और पुरूष एक जगह इकट्ठे दिखाई देंगे।ये कोई ग्रामीण समस्याओं के निदान पर चर्चा केलिए नहीं बल्कि नेटवर्क के लिए। स्थानीय निवासी धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस क्षेत्र में बिजली और दूरसंचार की सुविधा नहीं के बराबर है।कहीं कहीं चिन्हित की हुई जगहें है जहां पर नेटवर्क आता है या पकड़ता है।ऐसे जगहों पर गांव के लोग इकट्ठा होकर अपने मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। 299 और 209 रुपये का रिचार्ज कराते है जो यूंही जाया हो जाता है।कहीं कहीं नेटवर्क मिलता है लेकिन उस जगह से थोड़ा इधर उधर होने पर नेटवर्क गायब हो जाता है।ये है आज के दौर में अविकसित दोन क्षेत्र के आजाद के 70 साल के बाद की तस्वीरे

## वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में एक और बाघ की मौत, वन विभाग में मचा हड़कंप

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया मोहन सिंह। VTR में गुरुवार 29 मई 25 को एक बाघ की मौत हो गई ठोरी वन क्षेत्र के कंपार्टमेंट संख्या 56 में नर बाघ का शव बरामद किया गया। इससे पहले 21 मई को दोन क्षेत्र में भी एक युवा बाघिन की संदिग्ध मौत हुई थी। लगातार हो रही इन ममौतोंने VTR में बाघों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं जो एक चिंता का विषय है। आपसी संघर्ष में मौत की आशंका प्रमंडल 2 के DFO पियूष बरनवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह मौत दो बाघों के आपसी संघर्ष का नतीजा हो सकता है। बीते सालों में कई बाघों की गई जान VTR में बाघों की मौत कोई नई बात नहीं है। बीते एक दशक में दर्जनों बाघ आपसी संघर्ष, शिकार और हादसों में अपनी जान गंवा चुके हैं। प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं: 2013: मदनपुर वनक्षेत्र में और नौरंगिया दोन में दो बाघों की मौत (आपसी संघर्ष)। 2014: दो बाघों की मौत, एक आपसी भिड़ंत में। 2015: वाल्मीकिनगर-पनियहवा रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर बाघिन की मौत। 2013: मदनपुर वनक्षेत्र में और नौरंगिया दोन में दो बाघों की मौत (आपसी संघर्ष)। 2014: दो बाघों की मौत, एक आपसी भिड़ंत में। 2015: वाल्मीकिनगर-पनियहवा रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर बाघिन की मौत। 2016: दो बाघों की खाल शिकारियों से बरामद; फरवरी में एक बाघ का शव मिला। 2018-2019: दो बाघों की आपसी संघर्ष में मृत्यु। 2021: 31 जनवरी: गोबर्धना वन रेंज में बाघ की मौत (वर्चस्व की लड़ाई)। 13 अक्टूबर: मांगुराहा रेंज में बाघ का शव मिला (संघर्ष में मौत)। 12 दिसंबर: चकरसन मानपुर में खेत में मृत पाई गई बाघिन । 2022: 5 जनवरी: कालेश्वर मंदिर परिसर में आठ माह की मादा शावक की मौत। एक महीने में 2 बाघों की मौत पिछले कुछ सालों में श्ळफमें बाघों की संख्या भले बढ़ी हो, लेकिन मौतों की दर भी चिंता का विषय बन चुकी है। वन्यजीव विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर एक ही महीने में दो बाघों की मौत हो रही है, तो यह सिर्फ प्राकृतिक घटना नहीं हो सकती है। कहीं न कहीं मानव हस्तक्षेप, सीमित टेरिटरी या निगरानी की कमी इसका कारण बन सकती है।

## घर मे घुसे रसैल वाइपर सांप का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर के करमाबारी गांव के एक घर मे घुसे रसैल वाइपर सांप का सफलतापूर्वक रेस्क्यू वनकर्मियों द्वारा कर लिया गया है।रेंजर श्रीनिवासन ने बताया कि सूचना मिली कि करमाबारी के शर्मा जी के घर मे एक रसैल वाइपर घुसा हुआ है।तत्काल वनकर्मियों की टीम को उक्त स्थल पर भेजा। बतादें की रसैल वाइपर सांप भारतीय उपमहाद्विप में पाए जाने वाले 5 सबसे जहरीले सांपों में से एक है।जिसके बाइट करने के कुछ देर में समुचित उपचार फौरन नहीं मिलने से मरीज की मौत हो जाती है। बरसात और गर्मी की वजह से ये जीवजन्तु रिहायशी इलाके की तरफ चले आ रहे है।रेंजर ने बताया कि ऐसा कहीं कोई मामला सामने आए तो जीवजंतुओं को कोई नुकसान पहुंचाए बिना आप तुरंत हमे यानी कि वन विभाग को सूचित करें और इनसे दूरी बनाकर रहें।

## नगर निगम बजट का बहिष्कार के बाद आरोप -प्रत्यारोप का दौरा हुआ शुरू

### पार्षदों के साथ-साथ उप मेयर रागिनी कुमारी का भी सुर बदला

● सशक्त अस्थाई समिति सदस्य छोड़, सभी पार्षद हुए गोल बंद

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता नगर निगम बोर्ड को अपनी मर्जी से चलाना चाहते हैं, पार्षदों के बातों को नजरअंदाज किया जाता है, यही कारण है कि गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर आयोजित बैठक का पार्षदों ने जमकर विरोध किया। डिप्टी मेयर रागिनी कुमारी ने भी पाषर्दो के साथ बजट का विरोध करते हुए सदन से बाहर निकल गई। रागिनी कुमारी के अनुसार बजट उपस्थापन ही नहीं हुआ, आम सभा की जानकारी भी डिप्टी मेयर को नहीं दी गई। इधर लक्ष्मी नारायण गुप्ता एवं पार्षद एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। एक तरफ पार्षद मेयर पर मनमानी करने का आरोप लगाने की बात कह रहे हैं। मेयर के पास केवल सशक्त अस्थाई समिति को छोड़कर सभी पार्षद एकजुट हो गए हैं। दूसरी तरफ मेयर का कहना है कि 19 मई की बैठक में सभी पार्षदों ने कार्रवाई पुस्तिका पर हस्ताक्षर किया है। पार्षद शहर के विकास में बाधक बन रहे हैं, यही कारण है कि बजट को पास नहीं होने दे रहे हैं। मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता का कहना है कि पार्षदों को योजना पर विस्तार से चर्चा करने की जरूरत है। वित्तीय वर्ष 2024- 25 में सभी वार्डों में 33 करोड रुपए में से प्रत्येक वार्ड में 30 से 80 लाख के बीच सड़क एवं नाला निर्माण के लिए राशि आवंटित किया जा चुका है, जिस पर कार्य भी हो रहा है। पार्षदों द्वारा विरोध के मामले पर वार्ड नंबर 30 के पार्षद नाजिया सुल्तान के प्रतिनिधि एवं नगर निगम के जानकार सुल्तान हुसैन इदरीसी ने कहा कि हर वार्ड में एक करोड रुपए का कार्य पार्षदों के माध्यम से होना था, जिसमें 90% वार्ड में कार्य नहीं हो पाया है, मामला अधर में है, चाहे कारण जो भी हो। हर वार्ड में 100 लाइट लगाने का भी निर्णय हुआ था। वाड पार्षदों से चयनित स्थल भी ले लिया गया, लेकिन कार्य लंबित है। सुल्तान हुसैन इदरीसी का यह भी कहना है कि बजट से पहले हर वार्ड में आम सभा कर चयनित योजनाओं को लेना है, और नगर निगम के बजट में देना है। लेकिन 95 प्रतिशत वार्ड में आमसभा ही नहीं हुआ है। विकास योजनाओं पर कार्य नहीं हो पाया है,स्पैरो सफाई एजेंसी को हटाया गया था, लेकिन मेयर द्वारा नहीं लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं पिछला बैठक का बोर्ड के प्रोसिडिंग देना था, जिसे नहीं दिया गया। बोर्ड की बैठक में हंगामा के बीच मेयर ने पार्षदों से यह भी कहा कि नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2025- 26 का बजट 4 अरब 8 करोड़ 58 लाख से अधिक रुपए का है, जिसे वेतन सहित विभिन्न विकास मदों में खर्च किया जाना है, जिसमें विज्ञापन,होल्डिंग टैक्सएवं जुमार्ना से भी आय होगा, इसे पास करने की अपील की गई। जबकि पार्षदों का कहना था कि 19 में को उप स्थापन की बैठक का बहिष्कार किया गया था। वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बजट पर पहले चर्चा की जाय, इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025 -26 का बजट पास होगा। इसके अलावा बोर्ड की बैठक में पार्षद ने एक करोड़ रुपए के वार्ड में काम करने के लिए नाला और सड़क निर्माण का नापी करने की भी मांग कर रहे थे। हंगामा के बीच पार्षदों ने वित्तीय वर्ष 2025- 26 का बजट को सदन में पास से पहले वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बजट की राशि के बारे में जानकारी मांग की गई। पार्षदों द्वारा अपनी आपत्ति कार्यवाही पुस्तिका में बैठक बहिष्कार करने की बात को अंकित कराई गई। हालांकि सभी पार्षद वार्डों में एक करोड़ के काम के लिए योजना बनाने के बाद ही बजट पर चर्चा करने का तैयार थे।

## विद्यार्थियों ने किया संग्रहालय भ्रमण पेंटिंग में लिया हिस्सा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में आज दिनांक को छपरा संग्रहालय, छपरा (सारण) द्वारा विद्यार्थियों को संग्रहालय के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को संग्रहालय भ्रमण, चित्रांकन एवं शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बी. सेमिनरी, छपरा, किलकारी बाल भवन, छपरा; सारण एकाडमी, छपरा; आदर्श मध्य विद्यालय, छपरा; राजकीय मध्य विद्यालय, शिव बाजार; राजकीय मध्य विद्यालय, मौना दालदली, आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया चित्रांकन प्रतियोगिता में किलकारी बाल भवन की रिशिका गुप्ता, सिमरन कुमारी तथा राजलक्ष्मी कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा बी. सेमिनरी के राजा कुमार, भागीरथी कुमारी, अनुष्का कुमारी तथा किलकारी बालभवन की आरुशी कुमारी एवं आरती कुमारी को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया शिल्प प्रतियोगिता में किलकारी बाल भवन की दीक्षा कुमारी, माही सिंह एवं प्रिंस कुमार को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा विभा गुप्ता, दीक्षा सिंह एवं अनमोल कुमार को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया छपरा संग्रहालय के सहायक संग्रहालयाध्यक्ष डॉ. विमल तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के आयोजन से अवगत कराते हुए संग्रहालय की उपयोगिता के बारे में बताया उपस्थित अतिथियों तथा सहायक संग्रहालयाध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, साथ ही, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया इस अवसर पर विद्यर्थियों के अतिरिक्त राजकीय मध्य विद्यालय के शिक्षक मंटू कुमार एवं शोभानाथ प्रसाद यादव, बी. सेमिनरी, छपरा के शिक्षक श्री मयंक जायसवाल, किलकारी बाल भवन के शिक्षक अखिल राज सिंह, मो. आरिफ, प्रकाश कुमार , कंचन कुमारी सहित संग्रहालय कर्मी रजनीश कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे

## बृजेश कुमार मालवीय बने स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कोर्ट। माननीय उच्च न्यायालय पटना के आदेश पर स्थाई लोक अदालत छपरा के अध्यक्ष के रूप में ब्रजेश कुमार मालवीय ने पद भार ग्रहण किया है।

पूर्व में वे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोजपुर के पद पर कार्यरत थे। छपरा में स्थाई लोक अदालत का पद जुलाई 2022 से रिक्त था। अब स्थाई लोक अदालत के माध्यम से जन उपयोगी मामलों की सुनवाई की जाएगी।

जिसमें बिजली, पानी अस्पताल एवं अन्य विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसमें ऐसे ही वादी अपना केस दाखिल कर सकेंगे। जिन्होंने पूर्व में किसी भी न्यायालय में कोई मुकदमा दाखिल नहीं किया है। तत्कालीन अध्यक्ष श्री मालवीय ने कहा कि मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी कि पूर्व से अगर कोई लंबित मामले हैं ।

तो उनका निष्पादन अति शीघ्र किया जाए और नए मामलों की भी अति शीघ्र सुनवाई करके इसका निष्पादन किया जाए। उन्होंने बताया की स्थाई लोक अदालत के दो गैर न्यायिक सदस्य भी अति शीघ्र पदभार ग्रहण कर लेंगे।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में शौर्य संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

● वीरांगनाओं,भूतपूर्व सैनिक के विधवाओं एवं उनके आश्रितों को सम्मानित भी किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सैनिक कल्याण निदेशालय के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सभागार में शौर्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला के वीर वीरांगना, भूतपूर्व सैनिक के विधवाओं, उनके आश्रितों एवं भूतपूर्व सैनिक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर नव पदस्थापित अवकाश प्राप्त कर्नल मनीष कुमार ने शौर्य संवाद कार्यक्रम का नेतृत्व किया। बता दें कि हाल ही में अवकाश प्राप्त कर्नल मनीष कुमार का पदस्थापन हुआ है, सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा इन्हें गोपालगंज एवं सिवान का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस अवसर पर सैनिक कल्याण पदाधिकारी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। शौर्य संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से उपस्थित सैनिक परिजनों को अवगत कराते हुए निष्पादन की दिशा में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस कार्यक्रम में डीएसपी स्वीटी कुमारी ने कहा कि थाना से संबंधित मामले की सूची उपलब्ध कराया जाए,ताकि जांच कर कर त्वरित कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम में स्पर्श केंद्र सारण के अशोक कुमार ने संबोधित करते हुए पेंशनधारियों को पेंशन में समस्या आने पर कैसे निष्पादन की जाए इस संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल संतोष कुमार द्वारा उत्कृष्ट का कार्य करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को सम्मान पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। शौर्य संवाद कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक 10 विधवाओं को अंतिम संस्कार अनुदान की राशि उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा 25 वीरांगनाओं को कल्याणकारी योजनाओं का पुस्तक कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पांच भूतपूर्व सैनिकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 50 भूतपूर्व सैनिक विधवाओं, वीर नारियों तथा उनके आश्रितों को कल्याणकारी योजनाओं का पुस्तक एवं कैलेंडर देकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण कर्मी के रूप में विमल कुमार राम, कन्हैया कुमार सिंह, राकेश खलखो, भीमसेन भारती, धीरज कुमार ठाकुर, अशोक कुमार, भूतपूर्व सैनिक के रूप में रमेश प्रसाद सिंह,अमित प्रियदर्शी, राम नारायण यादव, प्रेमचंद यादव, अशोक कुमार, सिंह संतोष एवं कुमार तिवारी सहित वीर वीराना, पूर्व सैनिक के विधवा एवं उनके परिजन आदि उपस्थित थे।

## महिला संवाद कार्यक्रम ने पकड़ी गति अब तक 1534 जगहों पर सफल आयोजन

छपरा कार्यालय। सारण जिले में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनकी आकांक्षाओं को राज्य की विकास प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित महिला संवाद कार्यक्रम अब अपने चरम पर है। जिले भर में कुल 2115 स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है, जिनमें से अब तक 1534 जगहों पर सफलता पूर्वक आयोजन संपन्न हो चुका है। कार्यक्रम का संचालन जागरूकता वैन के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें बिहार सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं पर आधारित वीडियो फिल्में दिखाई जाती हैं और उपस्थित लोगों के बीच योजनाओं से संबंधित लिफ्लेट्स का वितरण भी किया जाता है। इन लिफ्लेट्स में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी बेहद सरल भाषा में दी गई है, ताकि हर महिला आसानी से इन्हें समझ सके और इनसे लाभान्वित हो सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर महिलाओं से संबंधित योजनाओं का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करना है, साथ ही गांव, पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर महिलाओं की राय, सुझाव और विकास की आकांक्षाओं को एकत्र कर राज्य के सतत विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। अब तक जिले के सभी 20 प्रखंडों से कुल 41951 आकांक्षाएं संकलित की जा चुकी हैं। इस अभियान का नेतृत्व जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर कर रहे हैं। इसी क्रम में आज उप विकास आयुक्त सारण की अध्यक्षता में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभागवार प्राप्त आकांक्षाओं का विश्लेषण करते हुए उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रखंडों में महिलाओं ने जो सुझाव और मांगे रखीं, वे ग्रामीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अमनौर प्रखंड की संजू देवी ने तरवार गांव चैनपुर में 24 घंटे संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र की मांग की, जिससे लगभग 1000 से अधिक ग्रामीणों को लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध होनी चाहिए।

# श्री राम जानकी की प्रतिष्ठात्क यज्ञ को लेकर ग्रामीण श्रद्धालु हर्षोल्लास और तन मन धन से तैयारियों मे जुटें





प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। प्रखण्ड क्षेत्र के काउप पंचायत अन्तर्गत ग्राम बालबाँध धाम (गड़हनी) की पवित्र धरातल पर नव निर्मित श्रीराम जानकी मंदिर मे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 1008 बैकुण्ठवासी काशी पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी गोपालाचार्य के विशेष कृपापात्र शिष्य श्री श्री 1008 श्री श्री माधवाचार्य त्रिदण्डी स्वामी तोताद्री मठ पीठाधीश्वर (बिहटा) के सानिध्य में श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ का भव्य शुभारंभ आगामी 04 जुन 2025 (बुधवार) को जलभरी शोभायात्रा के साथ होगा जो 08 जुन 2025 (रविवार) तक चलेगा।आयोजन समिति के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी बुधवार 04 जुन 2025 को शोभायात्रा एवं जलहरण, वहीं गुरूवार दशमी तिथि 05 जुन को पंचांग पूजन, मण्डप प्रवेश एवं संध्या समय आरणी मंथन, अग्नि स्थापना, एकादशी तिथि दिन शुक्रवार 06 जुन को मण्डप पूजन एवं जलाधिवास, अन्नाधिवास, मिष्ठानाधिवास, धृतधिवास इत्यादि, द्वादशी तिथि दिन शनिवार 07 जुन को मण्डप पूजन स्नपन एवं नगर भ्रमण इत्यादि और ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि दिन रविवार 08.06.2025 को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति एवं महाप्रसाद का वितरण होना सुनिश्चित है।इस अवसर पर कथावाचक पंडित राम शंकर जी महाराज उर्फ डिजिटल बाबा, आचार्य श्री सुदामा तिवारी जी महाराज, श्री महन्त सोमेश्वर गिरी जी महाराज, प्रवचनकर्ता श्री आदित्य जी महाराज, श्री माधवाचार्य त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज के द्वारा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, पूजार्चन, कथा पाठ, प्रवचनादि कार्य सम्पन्न किया जायेगा।वहीं आयोजन समिति ने कहा कि ह्लतुलसी पंक्षी के पीये, घटे न सरिता नीर। दान दिये धन ना घटे, जो सहाय रघुवीर ।।ह्व इस उक्ति के आलोक मे सभी भक्तजनों का परम कर्त्तव्य होता है कि पवित्र हृदय से यज्ञ नारायण भगवान की उपासना आराधना कर अपने जीवन को कृतार्थ करें एवं यज्ञ में तन-मन-धन से दान देकर परलौकिक ऐश्वर्य के भागी बनें।

# किसान आंदोलन को कुचलने के लिए नेताओं को मुकदमों में फंसाने की साजिश बेनकाब

- जिला समाहर्ता से मिलकर किसानों ने 6 सूत्री मांग-पत्र सौंपा
- चौसा थर्मल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन के मेल से अपराध में हो रही है वृद्धि

प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर। चौसा थर्मल में ठीकेदारों के बीच लूट की होड़ में हो रही हत्याएं। इन तमाम हत्याओं के पलीते का एक छोड़ प्रशासन और कंपनी से जुड़े अधिकारियों के हाथ में। किसान उत्पीड़न से जुड़े तमाम नामजद आरोपी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को सरकार यहां से हटाएं।उच्च क्षमता के सी सी कैमरा के बीच दिन के उजाले में थर्मल गेट के पास बेखौफ हत्यारे ठीकेदार की हत्या कर इतमिनान से चले गए।मगर पुलिस की निष्क्रियता के कारण हत्यारों तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही है।सुनियोजित और सुविचारित ढंग से निर्दोष किसान और मजदूर नेताओं को मुकदमों में फॅसाकर पुलिस हत्यारों का मनोबल बढा रही है।पुलिस और प्रशासन की संलिप्तता के चलते दोषी खुलेआम घूम रहे हैं। थर्मल प्रबंधन किसान आंदोलन को दबाने के लिए उनके नेताओं को इन मुकदमों में फॅसा रही है। बक्सर पुलिस प्रशासन के इस रवैया से चौसा के किसान आक्रोशित है। उक्त बातें बक्सर जिला समाहर्ता से मिलकर किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कही।

पूर्व निर्धारित समयानुसार 5 बजे संध्या जिला समाहर्ता कार्यालय में 5 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल जिला समाहर्ता से मिलकर 6 सूत्री मांग-पत्र लेकर वार्ता की। प्रतिनिधि मंडल में अशोक प्रसाद सिंह,सुरेंद्र सिंह,विजय नारायण राय,शैलेश राय, नंदकुमार राम शामिल थे। वार्ता में ग्राम विकास सलाहकार समिति का अविलंब गठन की माँग की गई,ताकि प्रभावित गांवों का समुचित विकास हो सके। भूमि अधिग्रहण विधेयक 2013 की धारा 3 की उपधारा (सी) एवं (एम) के अनुसार प्रभावित परिवार के प्रत्येक व्यस्क व्यक्तियों को 5 लाख रुपया की एक मुस्त राशि दिया जाए। वासगीत परचाधारी परिवारों की जमीन जो (एस टी पी एल ) परियोजना में अधिग्रहित की गई है। उसके बदले उन्हें विकसित भूमि देने का प्रावधान था, जो अभी तक नहीं दिया गया है। उन्हें तुरंत समतुल्य विकसित भूमि उपलब्ध कराई जाए। प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर एवं पौनी पसारीआदि को मुख्य प्लांट हेतु अर्जित भूमि के अनुपात में 750 दिनों की मजदूरी का एक मुस्त राशि भुगतान किया जाए।फसल इनपुट सहायता के लिए नबीनगर एनटीपीसी परियोजना के तहत प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 40000 रुपया प्रति वर्ष दिया जा रहा है। (एस टी पी एल) चौसा द्वारा किसानों को अभी तक वह सहायता राशि नहीं मिला है।

उसे तत्काल भुगतान करवाया जाए। चौसा किसान आंदोलन से जुड़े साथियों को फर्जी मुकदमों में फंसा कर उनका मनोबल तोड़ा जा रहा है,जो अत्यंत ही निंदनीय है।इस पर तत्काल रोक लगे तथा घटना की सीबीआई से जांच कराकर निर्दोष किसानों को मुक्त किया जाए।जिला समाहर्ता ने सभी माँगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर आगे कार्यवाई का आश्वासन दिया। इधर चौसा थर्मल निर्माण से प्रभावित 23 गांवों के किसानों ने जुटान स्थल बनारपुर पंचायत भवन पर पहुंचकर अपना रोष व्यक्त किया।

# पीएम मोदी की सभा को ले गड़हनी ईओ सीओ सहित पुलिस प्रशासन बाजार पर दिखे एलर्ट मोड में



प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। रोहतास जिले के बिक्रमगंज दुगार्डीह मे आयोजित पीएम मोदी की सभा को लेकर गडहनी बाजार पर ईओ सीओ सहित चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं गडहनी थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक रणवीर कुमार दल बल के साथ बाजार पर एलर्ट मोड मे दिखे।इस दौरान ईओ सीओ गडहनी मे दुकानो को बन्द कराया तो वहीं पुलिस प्रशासन मुख्य मार्ग से वाहनो व पथिको को हटाते नजर आये।

शुक्रवार की अहले सुबह छः बजे से ही गडहनी बाजार पर हुटर सायरन की आवाज आमजनता सहित दुकानदारो की कानो मे गुंजती रही।इस दौरान पटना से बिक्रमगंज जाने वाले मंत्रियों, विधायको व सांसदो को सडक मार्ग प्रशस्त करने को लेकर प्रशासन का सायरन बजती रही।वहीं आरा सदर एसडीओ रश्मि सिन्हा एवं एएसपी परिचय कुमार द्वारा दल बल के साथ गडहनी मे बिधि ब्यवस्था का जायजा लिया गया।वहीं दुकानदारो की माने तो जहां मोदी राज्य मे विकास की बाते की जाती है वहीं इस सभा से प्रशासन द्वारा बन्द कराये गए दुकानो से करोडो का नुकसान हुआ।

# प्रधानमंत्री की जनसभा में सैकड़ों गाडियों के काफिले के साथ पहुंचे राघवेन्द्र प्रताप सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

आरा:/बड़हरा: आँपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का शाहाबाद की धरती बिक्रमगंज में ऐतिहासिक जनसभा में बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे लगभग तीन सौ गाड़ियों का काफिला भाजपा जिला कार्यालय से रवाना हुआ।



प्रधानमंत्री जी के जनसभा में शामिल होने के लिए एक सप्ताह से बड़हरा विधानसभा के विभिन्न गाँवो में प्रचार-प्रसार हो रहा था। आरा से बिक्रमगंज तक बड़हरा विधायक का पैस्टल बैनर लगा हुआ था। जनसभा की सफलता के लिए लगातार विधायक द्वारा बैठके की जा रही थी।

बड़हरा विधायक ने विधानसभा के सभी छह मंडलो से आए हजारों आम जनता और कार्यकताओं का भाजपा जिला कार्यालय बामपाली में स्वागत किया और सभी को जलपान करवा कर बिक्रमगंज के लिए रवाना किया।

बिक्रमगंज मे. बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करते अपने चिर परिचित अंदाज भोजपुरी मे ऐतिहासिक जनसभा में आए सभी जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व नेता है और पाकिस्तान को आँपरेशन सिंदूर से मुँहतोड़ जवाब देने के बाद पहली बार बिहार आगमन पर शाहाबाद की जनता से रूबरु हुए।यह हम सभी भोजपुर वासियों के लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम मे बड़हरा विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह,विधानसभा संयोजक धीरज सिंह,जिला उपाध्यक्ष धनंजय तिवारी, बड़हरा मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय,सरैया मंडल अध्यक्ष करोड़पति सिंह,कोईलवर उतरी मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा, बबुरा मड़ल अध्यक्ष टुनटुन बिंद,दीपक तिवारी, उज्जवल सिंह,पप्पू सिंह,मुन्ना सिंह, संतोष सिंह संटु,रंजीता गुप्ता,सौदागर बिंद,मुकुल कुमार सहित हजारो कार्यकर्ता और आम लोग शामिल हुए।

# भोजपुर से लाखो लोग पीएम मोदी की जनसभा में शामिल हुए

प्रात : किरण संवाददाता



आराः बिक्रमगंज में आयोजित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक जनसभा को सफल बनाने में भोजपुर जिला की महती भूमिका रही। भोजपुर जिला के सभी चौदह प्रखंड एवं चालीस मंडलो से भाजपा सहित एनडीए कार्यकर्ता और आम जनता विभिन्न वाहनों से बिक्रमगंज पहुंच कर जनसभा को ऐतिहासिक बनाया।

जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने ऐतिहासिक जनसभा की सफलता पर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री विश्व नेता नरेन्द्र मोदी जी का आँपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद बिहार आगमन पर शाहाबाद की धरती पर जनसभा होना हम सभी भोजपुर वासियों के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री जी को सुनने और दर्शन करने के लिए जिले के लोगो में गजब का उत्साह दिख रहा था।लोग स्वतः बिक्रमगंज की ओर खिंचते जा रहे थे।आरा से बिक्रमगंज तक लोगो का हुजूम दिखाई दे रहा था।उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जी का भाषण की शुरूआत भोजपुरी भाषा मे होने से हम सभी शाहाबाद के लोग अति उत्साह थे।उन्होने भोजपुर की जनता और कार्यकताओ को कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता दिलाने के लिए धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में सातो विधानसभा के जनप्रतिनिधि, नेतागण,पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित लाखो लोग शामिल हुए।

## पीएम मोदी का भव्य स्वागत, ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार बिहार आगमन पर कार्यकर्ताओं में उमड़ा जोश

- आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी के सौजन्य से सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ हजारों समर्थक कार्यक्रम में पहुंचे

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज ।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार बिहार की धरती पर बिक्रमगंज पहुंचे, जहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उनके स्वागत में लाखों की संख्या में कार्यकताओं और आम जनों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा इलाका जनसैलाब में तब्दील हो गया।प्रधानमंत्री के भाषण को सुनने के लिए आरा से भी बड़ी संख्या में समर्थक बिक्रमगंज पहुंचे। आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी के सौजन्य से सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ हजारों समर्थक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे । समर्थकों के साथ आरा शहर के कई व्यवसायिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जिनका नेतृत्व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे कर रहे थे।वही आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व चलाकर देश की महिलाओं के सिंदूर और सम्मान की रक्षा की है। यह हर भारतीय नारी के लिए गर्व की बात है।भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे ने कहा कि ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व चलाने के बाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार बिहार की पावन धरती पर पधारे। उनके स्वागत में कार्यकताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला।

उनका भाषण प्रेरणादायक और जनभावनाओं से जुड़ा हुआ था।कार्यक्रम में शामिल प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं में अशोक गुप्ता, सनी सहबादी, राजीव रंजन, विशाल गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री प्रतीक राज, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रदुम कुमार सिंह, आनंद कुमार, नंदन कुमार, अनिल सिंह, यीशु आनंद, अंजनी चौधरी, भोला शर्मा, मंटू सिंह, पिंटू यादव, सुनील सिंह, अजीत सिंह, अमित कुमार रंजन यादव, अजय कुमार ,संजय कुमार,शैलेश मिश्रा,श्री भगवान प्रसाद,आलोक रंजन,धर्मेंद्र सिंह,पुतुल कुमार,अजय आकाश,अभिजीत आनंद,मुना सोनी,सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में बिहार के विकास, राष्ट्र सुरक्षा और आने वाले समय में सरकार की योजनाओं पर चर्चा की।

जनसभा में जोश और उल्लास का माहौल देखने लायक था, जहां हर ओर मोदी-मोदी के नारों की गूंज सुनाई दे रही थी।यह आयोजन न केवल भाजपा की राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन था।

# हक व अधिकार की आवाज करेंगे बुलंद : अरुण कुमार साह

## अपने अधिकार के लिए सरकार को अपनी संख्या की ताकत दिखाना जरूरी : अनिल वैद्य

- 8 जून को भारतीय सुढ़ी वैश्य संगठन समाज के बैनर तले पटना सम्मेलन में भाग ले : ज्योति वैध

अभय आर्या





मुंगेर। असरगंज शुक्रवार को असरगंज नगर पंचायत के श्री सरस्वती सेवा समिति के प्रांगण में आगामी 8 जून को पटना के बापू सभागार में अखिल भारतीय सुढी वैश्य संगठन द्वारा सुढी जाति का अधिकार महासम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को पूर्व प्रत्याशी अरुण कुमार साह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महिला प्रभारी ज्योति वैध, प्रमंडल संयोजक अनिल वैध, जिला संयोजक प्रो, दिलीप कुमार रंजन, असरगंज नगर पंचायत के संयोजक सुधांशु साह फंटूश राणा, सहसंयोजक मुनेश्वर प्रसाद साह, गुंजन मांझी, चंदन पूर्व, प्रदीप मंडल, संजय नायक कोषाध्यक्ष प्रमोद साह, कोषाध्यक्ष मनोहर प्रसाद साह मुख्य रूप से उपस्थित थे। पूर्व प्रत्याशी ने कहा कि सुढी जाति आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद पिछड़ा जाति में शामिल नहीं किया गया है और नहीं राजनीतिक में हिस्सादारी दी गई है ।प्रदेश महिला प्रभारी ज्योति वैध ने कहीं की जाति को सरकार एवं हमेशा नजर अंदाज करते रहे अब समय आ गया है हम लोग को एकजुट होकर अपने अधिकार लाने का इसके लिए सुढी जाति के लिए आगामी 8 पजून को बापू सभागार पटना में इक्तित होकर अपनी आवाज को बुलंद करें और अपने हक व अधिकार के लिए सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाई जाएगी।

फिर भी इस जाति को अति पिछड़ा वर्ग में शामिल और राजनीतिक में हिस्सेदारी नहीं दी गई है तो आने वाले चुनाव में इसका जवाब दिया जाएगा। जिला संयोजक प्रो, दिलीप कुमार रंजन ने कहा कि बिहार में इस जाति की 40 लाख वोटर हैं जो लगभग 25 से 30 विधानसभा क्षेत्र में बहुमूल्य स्थिति में है और 15 सीटों पर निर्णयक स्थिति में होती है अगर हम लोगों परिणाम सरकार को भुगतना पड़ेगा।

इस मौके पर अरविंद पजियारा, फुलेश्वर मंडल, धनंजय कुमार पंकज कुमार दास, अनिल साह वीरेंद्र साह, प्रमोद साह, गोविंद नायक,रजनीश कुमार प्रहलाद मांझी, संजय साह राणा, ओम पजियारा, राजकुमार पूर्व, महेश साह, विजय कुमार, प्रमोद साह, दीनानाथ , संदीप साह , नरेश साह ,मनोहर चौधरी मधुरिमा देवी, संयुक्त देवी, सावित्री देवी, मीरा देवी, बीणा देवी, उषा देवी,लक्ष्मी देवी, सहित असरगंज नगर पंचायत के विभिन्न वार्ड से कई बुद्धिजीवी सुढी समाज उपस्थित थे।

## आगामी 8 जून को पटना में महासम्मेलन को ले मुजफ्फरपुर, मधुबनी, रोसड़ा में अभियान हुआ तेज







अभय आर्या

मुजफ्फरपुर। आगामी 8 जून को पटना में होने वाले सूढ़ी महासम्मेलन की तैयारी समीक्षा बैठक मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट विधानसभा के सोनपुर,सकरी, बखरी में किया गया । कार्यक्रम में ससमय पहुचने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष बिंदुवों पर चर्चा किया।बैठक में मुख्य रुप से तिरहुत प्रमंडल संयोजक चितरंजन महतो , जिला संयोजक मोहन कुमार , मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष सूढ़ी समाज उत्थान मंच बीरेंद्र कुमार , मनोज अहियापुर, अहियापुर सूढ़ी समाज उपाध्यक्ष विनय कुमार साह , दिनेश महतो एवं अनेकों लोग उपस्थित हुए ।

वहीं मधुबनी के नगर निगम क्षेत्र गांधी चौक पर आगामी 08 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित होने वाले ह्लसुंडी अधिकार महासम्मेलनह्व के निमित तैयारी बैठक आयोजित की गई।कार्यक्रम में सभी महानुभाव सूढ़ी युवा शक्ति मधुबनी की अगुआई में यहां से पटना चलने के लिए संकल्पित हुए।कार्यक्रम का संचालन दरभंगा प्रमंडल के संयोजक प्रहलाद कुमार पूर्वे द्वारा किया गया।शिक्षक लालाबाबू नायक को गांधी चौक मधुबनी क्षेत्र का संयोजक नियुक्त किया गया।कार्यक्रम में - घनश्याम महतो , शिवकुमार प्रधान, श्रवण नायक, सुनील महतो, गन्नी प्रसाद, बैजू महथा , दीपक राउत, पवन कापड़ी, बंटी राउत, प्रमोद नायक, सतीश कुमार, अशोक पूर्वे, संजीव पूर्वे, ' ललन प्रसाद सहित अन्य महानुभाव मौजूद रहे।वही रोसड़ा में भी पटना चलो अभियान को लेकर लगातार बैठक की जा रही है। सतेन्द्र नायक, रमेश गामी, रामेश्वर पूर्वे , एवं , अजय महतो 8 जून की रेली के लिए समाज को प्रेरित करने पहुंचे।

## चन्द्र भूषण यादव तीसरी बार बने राजद प्रखंड अध्यक्ष



उदवंतनगर - जीरो माइल स्थित लाइब्रेरी कैंपस में राजद के प्रखण्ड ईकाई का सांगठनिक ईकाई का चुनाव सम्पन्न हुआ। निर्वाचन पदाधिकारी हरिचरण सिंह व जगनारायण सिंह की उपस्थिति में लगातार तीसरी बार प्रखंड राजद के अध्यक्ष बने चन्द्र भूषण यादव। चन्द्र भूषण के तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बधाइयों का तांता लग गया।कार्यकताओं ने चन्द्र भूषण यादव में विश्वास जताते हुए कहा कि चन्द्र भूषण पार्टी के संदेश को जन जन पहुंचा रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रखंड राजद मजबूत होगा।तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर चन्द्र भूषण यादव ने पार्टी के वरिष्ठ और स्थानीय नेताओं के साथ ही कार्यकताओं का आभार जताया।कहा कि पार्टी जो भी काम देंगी उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाउंगा । वे पूर्व में सोनपुरा पंचायत के मुखिया भी रह चुके हैं।बधाई देने वालों में श्याम सिंह, रंग बहादुर यादव,लालू लालू यादव,अजय सिंह,राजदेव यादव मुख्य थे।

## प्रखंड अध्यक्ष के पद के लिए मदन राय को निर्वाचित किया गया



आरा। शुक्रवार को स्थानीय गंगहर गांव में आरा सदर प्रखंड राजद के अध्यक्ष पद के लिए एक निर्वाचन सभा आयोजित कर के प्रखंड अध्यक्ष के पद के लिए श्री मदन राय जी को निर्वाचित किया गया । उक्त सभा की अध्यक्षता प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुनील कुमार सिंह जी के द्वारा किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में आरा सदर प्रखंड के नव निर्वाचित पंचायत अध्यक्ष और पंचायत निवार्ची पदाधिकारी शामिल हुए। उपस्थित सभी पंचायत अध्यक्षों की ने सर्व सम्मति से प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए श्री मदन राय जी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। उक्त सभा में मुख्य रूप से श्री तेज नारायण सिंह ,श्री धनजीत यादव, लाल बाबू राय, विजय यादव, राजा बाबू यादव ,मोहन पासवान, विक्रम कुमार सहित सभी लोग उपस्थित थे।



# क्रिमिनल जस्टिस मेरे लिए पहला एक्सपीरियंस है, जिसका थिएट्रिकल सेटअप है

पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु की जोड़ी वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' का चौथा सीजन लेकर आ रहे हैं। इस शो का पहला सीजन साल 2019 में आया था। 7 साल बाद भी इस लीगल ड्रामा को लेकर ऑडियंस में क्रेज बरकरार है। हर सीजन में माधव मिश्रा के किरदार को ऑडियंस का खूब प्यार मिला है। पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु को ऑन स्क्रीन दांव पेंच को ऑडियंस ने तीसरे सीजन में खूब पसंद किया था।

### श्वेता, क्रिमिनल जस्टिस में आपने एक तेज तर्रार प्रॉसिक्यूटर का रोल निभाया है। इसके लिए क्या तैयारियां रहीं?

मैं हर किरदार के लिए एक बेसिक तैयारी करती हूं और एक बैक स्टोरी लिखती हूं। सीजन 3 में मैंने किरदार अगस्त्य के लिए भी लिखा था कि वो कहां पली-बढ़ी है। पेरेंट्स के साथ रिश्ते कैसे हैं, दोस्त कैसे हैं, पढ़ाई कितनी की है? उसे किस तरह का म्यूजिक पसंद है, किन रंगों के कपड़े पहनती है। मेरे लिए किरदार को स्क्रिप्ट के अलावा जानना बहुत जरूरी होता है। अगर बतौर एक्टर में उस किरदार को नहीं जानती हूं फिर मेरे लिए उसे ऑडियंस के सामने लाना बहुत मुश्किल होगा। मैंने कभी थियेटर नहीं किया है लेकिन करना चाहती हूं। मुझे लाइव परफॉर्मिंग आर्ट देखना बहुत पसंद है। क्रिमिनल जस्टिस मेरे लिए पहला एक्सपीरियंस है, जिसका थिएट्रिकल सेटअप है। मेरे लंबे और ब्लॉकिंग सीन्स हैं। इस में लंबे मोनोलॉग हैं। लाइन्स बहुत टेक्निकल हैं। इन सारी बातों का मैंने खूब फायदा उठाया है। मेरी कोशिश रहती है कि जब मेरे पास स्क्रिप्ट आ जाए तो मैं उसे बार-बार पढ़ूं। जैसे खाने को बनाने से पहले मैरिनेट करते हैं, वैसे ही मैं सेट पर मैरिनेट होकर पहुंचती हूं।

### पंकज के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

पंकज जी सीनियर और दिग्गज एक्टर हैं। इसके अलावा कमाल के को एक्टर और इंसान भी हैं। सेट पर इनके साथ काफी पढ़ाई, म्यूजिक और लाइफ के बारे में अच्छी बातें होती हैं। इनके अंदर कोई एटीट्यूड, गुस्सा या नखरे नहीं हैं। एक तरह से बहुत बोरिंग इंसान हैं। ये सिर्फ शास्त्रीय संगीत, लिटरेचर पर बात करते हैं।



# 'मां' मेरी पहली हॉरर मायथोलॉजी फिल्म है

काजोल की हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'मां' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पहली बार काजोल किसी हॉरर-मायथोलॉजी फिल्म में नजर आ रही हैं। पिछले साल आई अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' की दुनिया से ये अगली फिल्म है। फिल्म में काजोल एक मां के किरदार में नजर आ रही हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च का इवेंट मुंबई में किया गया। जिसमें अभिनेत्री काजोल ने दमदार अंदाज में एंट्री की। काजोल इवेंट में ब्लैक कलर की साड़ी में पहुंचीं। इस दौरान अजय देवगन भी मौजूद रहे।



### फिल्म में नजर आएंगे माधवन

मां का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जिसके साथ ही 'शैतान' की दुनिया में अब 'मां' की भी एंट्री हो गई है। फिल्म आर माधवन भी दोइतो के किरदार में नजर आएंगे।

इस मौके पर काजोल ने कहा कि ये मेरी पहली माइथो-हॉरर फिल्म है। किरदार की तैयारी के सवाल पर काजोल ने कहा कि मैं ज्यादा किरदार के प्रिपरेशन में भरोसा नहीं करती हूं। पूरी टीम मिलकर काम करती है, तब एक अच्छी फिल्म बनती है।

### शैतान से नहीं कर सकते तुलना



हॉलीवुड की हॉरर फिल्मों से कम्पेयर करने और उनकी कहानियों के सवाल पर अजय देवगन ने कहा कि हमारे पास माइथो है, इस पर कहानी बनाना जरूरी था। हॉलीवुड वालों ने कहानियां क्रिएट की हैं, हमारे पास असली कहानी है, बस उसे एक्सप्लोर करना बहुत जरूरी है। 'शैतान' से फिल्म की तुलना पर अजय ने कहा कि दो फिल्मों की तुलना नहीं कर सकते। उम्मीद है कि ये फिल्म भी लोगों को पसंद आएगी।

### 'पहले हॉरर फिल्मों को नहीं माना जाता था मेन स्ट्रीम'

इस दौरान अजय देवगन ने कहा कि हॉरर फिल्मों को एक वक्त पर मेन स्ट्रीम नहीं मान जाता था। पता नहीं लोगों ने कभी बड़ी स्टारकास्ट के साथ प्रयास क्यों नहीं किया। लेकिन अब जब ऐसा हो रहा है तो अच्छा है।

### 'मुझे कभी हॉरर फिल्में ऑफर नहीं हुई'

करियर में पहली बार हॉरर फिल्म करने के सवाल पर काजोल ने कहा कि मुझे कभी भी हॉरर फिल्म के लिए एप्रोच नहीं किया गया। ये इनके प्रोडक्शन में मौका मिला। पहले कुछ फिल्मों को छोड़कर हॉरर फिल्मों की स्क्रिप्ट ज्यादातर अच्छी नहीं होती थी। लेकिन अब अच्छी स्टोरीलाइन है, हम अच्छी फिल्में बना रहे हैं।



# फिल्म 'स्पिरिट' पर विवाद के बीच दीपिका को मिला तमन्ना भाटिया का साथ?

फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर दीपिका पादुकोण और फिल्ममेकर संदीप रेड्डी वांगा के बीच तनातनी जारी है। फिल्ममेकर की तरफ से लगाए गए आरोपों पर सीधे तौर पर तो नहीं लेकिन दीपिका ने अपना जवाब जरूर दे दिया। उन्होंने कहा कि वो अपने फैसले पर टिकी रहती हैं, यहीं उन्हें सुकून देता है। इस पूरे विवाद के बीच अब तमन्ना भाटिया ने एक्ट्रेस की एक रील सोशल मीडिया पर लाइक की है जिसमें महिलाओं के खिलाफ फैलाई जा रही गलतफहमियों और अन्याय के मुद्दों को उजागर किया गया है। इस रील में महिलाओं के खिलाफ होने वाले भेदभाव जैसे कि जेंडर पे गैप, काम के घंटे बढ़ना, असभ्यता और जेंडर पक्षपात पर जोर दिया गया है। तमन्ना के इस रील को लाइक करने को दीपिका पादुकोण के समर्थन के तौर पर संदीप रेड्डी वांगा वाले विवाद के साथ जोड़कर देखा जा रहा है।

### वीडियो में क्या है खास?

इस रील में दीपिका पादुकोण को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान देखा जा सकता है। साल 2022 में फिल्म 'छपाक' का प्रमोशन कर रहीं एक्ट्रेस से उस वक्त पूछा गया था कि क्या उनके पति रणवीर सिंह ने उनकी फिल्म 'छपाक' में पैसे लगाए हैं। दीपिका ने तुरंत इस बात को खारिज करते हुए कहा था, 'यह मेरे अपने पैसे हैं, किसने आपको ऐसा कहा?' इस बयान से दीपिका ने साफ किया कि अब महिलाएं झूठी अफवाहों और भेदभावपूर्ण धारणा को बर्दाश्त नहीं करेंगी।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल यह विवाद तब शुरू हुआ जब दीपिका पादुकोण ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' के सेट पर काम के घंटे सीमित रखने की मांग की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका ने एक दिन में छह घंटे से ज्यादा शूटिंग करने से इनकार किया था, जिससे निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा नाराज हो गए थे।

### डायरेक्टर ने लगाए कई आरोप

इसके बाद, संदीप रेड्डी वांगा ने दीपिका के बर्ताव को अनप्रोफेशनल बताया और कई मीडिया रिपोर्ट्स में उनके खिलाफ बात की। हालांकि अपने पोस्ट में डायरेक्टर ने दीपिका का नाम नहीं लिया लेकिन ये बताया कि किस तरह से एग्रीमेंट में लिखी गई चीजों को माना नहीं जा रहा था।

### स्क्रिप्ट लीक होने से बढ़ा विवाद

फिल्म 'स्पिरिट' की कहानी और इसके कुछ प्लॉट लीक होने के बाद संदीप रेड्डी वांगा ने सोशल मीडिया पर तीखा रुख अपनाया। उन्होंने इशारा किया कि ये लीक दीपिका पादुकोण की वजह से हुआ है। साथ ही, उन्होंने तृप्ति डिमरी को भी फिल्म की लीड हीरोईन के तौर पर अनाउंस कर दिया। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री दीपिका पादुकोण आखिरी बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। उसके बाद उनकी जिंदगी में नन्ही परी ने दस्तक दी। वो मां बनीं और अब एक बार फिर अपनी प्रोफेशनल लाइफ में अभिनेत्री कमबैक करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग में नजर आने वाली हैं। हालांकि अभी इस प्रोजेक्ट की उन्होंने खुद कोई पुष्टि नहीं की है।

# फातिमा सना शेख ने इसलिए की ओटीटी की तारीफ

**बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख आखिरी बार साल 2023 में फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। वह अगले साल बहुत व्यस्त रहने वाली हैं। उनके पास कई फिल्में हैं। फातिमा सना शेख जल्द ही आप जैसा कोई, गुस्ताख इश्क और मेट्रो... इन दिनों जैसी कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। फिल्मों के अलावा सना वेब सीरीज न्याय में नजर आएंगी।**

फातिमा सना शेख से जब पूछा गया कि उन्होंने न्याय शो से ओटटी में कदम क्यों रखा? इस पर उन्होंने कहा मुझे कहानी बहुत पसंद आई। इसमें मेरा किरदार दिलचस्प था और मैं पहली बार एक पुलिस की भूमिका निभाने वाली थी। इसलिए मैं इसके लिए उत्साहित हूं। इस कहानी का एक मकसद है। यह कहानी ऐसी है जो किसी चीज के बारे में बात करती है। इसलिए मुझे एक ऐसे शो का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया जो सिर्फ एक विषय से कहीं बड़ा है।

इन दिनों फिल्मों और सीरीज में कई बड़े अभिनेता काम कर रहे हैं। कुछ बड़े पर्दे पर तो कुछ ओटीटी के लिए काम कर रहे हैं। इस पर फातिमा ने कहा रेखा धुंधली हो गई है और आज हर कोई सिर्फ अच्छे प्रोजेक्ट बनाना चाहता है। अच्छे प्रोजेक्ट को लोगों तक पहुंचाना चाहता है। इस समय माध्यम ज्यादा मायने नहीं रखता। सिनेमा का आकर्षण है। ओटीटी पर इसकी कमी महसूस होती है, लेकिन वेब पर बहुत सारी बेहतरीन चीजें हैं। यहां बॉक्स ऑफिस का कोई दबाव नहीं है। लोग वही बना रहे हैं जो वे बनाना चाहते हैं और इसमें एक आजादी है। सना आगे कहती हैं ओटीटी माध्यम की खूबसूरती यह है कि आप अपना काम वहां रखते हैं और इसे देखना या न देखना दर्शकों की इच्छा है। इसमें आजादी है और इस तरह एक कलाकार भी तनाव मुक्त रहता है।

### काम में बिजी थीं सना

सना से पूछा गया कि क्या आपने स्क्रीन से दो साल की दूरी को याद किया? इस पर सना ने कहा मुझे कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि मैं काम कर रही थी। मैंने पिछले साल चार प्रोजेक्ट किए, इसलिए मैं अपने काम में इतनी व्यस्त थी कि मैं आसपास की हर चीज को भूल गई। मैं ऐसी चीजों को तभी महसूस करती हूं जब मेरे पास कोई काम नहीं होता।





# मेरे अंदर स्टार वाला एटीट्यूड नहीं है

पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु की जोड़ी वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' का चौथा सीजन लेकर आ रहे हैं। इस शो का पहला सीजन साल 2019 में आया था। 7 साल बाद भी इस लीगल ड्रामा को लेकर ऑडियंस में क्रेज बरकरार है। हर सीजन में माधव मिश्रा के किरदार को ऑडियंस का खूब प्यार मिला है। पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु को ऑन स्क्रीन दांव पेंच को ऑडियंस ने तीसरे सीजन में खूब पसंद किया था।

**आपके चेहरे में आम आदमी वाला एहसास है, जिससे हर कोई कनेक्ट हो जाता है। इस बात को मेंटेन करना कितना मुश्किल है?**

बहुत मुश्किल नहीं है। मेरे जैसा होने के लिए एफर्ट लगाने की जरूरत नहीं होती है। मैं रील और रियल दोनों जगह इस चीज को मेंटेन करता हूं। मेरे साथ दूसरी चुनौतियां हैं। मैं एक्टर हूं और मेरे अंदर वो एक्टर वाला एलिमेंट क्यों नहीं आता है? मेरे अंदर क्या केमिकल लोचा है। मूडी, थोड़ा गुस्सैल, स्टाइलिश, एटीट्यूड दिखाना, ये सब एक्टर एलिमेंट होते हैं। मेरे अंदर ये बात आज तक नहीं आ पाई। मैं बहुत बोरिंग इंसान हूं। मेरी वाइफ को भी बोरिंग इंसान लगता हूं।

**इस शो में आप सबके लिए सबसे यादगार क्या रहा?**

रोहन सिप्पी जिस तरह से अपने एक्टर्स और यूनिट को हैंडल करते हैं, वो वाकई में कमाल होता है। उनके साथ काम करना अपने आप में एक यादगार पल है। कभी नहीं लगा कि हम कुछ बड़ा या बहुत भारी टास्क कर रहे हैं, जबकि 6-7 एपिसोड काफी भारी हैं। इसके अलावा खुशकिस्मती कहिए, पूरी कास्ट भी कमाल की मिली है। सीन कट होने के बाद सबसे एक अलग बॉन्डिंग थी। सेट पर एक घरेलू माहौल होता था। रोहन की जितनी तारीफ की जाए वो कम है। वो बड़ा से बड़ा सीक्वेंस इतनी आसानी से करा लेते थे।

**आपके डायलॉग मीम कल्चर का हिस्सा हैं। इस शो में भी ऐसे कई डायलॉग हैं। ये स्क्रिप्ट में होता है या आप खुद क्रिएट करते हैं।**

मैं खुद भी जोड़ता हूं। इस शो का किरदार माधव हिंदी इलाके से आता है। मुंबई के मीरा रोड में रहकर सर्वाइवल की लड़ाई लड़ रहा है। यहां रहते हुए वो मुंबई की भाषा बोलने लगा है। मुंबईकर होने के बाद भी, वो अपने गांव-घर वाले मुहावरे बोलता है। जैसा कि श्वेता ने कहा कि वो किरदार की तैयारी करती हैं। ठीक वैसे मैं भी जो बिहारी मुहावरे में जानता हूं, वो माधव के मुंह से बुलवाता हूं।

**जब अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने पहली बार कहानी नेरेट की थी, तब आपको लगा था कि ये इंडिया की लांगेस्ट रनिंग सीरीज बन जाएगी।**

मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगा था। कहानियां अच्छी हैं इसलिए लोगों को पसंद आती हैं। मैं अपनी बात करूं तो मुझे चौथे सीजन की कहानी बहुत पसंद आई। मैंने पहला एपिसोड सुनकर बोल दिया था कि बढ़िया कहानी है। लीगल ड्रामा इसलिए भी लोगों को पसंद आ रहा क्योंकि उन्हें नई- नई चीजें पता चलती हैं।

# मैं जब तक किसी रोल को निभा रही होती हूं, वो मेरे अंदर रहता है

पंकज त्रिपाठी और श्वेता बसु की जोड़ी वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' का चौथा सीजन लेकर आ रहे हैं। इस बार इसमें उनके साथ दिखेंगी सुरवीन चावला।

### सुरवीन आपका किरदार बहुत लेयर्ड है। इस किरदार से निकलने में कितनी मुश्किल हुई?

मेरे साथ ऐसा है कि मैं जब तक किसी रोल को निभा रही होती हूं, वो मेरे अंदर रहता है। जैसे ही किरदार खत्म होता है, मैं उससे बाहर आ जाती हूं। मैंने एक बार किरदार छोड़ दिया फिर वो छूट ही जाता है। मैं ज्यादा वक्त तक उस किरदार में रह नहीं पाती। सीजन-4 में अंजू एक किस्म की इमोशनल कोर भी है। उसकी लाइफ के कुछ फैसले, गलत को सही से परे करना, ये सारी बातें शो के दौरान कठिन और सरप्राइजिंग रहा। मुझे इस शो के कास्ट एंड क्रू के साथ काम करके बहुत मजा आया। मैंने इस चीज को बहुत एंजॉय किया। सीन कट होने के बाद हम सबकी जो एनर्जी होती थी, वो यादगार रहेगी। शायद, इस वजह से भी मैं अपने किरदार से आसानी से निकल जाती थी।

### इस शो में आप सबके लिए सबसे यादगार क्या रहा?

रोहन सर की एक और बात है, जो उन्हें अलग बनाती है। वो जो भरोसा हम पर रखते थे, ऐसा लगता था कि किरदार का पकड़ हमारे हाथ में है। ऐसा भरोसा अगर एक डायरेक्टर अपने एक्टर्स के हाथ में सौंप दे तो मजा दोगुना हो जाता है।






# पिता से मिली प्रेरणा, प्लास्टिक के कचरे के साथ किया कुछ ऐसा कि होने लगी करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी भी स्टार्टअप की कहानी समस्या के समाधान से जुड़ी होती है। ऐसी ही एक समस्या और उसका समाधान ढूंढ निकाला दिल्ली के कारोबारी मोहम्मद सुहैल ने। सुहैल ने प्लास्टिक के कचरे से निपटने के लिए अथर पैकेजिंग सॉल्यूशंस की स्थापना की। वे इसे कंपोस्टेबल पैकेजिंग में बदलते हैं। पर्यावरण के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता है। उनका व्यवसाय अब सालाना 1.3 करोड़ रुपये कमा रहा है।

भारत में हर साल प्लास्टिक के कचरा काफी इकट्ठा हो जाता है। यह कचरा काफी लोगों के लिए समस्या खड़ी कर देता है। इस समस्या से निपटने के लिए दिल्ली के 32 वर्षीय उद्यमी मोहम्मद सुहैल आगे आए। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में 200 टन इंडस्ट्रियल प्लास्टिक कचरे को लैंडफिल तक पहुंचने से रोका है। यानी इतना कचरा उन्होंने रीसायकल किया। इससे 300 टन ष्टह्2 उत्सर्जन को कम किया। यह हमारे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और एक अधिक टिकाऊ भविष्य में योगदान करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।



सुहैल पुरानी दिल्ली की संकरी गलियों में पले-बढ़े हैं। उनके पिता वहां एक मजदूर के रूप में काम करते थे। अपने पिता को बेकार पड़े पॉलिएस्टर और कागज से पैकेजिंग सामग्री बनाते देखकर उनके मन में हमेशा यह सवाल उठता था कि क्या बेकार चीजें रोजमर्रा की जिंदगी में बेहतर भूमिका निभा सकती हैं। यहीं से उनके दिमाग में कारोबार का पहला विचार आया।

### क्या करती है कंपनी

सुहैल ने साल 2020 में अथर पैकेजिंग सॉल्यूशंस की स्थापना की। वे टिकाऊ विकल्प प्रदान करके बढ़ते कचरे की समस्या का समाधान करना चाहते थे। अपने पिता की सामग्री को फिर से उपयोग करने की प्रेरणा से 32 वर्षीय सुहैल ने प्लास्टिक रीसायकल की क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया। वे कहते हैं, छह महीने के शोध के बाद हमने पाया कि केवल तीन प्रकार के प्लास्टिक, यानी स्ष्ठक्क्ष, क्चष्ठक्क और स्ष्ठ प्लास्टिक को टिकाऊ पैकेजिंग में रीसायकल किया जा सकता है। अब उनकी यह कंपनी प्लास्टिक को प्रीमियम पैकेजिंग प्रोडक्ट जैसे पाउच में बदलती है।

# संकट से जूझ रही जेनसोल ने ब्लूस्मार्ट कैब्स लोन का मई में नहीं किया पेमेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग को इलेक्ट्रिक कैब सर्विस ब्लूस्मार्ट के संस्थापकों ने बढ़ावा दिया था। इस महीने, जेनसोल ने अपने कुछ खास निवेशकों (जिन्हें पीटीसी होल्डर्स कहते हैं) को लगभग 4 करोड़ रुपये वापस नहीं लौटाए। यानी, उसने भुगतान करने में चूक (डिफॉल्ट) कर दी। आखिरी सफल भुगतान अप्रैल महीने में हुआ था।



जेनसोल ने पैसे जुटाने के लिए पास-थ्रू सर्टिफिकेट्स नाम के खास तरह के लोन प्रमाणपत्र जारी किए थे। इन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ग्रिप इन्वेस्ट के जरिए छोटे निवेशकों को बेचा गया था। सोचिए, ये एक तरह के ऐसे लोन हैं, जो किसी चीज (यहां ब्लूस्मार्ट की कारें) को गिरवी रखकर लिए जाते हैं।

**गिरवी क्या रखा था कैसे चुकाना था-** जेनसोल ने इन पीटीसी लोन के बदले ब्लूस्मार्ट प्लेटफॉर्म पर चलने वाली 76 इलेक्ट्रिक कारों को गिरवी रखा था। योजना यह थी कि जब ये कारें ब्लूस्मार्ट पर चलेंगी और कमाई करेंगी, तो उसी कमाई से निवेशकों को पैसे वापस किए जाएंगे।

**फिर समस्या क्यों आई-** मुश्किल यह हुई कि ब्लूस्मार्ट की कैब सर्विस बंद हो गई। जेनसोल ङ्खद्गह्ल जैसी दूसरी राइड-हेलिंग कंपनियों या कार फ्लीट चलाने वालों से बातचीत कर रही थी ताकि ये कारें फिर से चल सकें और कमाई शुरू हो, लेकिन ये सौदे अभी तक पूरे नहीं हुए। कारें खड़ी हैं, कमाई नहीं हो रही, और लोन चुकाने के लिए पैसा नहीं है।

# बाबा रामदेव की कंपनी को सरकार का नोटिस

## संदिग्ध लेन-देन पर मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने बाबा रामदेव से जुड़ी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से कुछ संदिग्ध लेनदेन पर स्पष्टीकरण मांगा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि कॉर्पोरेट अफेयर्स मिनिस्ट्री ने कंपनी को एक नोटिस भेजा है। आर्थिक खुफिया विभाग को कंपनी के कुछ लेन-देन असामान्य और संदिग्ध



लगे हैं। अब तक लेन-देन की रकम का खुलासा नहीं किया गया है क्योंकि जांच शुरुआती दौर में है। कंपनी को नोटिस का जवाब देने के लिए लगभग दो महीने का समय दिया गया है। मंत्रालय कंपनी के कामकाज और पैसे के इस्तेमाल की भी जांच करेगा। मंत्रालय ने इस बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं दी है। पतंजलि आयुर्वेद के प्रवक्ता ने भी कोई जवाब नहीं दिया है। यह पहली बार नहीं है जब पतंजलि आयुर्वेद पर सवाल उठे हैं। पिछले साल कंपनी पर टैक्स नहीं भरने और गलत तरीके से रिफंड मांगने के आरोप लगे थे। कोर्ट ने कंपनी को कुछ बीमारियों के इलाज के तौर पर अपने उत्पादों का विज्ञापन करने से भी रोक दिया था।

### लिस्टेड कंपनी

पतंजलि आयुर्वेद एक प्राइवेट कंपनी है। लेकिन इसकी एक यूनिट पतंजलि फूड्स लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्टेड है। इस महीने इसके शेयरों में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। शुक्रवार को कारोबार के दौरान यह बीएसई पर करीब 3 फीसदी गिरावट के साथ 1691.10 रुपये पर आ गया था। पिछले साल कंपनी की एक यूनिट को सरकार से कारण बताओ मिला था। कोर्ट ने कंपनी को यह भी कहा था कि वह अपने उत्पादों को कुछ बीमारियों के इलाज के तौर पर न बेचे।

# बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी समेत 59 लोग शेयर बाजार में कारोबार करने से प्रतिबंधित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी, उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी और 57 अन्य को प्रतिभूति बाजार से एक से पांच साल तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। यह प्रतिबंध यूट्यूब चैनलों पर भ्रामक वीडियो के जरिये निवेशकों को साधना ब्रॉडकास्ट के शेयर खरीदने की सलाह देने से संबंधित है। नियामक ने वारसी और उनकी पत्नी मारिया पर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। गुरुवार को सेबी की ओर से पारित आदेश के अनुसार, बाजार नियामक ने दंपत्ति को प्रतिभूति बाजार से एक साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी ने साधना ब्रॉडकास्ट (अब क्रिस्टल बिजनेस सिस्टम लिमिटेड) के प्रमोटरों सहित 57 अन्य संस्थाओं पर 5 लाख रुपये से 5 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी लगाया है। प्रतिबंध के अलावा, सेबी ने इन 59 संस्थाओं को जांच अवधि के अंत से वास्तविक भुगतान की तारीख तक संयुक्त रूप से और अलग-अलग 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 58.01 करोड़ रुपये के कुल अवैध लाभ को वापस करने का निर्देश दिया।

# सोने और चांदी के रेट में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों आज एक बार फिर सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। 24 कैरेट गोल्ड की कीमत आज जहां 210 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरी है वहीं, चांदी के भाव में 1000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच खबर यह है कि सोने के आभूषणों पर हॉलमार्किंग को अब देश के और जिलों में भी अनिवार्य किया जाएगा। आज 24 कैरेट सोना बिना जीएसटी के 95315 रुपये के रेट से खुला।

वहीं, चांदी के रेट 97100 रुपये पर आ गए हैं। 3 प्रतिशत जीएसटी के साथ आज सोना 98174 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 100013 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। इनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। अभी यह रेट दोपहर वाला है। सर्राफा बाजारों आज एक बार फिर सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

# हॉलमार्किंग अब और जिलों में लागू होगी



24 कैरेट गोल्ड की कीमत आज जहां 210 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरी है वहीं, चांदी के भाव में 1000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच खबर यह है कि सोने के आभूषणों पर हॉलमार्किंग को अब देश के और जिलों में भी अनिवार्य किया जाएगा। आज 24 कैरेट सोना बिना जीएसटी के 95315 रुपये के रेट से खुला। वहीं, चांदी के रेट 97100 रुपये पर आ गए हैं। 3 प्रतिशत जीएसटी के साथ आज सोना 98174 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 100013 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही है।

### आभूषण हॉलमार्किंग अब और जिलों में लागू होगी

केंद्र सरकार के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भारतीय मानक ब्यूरो को निर्देश दिया है कि सोने के आभूषणों पर हॉलमार्किंग अब देश के और जिलों में भी अनिवार्य की जाए। फिलहाल यह सिर्फ 371 जिलों में लागू है। मंत्री जोशी ने कहा कि हॉलमार्किंग से ग्राहकों को शुद्ध सोना मिलने का भरोसा मिलता है। इसलिए अगले कुछ सालों में इसे और जिलों तक बढ़ाया जाएगा।

# बीएसएनएल का अजूबा: ग्राहक भागे, कर्मचारी फंड कम, फिर भी दो तिमाही में मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 18 साल के लंबे इंतजार के बाद, भारत संचार निगम लिमिटेड ने लगातार दो तिमाहियों में मुनाफा दिखाया। जनवरी-मार्च 2024 में 280 करोड़ और उससे पहले अक्टूबर-दिसंबर 2023 में 262 करोड़ का लाभ। पर यह सफलता कितनी वास्तविक है ऑडिटर से लेकर विशेषज्ञ तक इस पर सवाल उठा रहे हैं।




**मुनाफे के तीन छुपे हथियार-** कर्मचारी खर्च का जादू- बीएसएनएल ने अपने कर्मचारियों के वेतन/भत्तों में से 1,042 करोड़ को कैपिटल वर्क-इन-प्रोग्रेस खाते में डाल दिया। यानी इस खर्च को तुरंत न गिनकर भविष्य की संपत्ति के निर्माण में लगा दिया। इससे उसका तात्कालिक खर्च कम दिखा। जमीन-इमारतों की बिक्री- कंपनी ने अपनी संपत्तियां बेचकर 1,120 करोड़ कमाए, जो पिछले साल से 77 प्रतिशत ज्यादा है। स्पेक्ट्रम के पैसे का नया हिसाब- स्पेक्ट्रम की लागत के हिसाब का तरीका बदलकर यूनिट-बेस्ड एमॉर्टाइजेशन अपनाया। इससे 1,186 करोड़ का घाटा कम हो गया। पेंशन फंड में छेद- कर्मचारियों की ग्रेच्युटी के लिए 501.5 करोड़और लीव एनकैशमेंट के लिए 82.2 करोड़ फंड कमहैं। यानी भविष्य में पैसों का संकट।

**सरकारी पैसे का गड़बड़झाला-** सरकारी प्रोजेक्ट्स के लिए मिले 3,018 करोड़ में से सिर्फ 1,138 करोड़ बैंक में बचे। 1,880 करोड़ का हिसाब नहीं मिला। बीएसएनएल का बहाना, इन्वॉइस पेंडिंग हैं।

**मुख्य कारोबार ठप-** मोबाइल और इंटरनेट से आमदनी में कोई बड़ी बढ़त नहीं। टेलीकॉम विशेषज्ञ पराग कर कहते हैं, 280 करोड़ का मुनाफा ऑपरेशन्स से नहीं, ज़मीन बेचने से आया।

# पी एंड जी शिक्षा ने मंडीदीप के पास बमुलिया पवार में नये स्कूल ब्लॉक का उद्घाटन किया

- पी एंड जी शिक्षा और राउंड टेबल इंडिया ने इस स्कूल में नई बड़ी कक्षाओं का निर्माण किया है, जिससे आने वाले वर्षों में हजारों छात्रों को सीखने के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा
- अपने सीएसआर कार्यक्रम पी एंड जी शिक्षा के माध्यम से, पी एंड जी इंडिया ने पिछले 20 वर्षों में देश भर में समग्र शैक्षिक हस्तक्षेप जारी रखा है, जिससे 50 लाख से अधिक बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है

**मुंबई, एजेंसी।** पैम्पर्स, व्हिस्पर, टाइड, जिलेट आदि ब्रांडों के निर्माता प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पी एंड जी इंडिया) ने आज मध्य प्रदेश के रायसेन जिले की गोहरगंज तहसील में बमुलिया पवार के सरकारी मिडिल स्कूल में एनजीओ - राउंड टेबल इंडिया के साथ साझेदारी में निर्मित एक नये स्कूल ब्लॉक का अनावरण किया। यह स्कूल, जहां मानसून के दौरान छात्रों के लिए पहुंचना मुश्किल होता था, जिससे सीखने में बाधा आती थी, अब दो नई और बड़ी कक्षाओं के द्वारा आने वाले वर्षों में हजारों छात्रों को सीखने के लिए अनुकूल बेहतर वातावरण प्रदान करके लाभान्वित करेगा। कक्षाओं के साथ इस स्कूल में पी एंड जी शिक्षा ने बच्चों के लिए 2 स्वच्छ नए शौचालय भी उपलब्ध कराएं हैं। इस वर्ष, पी एंड जी शिक्षा अपने शैक्षिक हस्तक्षेपों के माध्यम से देश भर में वंचित समुदायों में सकारात्मक प्रभाव डालने के दो दशकों का जश्न मना रहा है। इसी के अंतर्गत, पिछले महीने, पी एंड जी इंडिया ने मंडीदीप में अपने विनिर्माण संयंत्र में इस अवसर को मनाने के लिए पी एंड जी शिक्षा की विशेष कॉफी टेबल बुक ट्वेंटी टेल्स ऑफ ट्रायम्फ का अनावरण किया था। विशेष पुस्तक में भारत भर से दृढ़ता और प्रगति की प्रभावशाली कहानियों को शामिल किया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश के बच्चों की कहानियां भी शामिल हैं, जिन्हें पी एंड जी शिक्षा की पहल का लाभ उठाकर उल्लेखनीय प्रगति के लिए सम्मानित किया गया था। इसके साथ, मध्य प्रदेश में, पी एंड जी शिक्षा अपने समग्र शैक्षिक हस्तक्षेपों के माध्यम से वंचित समुदायों के बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है।



# भारत में इंफ्रा पर खर्च बढ़ने से पीएनसी इंफ्राटेक के चेयरमैन को कंपनी की वृद्धि पर भरोसा

**मुंबई।** पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार जैन ने एक्सचेंजों पर कंपनी के सूचीबद्ध होने के दस साल पूरे होने पर शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कंपनी की विकास गति पर विश्वास व्यक्त किया। जैन ने कहा, 2015 में सूचीबद्ध होने के बाद से हमने सभी मोर्चों पर नई ऊंचाइयों को छुआ है। स्टॉक प्रदर्शन, राजस्व, लाभप्रदता और ऑर्डर बुक की मजबूती। सूचीबद्ध होने के बाद से कंपनी के शेयर में 3.7 गुना वृद्धि हुई है। राजस्व 19.4 प्रतिशत की सीएजीआर की दर से 1,561 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,699 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी की वृद्धि और लाभप्रदता पर प्रकाश डालते हुए जैन ने जोर देकर कहा कि पीएनसी इंफ्राटेक का एबिट्डा 21.8 प्रतिशत सीएजीआर के साथ 217 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,277 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी का कर के बाद का लाभ 26.8 प्रतिशत की सीएजीआर (वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2024 की अवधि में) के साथ 100 करोड़ रुपये से बढ़कर 850 करोड़ रुपये हो गया है। जैन ने कहा, चालू वित्त वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और 31 दिसंबर 2024 तक निष्पादन के तहत कांट्रैक्ट का शेष मूल्य 18,900 करोड़ रुपये से अधिक है, जो वित्त वर्ष 24 के राजस्व का 2.4 गुना से अधिक है। पीएनसी इंफ्राटेक के पास लॉन्ग टर्म लोन के लिए केयर एए+ और शॉर्ट टर्म लोन के लिए केयर ए1+ क्रेडिट रेटिंग के साथ एक स्थिर क्रेडिट प्रोफाइल भी है।

# डेटॉल ने महान कैप्टन कूल एमएस धोनी का ब्रांड एंबेसडर के रूप में किया स्वागत




**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी कीटाणु सुरक्षा ब्रांड डेटॉल ने क्रिकेट के दिग्गज और भारत के असली कैप्टन कूल – महेंद्र सिंह धोनी – को अपने डेटॉल साबुन, बॉडीवॉश और हैंडवॉश रेंज का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है, जो एक प्रतिष्ठित कूल शख्सियत और एक भरोसेमंद कूल ब्रांड को एक साथ लाती है, और गर्मियों में ठंडक बनाए रखने का समाधान डेटॉल आइसी कूल पेश करती है। तीन गुना तीव्र ठंडक9 और त्वचा संक्रमण के कीटाणुओं से 99.9 प्रतिशत सुरक्षाप्त के साथ, डेटॉल आइसी कूल गर्मियों के लिए एक परफेक्ट ज़रूरत है। यह उपभोक्ताओं की एक असली ज़रूरत को पूरा करता है – गर्मी और पसीने के कारण होने वाले त्वचा संक्रमण के कीटाणुओंप्त से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे देश में जहाँ गर्मियां बेहद तीव्र हो सकती हैं और पसीने से चिपचिपी त्वचा असहजता का कारण बनती है, डेटॉल आइसी कूल देता है तुरंत बर्फ जैसी ठंडक और ताजगी का एहसास – ताकि आपका शरीर ठंडा रहे, मन शांत रहे, और आप दबाव भरे पलों में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें। डेटॉल दशकों से सुरक्षा और देखभाल का प्रतीक रहा है, और देश भर के करोड़ों घरों का भरोसा जीत चुका है। यह प्रभावशाली साझेदारी एम.एस. धोनी की शांत और मजबूत छवि को डेटॉल की भरोसेमंद सुरक्षा के साथ जोड़ती है, यह एक परफेक्ट मेल है जो बेहतरीन सुरक्षा और बेजोड़ ठंडक9 के साथ गर्मियों के अनुभव को बेहतर बनाने का वादा करता है।

### साझेदारी पर बात करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, डेटॉल के साथ जुड़कर और उनके नए कूल कैंपेन

डेटॉल आइसी कूल को पेश करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। दबाव में शांत रहना हमेशा से मेरे जीवन का एक अहम हिस्सा रहा है, चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर। डेटॉल आइसी कूल ठंडा रहने का परफेक्ट समाधान देता है, जब शरीर ठंडा रहेगा, तो मन भी शांत रहेगा।

यही वजह है कि यह कैंपेन मुझे बहुत अच्छा लगा और इसका हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूं। इस कैंपेन के टीवीसी को मैककैन वर्ल्ड ग्रुप ने तैयार किया है। प्रसून जोशी, चेयरमैन, मैककैन वर्ल्डग्रुप, एशिया पैसिफिक और सीईओ एवं सीसीओ, मैककैन वर्ल्डग्रुप इंडिया ने कहा, बॉडी कूल तो माइंड कूल। डेटॉल आइसी कूल और कैप्टन कूल एम.एस. धोनी के साथ यह कैंपेन दर्शाता है कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी कूल रहना प्रदर्शन को बेहतर बनाता है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची



**सिंगापुर (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दमदार रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। भारतीय जोड़ी के लिए यह इस सत्र का तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले वे इस साल मलेशिया और इंडिया ओपन में भी अंतिम-चार चरण में पहुंचे थे।

सात्विक और चिराग की पूर्व नंबर एक जोड़ी का इससे पहले मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 6-2 था। गोह और नूर की जोड़ी ने हालांकि दोनों जोड़ियों के पिछले मुकाबले में सात्विक और चिराग को हराया था। मैच की शुरुआत से दोनों जोड़ियां एक-दूसरे पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रही थी जिससे शुरुआती गेम में स्कोर 7-7 की बराबरी पर था। सात्विक की शानदार सर्विस से ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी ने तीन अंक की बढ़त कायम कर ली।

भारतीय जोड़ी ने दबाव बनाये रखते हुए 15-11 की बढ़त कायम की। मलेशिया की जोड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक के बेहद दमदार स्मैश का उनके पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट हासिल किये और गोह सर्विस के रिटर्न शॉट को नेट पर खेल बैठे। पहला गेम जीतने के बाद चिराग ने दूसरे गेम की शुरुआत में कुछ गलतियां की लेकिन भारतीय जोड़ी ने 6-6 के स्कोर के साथ प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार चार अंक हासिल किये 11-7 की बढ़त कायम की। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद पूरी तरह से दबदबा कायम कर लिया। सात्विक ने दमदार स्मैश से स्कोर को 16-10 कर दिया। अंत में उनके एक और शानदार रिटर्न से भारतीय जोड़ी को पांच मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने विरोधी जोड़ी की एक और गलती से जीत दर्ज की।

## पहलवान बजरंग पूनिया को राहत, दिल्ली की अदालत में चल रहा ये मामला खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खत्म कर दिया है क्योंकि उन्होंने कोच और शिकायतकर्ता नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांग ली है।



न्यायाधीश ने 29 मई को मामला तब बंद कर दिया जब दोनों पक्षों ने अदालत में प्रस्तुत किया कि उन्होंने मामले को आपस में सुलझाने का फैसला किया है। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, 'मामला सुलझाया गया।

दहिया ने दावा किया था कि बजरंग ने अन्य पहलवानों और लोगों के साथ मिलकर 10 मई 2023 को भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## मुझे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभाएंगे : डिविलियर्स

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना ??है कि 'बेहतरीन टीम मैन' विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल में बड़ी भूमिका निभाते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग में अपना पहला खिताब दिलाएंगे। आरसीबी ने क्वालीफायर एक में पंजाब किंग्स के खिलाफ महज 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह पक्की की।



मौजूदा सत्र में टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल कोहली इस एकतरफा मैच में बल्ले से महज 12 रन का योगदान ही दे सके। ऋष्क्र के उनके पूर्व साथी डिविलियर्स को हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले खिताबी मुकाबले में धमाल मचाएगा।

डिविलियर्स ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'इस मैच से पहले जब वह बस से उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीन पर देखा था। उस समय उनकी भाव भांगिमा सकारात्मक दिख रही थी। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गये हैं। वह आज रन नहीं बना पाये लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजों के साथ जश्न मनाते हुए देखा। उन्होंने कहा, 'वह पूरी तरह से टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेल में एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनल में दमदार प्रदर्शन करेगा। आरसीबी 2008 में 8 फ्रेंचाइजी के साथ आईपीएल की शुरुआत से इसमें खेलने वाली टीमों में से एक है। यह टीम अतीत में तीन मौकों पर फाइनल में पहुंचने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत पाई। डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस टीम के पास 2011 खिताब जीतने का एक बहुत अच्छा मौका था।

# मैच खेलने से बेहतर अभ्यास कुछ भी नहीं

## डब्ल्यूटीसी फाइनल से आईपीएल खेलने पर बोले हेजलवुड

**मुलनपुर (चंडीगढ़) (एजेंसी)।** चोट से उबरने बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्वालीफायर मुकाबले में शानदार वापसी करने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि वह लय हासिल करने के लिए मैदान पर खेलने से बेहतर कुछ भी नहीं है और उनका यह अनुभवी अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान काम आएगा।

कंधे की चोट से उबरने के बाद हेजलवुड ने एक महीने के बाद आईपीएल में वापसी की लेकिन उनके प्रदर्शन में पैनापन की कमी नहीं दिखी। उन्होंने 3.1 ओवर में 21 रन पर तीन विकेट चटकाकर ऋष्क्रको पंजाब किंग्स पर 8 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आरसीबी की टीम 2016 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही। हेजलवुड का यह प्रदर्शन 11 जून को लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले उनकी बेहतर तैयारियों का भी एक संकेत था।

आरसीबी के लिए 27 अप्रैल के बाद पहली बार मैदान पर उतरे हेजलवुड ने कहा, 'मुझे गेंदबाजी करनी है, आप जानते हैं कि मैं दुनिया में कहीं भी रहूं, मुझे उस मैच 'डब्ल्यूटीसी) (ख्र्ब्रष्ट फाइनल) के लिए तैयार होने के लिए गेंदबाजी करनी है। मुझे लगता है कि मैदान पर इससे (मैच खेलने) बेहतर कोई जगह नहीं है। जाहिर है आपको



अधिक गेंदबाजी करनी होगी और टेस्ट के लिए समय-समय पर अधिक घंटे तक प्रशिक्षण लेना होगा। मैच के लिए लय हासिल करने के लिए आईपीएल से बेहतर कोई जगह नहीं है।

हेजलवुड को टेस्ट मैचों का गेंदबाज माना जाता था लेकिन उन्होंने खेल के छोटे प्रारूप के लिए अपने कौशल में सुधार किया। उन्होंने बृहस्पतिवार को शानदार लय में चल रहे श्रेयस अय्यर और जोश इंग्लिस जैसे बल्लेबाजों के भी विकेट चटकाए। उन्होंने कहा, 'मैंने आज जैसी गेंदबाजी की है लगभग वैसी ही गेंदबाजी टेस्ट मैचों में भी करता हूं। हेजलवुड ने मौजूदा सत्र में सिर्फ 11 मैचों में 21 विकेट लिये हैं और इस दौरान उनका औसत 15.80 का रहा है।

कंधे की चोट से उबरने के बारे में पूछे जाने पर हेजलवुड ने कहा, 'मैंने पिछले कुछ सप्ताह में वापसी के लिए अपने कंधों पर बहुत मेहनत की है और पिछले 10 दिनों में अच्छी गेंदबाजी की और अब यहां आकर अच्छा लग रहा है। यहां पिच से मदद मिल रही थी। मुझे तेज यॉर्कर या अतिरिक्त प्रयास वाली गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी। यहां वापस आकर अच्छा लग रहा है। इस मैच में लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया जबकि हेजलवुड को भुवनेश्वर कुमार और यश दयाल का अच्छा साथ मिला। हेजलवुड ने कहा, 'ऐसा लगता है कि हमारे पास हर विभाग में अच्छे विकल्प है। मुझे लगता है कि पांच या छह गेंदबाजों में से कोई भी मैच में किसी भी समय गेंदबाजी कर सकता है, चाहे वह शुरुआत हो, बीच में या आखिरी ओवरों हो।

उन्होंने कहा, 'भुवनेश्वर के होने से निश्चित रूप से मदद मिलती है। उसके पास काफी अनुभव है और वह काफी शांत खिलाड़ी है। टीम के बाकी गेंदबाजों पर भी इसका काफी असर पड़ता है। मैं शायद इस मामले में भुवी जैसा ही हूं, सब कुछ काफी शांत है, अपने कौशल पर ध्यान केंद्रित करें और उसे लागू करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा, 'हमारे पास सुयश भी है। टूर्नामेंट में उसके विकेटों का आंकड़ा कम है लेकिन उसने पूरे टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी की है। उसने आज कमाल की गेंदबाजी की और उसे विकेट भी मिले।

## भारत से हार के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ी ने खोया आपा, किया अभद्र व्यवहार

**कजाकिस्तान (एजेंसी)।** अंडर-16 डेविस कप में भारत से हार के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी का गैर खेल-भावना वाला व्यवहार आक्रोश का कारण बन रहा है। मैच के तीन दिन बाद सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो सामने आया है। भारत ने कजाकिस्तान के श्यामकेंट में एशिया-ओशिनिया जूनियर डेविस कप (अंडर-16) टूर्नामेंट में 11वें स्थान के



प्लेऑफ मैच में पाकिस्तान को 2-0 से हरा दिया। प्रकाश सरन और तवीश पाहवा ने अपने एकल मैचों में सीधे सेटों में जीत हासिल की, जिससे भारत फाइनल स्टैंडिंग में अपनी जगह पक्की की। मैच के बाद खिलाड़ी हाथ मिलाने के लिए आगे आते हैं और इस दौरान पाकिस्तान खिलाड़ी हाथ को खींच कर तेजी से भारतीय खिलाड़ी के हाथ पर मारने की कोशिश करता है। एक बार चूकने के बाद वह दूसरी बार प्रयास करता है और इसमें सफल भी होता है। इसके बाद रैफरी द्वारा उसे बुलाया भी जाता है। इस कदम की व्यापक रूप से निंदा की गई और इसे अपमानजनक और खेल की भावना के खिलाफ बताया गया।

भारत की पाकिस्तान पर जीत 9वें-12वें स्थान के प्लेऑफ में न्यूजीलैंड से 1-2 से मामूली हार के बाद हुई, जहां भारतीय जोड़ी ने युगल रबर में तनावपूर्ण सुपर टाई-ब्रेक (9-11) खो दिया।

**नॉर्वे शतरंज 2025**

## गुकेश की वापसी , विश्व नंबर 2 नाकामुरा को दी मात

**स्टावेंगर नॉर्वे (एजेंसी)।** विश्व शतरंज चैम्पियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज 2025 में आखिरकार अपनी जीत का खाता खोल दिया है। तीसरे राउंड में उन्होंने दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी यूएसए के हिकारु नाकामुरा को क्लासिकल मुकाबले में हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। गुकेश ने 30वीं चाल पर नाकामुरा के ड्रॉ के प्रस्ताव को ठुकराया और अगली ही चाल में नाकामुरा की बड़ी गलती का फायदा उठाकर मैच अपने नाम किया। गुकेश और नाकामुरा के बीच यह मुकाबला




रणनीतिक रूप से बेहद सधा हुआ रहा। नाकामुरा ने 30वीं चाल पर ड्रॉ का प्रस्ताव रखा, जिसे गुकेश ने अस्वीकार किया और अगली ही चाल पर नाकामुरा ने अपने वजीर की गलत चाल खेलकर निर्णायक गलती की। इसके बाद गुकेश ने अपने बढ़ते हुए प्यादे का शानदार इस्तेमाल करते हुए जीत दर्ज की।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रन से रौंदा

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के नए कप्तान के रूप में हैरी ब्रूक का कार्यकाल एजबेस्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय मैच में 238 रनों की बड़ी जीत के साथ शुरू हुआ। इंग्लैंड के शुरुआती 7 बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। एकदिवसीय मैचों में पहली बार हुआ था जब शुरुआती सात बल्लेबाजों ने 35 या उससे अधिक रन बनाए। ब्रूक उन चार खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने अर्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 400 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 27वें ओवर में 162 रन पर आउट कर दिया।




मध्यम गति के गेंदबाज साकिब महमूद (32 रन पर तीन विकेट) ने शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया जबकि तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन (22 रन पर तीन विकेट) ने पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता किया। इंग्लैंड के पास रविवार को कार्डिफ में जीत के साथ सितंबर 2023 के बाद से पहली बार एकदिवसीय द्विपक्षीय श्रृंखला को अपने नाम करने का मौका होगा। इस श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच मंगलवार को ओवल में होगा।

वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने तेज गेंदबाजों के लिए माकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया लेकिन उनके गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन से घरेलू टीम ने शुरुआत में ही दबदबा बना लिया। पहली बार एक साथ पारी का आगाज कर रहे बेन डकेट (60) और जैमी स्मिथ (37) सात ओवर में 64 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को तेज शुरुआत दिलाई। जो रूट ने 57 जबकि ब्रुक ने 58 रन का योगदान दिया। टीम की रनगति ने हालांकि उस समय उड़ान भरी जब बारबडोस में जन्में जैकब बेथल ने 53 गेंद में आठ चौके और पांच छक्के की मदद से 82 रन की पारी खेली।



# हैरी ब्रूक ने 4000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए

## इंग्लैंड के लिए 49वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** हैरी ब्रूक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और अपने उभरते करियर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 26 वर्षीय ब्रूक ने बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे के दौरान 4,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए और सभी प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए 49वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।

ब्रूक ने मैच में 45 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली जिससे इंग्लैंड को व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने में मदद मिली। उनके प्रदर्शन ने उनकी नेतृत्व क्षमता और एक भरोसेमंद मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में उनके महत्व को रेखांकित किया।

अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से ब्रूक ने 96 मैच खेले हैं और 43.12 की प्रभावशाली औसत से 4,011 रन बनाए हैं। उनके नाम पहले से ही 9 अंतरराष्ट्रीय शतक और 21 अर्धशतक हैं और उनका 99.47 का कुल स्ट्राइक रेट उनकी आक्रामक प्रवृत्ति और सभी प्रारूपों में गति को नियंत्रित करने की क्षमता को दर्शाता है। ब्रूक का अब तक का सबसे मजबूत प्रभाव टेस्ट क्रिकेट में आया है। केवल 25 टेस्ट में उन्होंने 58.47 के शानदार औसत से 2,339 रन बनाए हैं, जिसमें आठ शतक और 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। 317 का उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर लंबी, मैच-परिभाषित पारी खेलने की उनकी क्षमता को और रेखांकित करता है।

एकदिवसीय प्रारूप में ब्रूक ने 27 मैचों में भाग लिया और 874 रन बनाए। टी20आई में उन्होंने 44 खेलों में 798 रन बनाए हैं, जो सभी प्रारूपों में उनके लचीलेपन और अनुकूलनशीलता को दर्शाता है। इंग्लैंड ने एजबेस्टन में अपने घरेलू समर की शानदार शुरुआत की क्योंकि उन्होंने कैरेबियाई टीम पर 238 रनों की प्रभावशाली जीत हासिल की, जो कि ब्रूक का व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में पहला मैच था। हालांकि 2027 में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे में होने वाले अगले द्रूष्ट्ट पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले इंग्लैंड के लिए कठिन परीक्षाएं होंगी, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रदर्शन हाल के दिनों की तुलना में काफी बेहतर रहा।

इंग्लैंड भारत में हाल ही में हुए 50 ओवर के विश्व कप के ग्रुप चरणों से आगे नहीं बढ़ पाया और इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसे जीत नहीं मिली जबकि टीम ने सितंबर 2023 में आयरलैंड को 1-0 से हराने के बाद से कोई द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला भी नहीं जीती है। लंबे समय से कप्तान रहे जोस बटलर से कप्तानी की बागडोर संभालने के बाद से ब्रूक ने इंग्लैंड की सफेद गेंद वाली टीम में नई जान फूंक दी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार



### सिद्धारमैया सरकार फिर से मुस्लिम कोटा बिल राष्ट्रपति को भेजने पर विचार कर रही है

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार फिर से मुस्लिम कोटा बिल राष्ट्रपति को भेजने पर विचार कर रही है, जबकि राज्य के राज्यपाल थावरचंद गहलोत दो बार इस विधेयक को लौटा चुके हैं। अब राज्य की कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर इस बात पर जोर दिया है कि इस बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा जाए। इस विधेयक में एक करोड़ रुपये तक के सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान है। इसी साल मार्च में राज्य विधानमंडल ने इस बिल का पारित किया था।

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक, 2025 को भारत के राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजे जाने संबंधी अपने फैसले पर पुनर्विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया था। इससे पहले राज्यपाल गहलोत ने 16 अप्रैल को इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए सुरक्षित रख लिया था लेकिन 28 मई को सभी संभावनाओं को खारिज कर दिया।

**गवर्नर के फैसले को अदालत में चुनौती देने पर विचार:** अब राज्य के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने गुरुवार को इस बिल पर अगला कदम उठाने का फैसला लेने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और कानूनी विशेषज्ञों से मिलने की योजना बनाई थी, हालांकि वह बैठक स्थगित कर दी गई। टीओआई की एक रिपोर्ट में वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि सिद्धारमैया सरकार ने अब गवर्नर गहलोत के फैसले को अदालत में चुनौती देने पर विचार किया है और चर्चा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संवैधानिक विशेषज्ञों ने कथित तौर पर अदालती कार्रवाई ना करने की सलाह दी है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कानूनी विशेषज्ञों ने राज्य सरकार से कहा है कि अदालत का दरवाजा खटखटाने की बजाय वैकल्पिक मार्ग तलाशे जाएं। इस बावत आज (शुक्रवार, 30 मई को) को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें इस मुद्दे पर अनौपचारिक रूप से चर्चा होने की संभावना है।

**भाजपा की आपत्तियों के बावजूद विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजा था:** बता दें कि गवर्नर थावरचंद गहलोत ने भाजपा की आपत्तियों के बावजूद पहली बार विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज दिया था। भाजपा ने तब इस पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह बिल संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है क्योंकि इसमें धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की गई है। दूसरी बार, इस बिल को लौटाते हुए गवर्नर गहलोत ने हाल के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया है कि अनुच्छेद 15 और 16 धर्म के आधार पर आरक्षण पर रोक लगाते हैं और कोई भी सकारात्मक कार्यवाही सामाजिक-आर्थिक कारकों पर आधारित होनी चाहिए।

### सरकारी नौकरी के लिए फिजिकल टेस्ट देने वाले 2 लोगों की मौत, अब तक 5 गंवा चुके हैं जान

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में सरकारी नौकरी हासिल करने की कोशिश में जुटे दो लोगों की मौत हो गई है। खास बात है कि दोनों की मौत नौकरी के लिए दिए गए फिटनेस टेस्ट के बाद हुई है। इसके अलावा 6 अभ्यर्थी अस्पताल में भर्ती हो गए हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब ऐसा मामला सामने आया हो। बीते दो महीनों में कई अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट के दौरान जान गंवा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के दौरान गुरुवार को गजपति जिले में 2 होमगार्ड अभ्यर्थियों की मौत हो गई। इनमें 24 वर्षीय सुलंत मिशल और 27 साल के दीपक पडालू का नाम शामिल है। दोनों नारायणपुर गांव के रहने वाले थे। बीते दो महीनों में सरकारी नौकरी के लिए दिए फिजिकल टेस्ट के दौरान 5 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल, दीपक और सुलंत की मौत की जांच जारी है।

पुलिस का कहना है कि मिशल ने 10 मिनट में 2 किमी दौड़ पूरी की थी और उनका चयन अगले राउंड के लिए हुआ था। टेस्ट पूरा करने के बाद उन्होंने बेचैनी होने की बात कही, जिसके चलते उन्हें गजपति जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया।

# जोधा वाली फिल्म झूठी, रानी नहीं दासी से हुई थी अकबर की शादी : राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने दावा किया है कि भारतीय इतिहास में ब्रिटिश इतिहासकारों के शुरुआती प्रभाव के कारण कई गलत और झूठे तथ्य दर्ज हैं। इसमें जोधाबाई और मुगल सम्राट अकबर की शादी की कहानी भी शामिल है। राज्यपाल की इस टिप्पणी ने 1569 में आमेर शासक भारमल की बेटी और अकबर के बीच विवाह के ऐतिहासिक विवरण पर एक नई बहस को फिर से हवा दे दी है।

राज्यपाल बागड़े ने बुधवार शाम उदयपुर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए यह दावा किया कि अकबरनामा में जोधा और अकबर की शादी का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने दावा किया, ऐसा कहा जाता है कि जोधा और अकबर की शादी हुई... उस पर फिल्म भी बनी। इतिहास की किताबें भी यही कहती हैं, लेकिन यह झूठ है। बागड़े ने आगे यह भी दावा किया, भारमल



नाम के जो राजा थे, उन्होंने अपनी एक दासी की बेटी की शादी अकबर से करवाई थी। आमेर मौजूदा जयपुर के पास स्थित है और यह कछवाहा राजपूत शासकों की कई सदियों तक राजधानी रही। हालांकि सवाई जयसिंह द्वितीय ने 1727 में राजधानी जयपुर स्थानांतरित कर दी थी।

बागड़े ने कहा, हमारे शूरवीरों का इतिहास अंग्रेजों ने बदला। उन्होंने इसे ठीक से नहीं लिखा और इतिहास का उनका संस्करण शुरू में स्वीकार कर लिया गया। बाद में, कुछ भारतीयों ने इतिहास लिखा, लेकिन यह भी अंग्रेजों से प्रभावित था। उन्होंने राजपूत शासक महाराणा प्रताप द्वारा अकबर को संधि की चिट्ठी लिखे जाने के ऐतिहासिक दावे का भी विरोध किया और इसे पूरी तरह से भ्रामक बताया।

राज्यपाल ने कहा,महाराणा प्रताप ने कभी अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। इतिहास में अकबर के बारे में ज्यादा और महाराणा प्रताप के बारे में कम पढ़ाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा, हालांकि अब धीरे-धीरे स्थितियां सुधर रही हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को सहेजते हुए हर क्षेत्र में अग्रसर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज राष्ट्र भक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने कहा, दोनों के जन्म के बीच 90 साल का अंतराल है। अगर वे समकालीन होते तो देश का इतिहास कुछ और होता। दोनों को वीरता और देशभक्ति के एक ही नजरिए से देखा जाता है। बागड़े ने यह भी कहा कि उनके सम्मान में महाराष्ट्र के संभाजीनगर में महाराणा प्रताप की घुड़सवार प्रतिमा स्थापित की गई है।

### कुत्ते ने लिफ्ट में पड़ोसी को काटा, कोर्ट ने मालिक को सुनाई 4 महीने की कठोर सजा

**मुंबई, एजेंसी।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कुत्ते के काटने की घटना में अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने एक 40 साल के व्यक्ति को उसके पालतू कुत्ते के द्वारा पड़ोसी को लिफ्ट में काटे जाने के मामले में चार महीने की कठोर कैद और 4,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला शहर के वर्ली स्थित अल्फा अपार्टमेंट्स का है। आरोपी ऋषभ पटेल को जानबूझकर चोट पहुंचाने और पालतू जानवर के साथ लापरवाही बरतने के आरोप में दोषी ठहराया गया है।

मजिस्ट्रेट सुहास भोसले ने कहा, सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखता है कि आरोपी अपने ही पालतू कुत्ते को जबरन लिफ्ट में घसीटता है। इससे साफ है कि उसे न तो अपने पालतू जानवर की चिंता थी, न ही लिफ्ट में मौजूद लोगों की। उन्होंने आगे कहा, ऐसे कृत्य के लिए अदालत बहुत अधिक नरमी नहीं बरत सकती।

**कांग्रेस पर फिर बरसे भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, कहा-**

## मुंबई आतंकी हमलों में मारे गए लोगों की चिता की आग ठंडी भी न हुई थी, यूएस के दबाव में पाक से क्यों की बात?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर कांग्रेस पर करारा हमला बोला है और आरोप लगाया है कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों में मारे गए 180 लोगों की चिता की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि केंद्र की तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने अमेरिकी दबाव में आकर दुश्मन देश पाकिस्तान से बातचीत शुरू कर दी थी। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में लोकसभा में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का दिया बयान भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए दुबे ने आरोप लगाया कि अमेरिका के दबाव में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के तुरंत बाद पाकिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का फैसला किया था। एक्स पर साझा उस पोस्ट में दुबे ने जुलाई 2009 में मिस्र के शर्म अल-शेख में मनमोहन सिंह और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी के बीच हुई बैठक का जिक्र किया है और कहा है कि यह नवंबर 2008 के मुंबई हमलों के बाद दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बातचीत थी।

**निशिकांत दुबे ने क्या लिखा?:** निशिकांत दुबे ने बैठक के समय पर सवाल उठाते हुए लिखा, मुम्बई में पाकिस्तान ने हमला 26 नवंबर 2008 को किया। 180 लोग मरे व 300 घायल हुए,चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई, 1 दिसंबर से बिना पाकिस्तान पर आक्रमण किए बातचीत अमेरिकी दबाव में शुरू किया या नहीं, यह वक्तव्य प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का है लोकसभा में?

**जनवरी 2009 में विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी या नहीं?:** भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के साथ बातचीत न केवल समय से पहले हुई बल्कि बाहरी ताकतों, खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका से प्रभावित भी थी। उन्होंने 2009 के कई उदाहरणों का हवाला दिया जहां भारतीय और पाकिस्तानी नेताओं ने कूटनीतिक बातचीत की। उन्होंने पूछा, जनवरी 2009 में विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी या नहीं? जून 2009 में रूस में पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी से किसी तीसरे देश की मध्यस्थता में मिले थे या नहीं? जुलाई 2009 में अमेरिकी दबाव में शर्मल शेख मिस्र गए थे और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से समझौता किया था या नहीं?

**कांग्रेस पार्टी के कथित नरम रवैये की भी आलोचना:** 2011 में हुई एक और बड़ी आतंकी घटना का जिक्र करते हुए दुबे ने कहा कि इस तरह के हमले पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने को उजागर करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के कथित नरम रवैये की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, 2011 में फिर से मुंबई में विस्फोट हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए और 200 लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर करके हमारा सिर ऊंचा किया, सालों बाद पाकिस्तान दहशत में है। कांग्रेस पूरी तरह से आतंकी पाकिस्तान के साथ मिली हुई है। जनता जाए भाड़ में। इससे पहले, गुरुवार को एक पोस्ट में दुबे ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान 1988 में पाकिस्तान के साथ हुए कथित परमाणु समझौते को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा था। दुबे के अनुसार, इस समझौते पर अमेरिकी दबाव के तहत हस्ताक्षर किए गए थे। उन्होंने कथित रूप से गोपनीय पत्र पोस्ट किया था, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह पत्र पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने राजीव गांधी को भेजा था, जिसमें भारत-पाकिस्तान वार्ता के लिए एजेंडा निर्धारित करने में अमेरिका की भूमिका को रेखांकित किया गया था।

## एक्सप्रेसवे पर कार से डेढ़ करोड़ रुपये समेत 450 ग्राम सोना सीज, व्यापारी को आयकर विभाग का नोटिस



**मथुरा, एजेंसी।** यूपी में यमुना एक्सप्रेस वे पर कार से मिले करीब डेढ़ करोड़ रुपये और साढ़े चार सौ ग्राम सोने के मामले में आयकर विभाग ने व्यापारी दीपक खंडेलवाल को नोटिस थमा दिया है। उससे इसके बारे में दो दिन में जवाब मांगा है। बताते चलें कि गोविंद नगर थाना क्षेत्र की माधव कुंज कॉलोनी, मसानी रोड निवासी दीपक खण्डेलवाल सोने-चांदी की सप्लाई का व्यापार करता है। बुधवार को दीपक आगरा में सामान सप्लाई करने के बाद पेमेंट व बचा हुआ सोना लेकर अपनी कार से दिल्ली की ओर जा रहे थे। सूचना मिलने पर आयकर विभाग सक्रिय हो गया। आनन-फानन में थाना प्रभारी निरीक्षक मांट जसवीर सिंह और आयकर अधिकारी आगरा लोकेश उत्प्रेति अपनी टीम के साथ यमुना एक्सप्रेस वे के मांट टोल प्लाजा पर वाहन चेकिंग में जुट गए। आयकर व पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार देर शाम आगरा की ओर से आ रही स्विफ्ट कार को रोका गया। पूरी रात आयकर विभाग के अधिकारी दीपक खंडेलवाल से पूछताछ करते रहे लेकिन गाड़ी में मिले करीब डेढ़ करोड़ रुपये व 452 ग्राम सोने के बारे में दीपक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस पर टीम ने सोना व नकदी सीज कर दी। आयकर अधिकारी उत्प्रेति ने गुरुवार की सुबह बताया कि बरामद रुपये वसोने को फिलहाल मांट पुलिस के सुपुर्द किया गया है और दीपक खण्डेलवाल को नोटिस देकर बरामद रुपये व सोने के बाबत जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। एसपी देहात ने बताया कि आयकर विभाग से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने एक्सप्रेस वे से काफी नकदी व सोना व्यापारी की कार से बरामद किया। आयकर टीम ने जांच कर साढ़े चार सौ ग्राम सोना, करीब एक करोड़ 49 लाख नकदी सीज कर दी है।

**पूर्व में भी पकड़ा जा चुका है सोना व रुपये:** यमुना एक्सप्रेस वे पर पूर्व में भी सोना व रुपया पकड़ा जा चुका है। यह बात दीगर है कि दोनों मामलों में कोई खास कार्रवाई न कर सोने व रुपयों को रिलीज कर दिया गया। आठ दिसम्बर 2023 को गोरखपुर के अश्वनी कुमार की गाड़ी से दो करोड़ रुपया पुलिस व आबकारी विभाग ने पकड़ा था। कई दिनों की जांच के बाद रुपया रिलीज कर दिया गया। 21 अक्तूबर 24 को एक कार से पुलिस व आबकारी टीम ने करीब दस करोड़ के जेवरात पकड़े थे, जिन्हें कई दिनों की जांच के बाद जीएसटी विभाग ने वापस कर दिया था।

## शांति मिशनों में भारत सबसे आगे, अपराधों की जवाबदेही तय करने में निभा रहा भूमिका, यूएन शांति प्रमुख बोले

**न्यूयार्क, एजेंसी।** भारत शांति सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल अपने जवानों के जरिए शांति मिशनों में योगदान देता है, बल्कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे कई प्रयासों का भी नेतृत्व करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सुरक्षा विभाग के प्रमुख जीन-पियरे लाक्रॉइक्स ने यह बात कही।



संयुक्त राष्ट्र में शांति अभियानों के अवर महासचिव जीन-पियरे लाक्रॉइक्स की यह टिप्पणी गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के मौके पर एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान आई। वह 24-25 फरवरी को भी नई दिल्ली आए थे, जब भारत की ओर से पहले महिला शांति सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में 35 देशों की महिला शांति सैनिकों ने भाग लिया था। इसमें शांति स्थापना में महिलाओं की भूमिका और सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई थी। लाक्रॉइक्स ने कहा कि कि भारत शांति सैनिकों और पुलिस बल के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है और महिला शांति सैनिकों के मामले में भी भारत अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि शांति मिशनों में महिलाओं की संख्या बढ़ाना और उन्हें राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल करना जरूरी है ताकि शांति बनाए रखने के प्रयास सफल हों। यह कोई विचारधारा नहीं, बल्कि हकीकत है कि महिलाओं की भागीदारी से शांति प्रयास और मजबूत होते हैं। संयुक्त राष्ट्र की महिला सैन्य सलाहकार मेजर जनरल शेरिल पियर्स के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में लाक्रॉइक्स ने कहा कि महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, लेकिन अभी और प्रयास करने की जरूरत है, खासकर वरिष्ठ पदों पर।भारत यूएन शांति मिशन के लिए चौथा सबसे बड़ा सैनिक योगदानकर्ता देश है। यह अब तक 5,300 से अधिक सैनिक और पुलिसकर्मी अफ्रीका, लेबनान, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा जैसे इलाकों में तैनात कर चुका है। भारत 2007 में लाइबेरिया में पहली बार पूरी तरह महिलाओं से बनी पुलिस यूनिट भेजने वाला देश था। जनवरी 2023 में भारत ने अबीई मिशन (सूडान और दक्षिण सूडान की सीमा पर स्थित विवादित क्षेत्र) में महिला शांति सैनिकों की सबसे बड़ी टुकड़ी भेजी। दिसंबर 2022 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता के दौरान शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' की शुरुआत की और एक नए डाटाबेस का शुभारंभ किया जो अपराधों को दर्ज करता है और दोषियों को सजा दिलाने में मदद करता है।

## ताइवान के पास चीन की घुसपैठ बढ़ी, 16 सैन्य विमान और 8 नौसैनिक जहाज देखे गए



**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार सुबह जानकारी दी कि चीन ने ताइवान के पास सैन्य घुसपैठ तेज कर दी है। सुबह 6 बजे तक 16 चीनी सैन्य विमानों, 8 नौसैनिक जहाजों और 1 सरकारी जहाज की गतिविधि ताइवान के आसपास देखी गई। इनमें से 7 विमान ताइवान की हवाई पहचान जोन में घुसे और मीडियन लाइन पार कर उत्तरी और पूर्वी क्षेत्र में दाखिल हुए। ताइवान की सेना ने हालात पर नज़र रखी और जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रही। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। इसके पहले गुरुवार को भी चीन की ओर से 8 नौसैनिक जहाज और एक सरकारी जहाज ताइवान के आसपास देखे गए थे। उस समय कोई विमान नहीं था, इसलिए फ्लाइट पाथ की तस्वीर शेयर नहीं की गई।

## पाक को दिए हथियार क्यों हो गए फुस्स पीएल-15ई का जिक्र होते ही घबरा गए चीनी डिफेंस प्रवक्ता; भारत का नाम आते ही साध ली चुप्पी

**बीजिंग, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल के जरिए हमला करने की कोशिश की थी, इस हमले में पाकिस्तान ने चीन से खरीदे गए हथियारों का इस्तेमाल किया था। इनमें से कुछ मिसाइल तो टारगेट पर पहुंचकर फुस्स हो गए थे और फटे ही नहीं।

इन हथियारों में चीन का पीएल-15ई रडार संचालित बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल भी शामिल था, जिसे पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन यह मिसाइल भी फटा नहीं।

फिलहाल यह मिसाइल भारतीय सेना के हवाले है। लेकिन चीन को यह बात हजम नहीं हो रही है कि उसका कथित तौर पर सुपर ब्रांड का मिसाइल नाकाम रहा। इसे लेकर जब चीन की सेना से सवाल पूछे गए, तो उनके पास जवाब देने के लिए कुछ नहीं था।

चीन की सेना को सवाल का जवाब नहीं



सूझा तो वे डिप्लोमेसी का ज्ञान देने लगे। भारत-पाकिस्तान तनाव को 20 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन चीन के पास अभी तक इसका कोई जवाब नहीं है।

**पीएल-15ई को सबसे एडवांस रॉकेट बताता है चीन:** पीएल-15ई को चीन अपना सबसे एडवांस रॉकेट बताता है और जब चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सीनियर कर्नल झांग जियाओगांग से पत्रकारों ने इस रॉकेट से जुड़ा सवाल किया तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा, आपने जिस मिसाइल का उल्लेख किया है, वह एक निर्यात किया जाने वाला हथियार है और इसे कई बार देश-विदेश में रक्षा प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किया जा चुका है। बता दें, भारतीय अधिकारियों ने एक पूरा सबूत पीएल-15ई बरामद किया है, जो 9 मई को पंजाब के होशियारपुर में मिला था। इस मिसाइल से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया था। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग ने पीएल-15ई से जुड़े सवालों को नजरअंदाज करते हुए डिप्लोमेसी पर ज्ञान देने लगे। उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान ऐसे पड़ोसी हैं, जिन्हें अलग नहीं किया जा सकता है। हम आशा करते हैं कि दोनों पक्ष शांत और संयमित बने रहेंगे और स्थिति को और अधिक जटिल बनाने वाली कार्रवाई से बचेंगे। पत्रकारों ने कर्नल झांग से यह भी सवाल किया था कि क्या चीन ने भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव के दौरान पाकिस्तान को हवाई रक्षा औ सैटेलाइट सहायता प्रदान की थी और इस दौरान चीनी हथियारों ने औसत से कम प्रदर्शन किया। इस सवाल को कर्नल झांग ने टाल दिया। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल झांग ने कहा कि चीन एक व्यापक और स्थायी संघर्ष विराम प्राप्त करने और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को बनाए रखने में रचनात्मक भूमिका जारी रखने के लिए तैयार है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129